

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवनसाथी के प्रति प्रेम और समर्पण का पर्व व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 60, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 34.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 11 सूर्यास्त 05 :38

कानपुर, रविवार, 20 अक्टूबर 2024


सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज... 15

## बारूदी सुरंग में विस्फोट, दो जवान शहीद

रायपुर, एजेंसी

- नक्सलियों ने की बीजापुर में कांग्रेस नेता की हत्या



छत्तीसगढ़ के बीजापुर के उसूर ब्लॉक में कांग्रेस नेता त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने शनिवार को हत्या कर दी जबकि बारुदी सुरंग विस्फोट की घटना में सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गए तथा दो अन्य घायल हो गए।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सरपंच त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम उसूर के सहकारी समिति सोसाइटी में चांवल बांटते समय तीन-चार लोग आए और त्रिपति भंडारी को दुकान से बाहर निकालकर हत्या कर दी।

इसी बीच छत्तीसगढ़ के नाराणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट किया जिससे भारत-तिब्बत सीमा बल (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए तथा दो अन्य जवान घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरठभट्टी से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी।

वापसी में शनिवार दोपहर ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में बारूदी सुरंग की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान अमर पनवार (36) महाराष्ट्र और राजेश (36) आंध्रप्रदेश के निवासी शहीद हो गए। दो घायल जवानों की स्थिति सामान्य है। घायलों को एयर लिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। बस्तर के आईजी पी सुंदरराज ने भी इस घटना की पुष्टि की है।

## महाकुंभ 2025 में होंगे सात स्तरीय सुरक्षा इंतजाम

### पिछले महाकुंभ की तुलना में बढ़ाए गए 14 हजार से अधिक पुलिसकर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने सात स्तरीय सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। इस बार मेले में 37611 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसमें मेला क्षेत्र के लिए 22,953 पुलिसकर्मी, कमिश्नरेट के लिए 6887 और जीआरपी के 7771, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 1378 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। पिछले महाकुंभ 2013 में 22998 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इस बार तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या 14713 अधिक है।



#### ऐसी होगी सात चक्रीय सुरक्षा

- पहले चक्र में मूल स्थल (प्वाइंट आफ आरीजन) पर चेकिंग होगी।
- दूसरे चक्र में ट्रेन, बस व निजी वाहनों की जांच की होगी।
- तीसरे चक्र में प्रदेश की सीमाओं पर व्यापक पड़ताल की जाएगी।
- चौथे चक्र में जोन की सीमाओं व टोल प्लाजा पर चेकिंग होगी।
- पांचवें चक्र में प्रयागराज कमिश्नरेट की सीमा पर जांच होगी।
- छठे चक्र में मेला क्षेत्र आउटर में सघन जांच की जाएगी।
- 7वें चक्र में इनर व आइसोलेशन कार्डन पर चेकिंग होगी

#### 10 तरह के सुरक्षा आपरेशन भी चलाए जाएंगे

महाकुंभ-2025 में प्रयागराज पहुंचने वाले हर व्यक्ति की गतिविधियों पर सुरक्षाकर्मियों की नजर होगी। स्थानीय अभिसूचना इकाई के साथ अन्य शाखाओं के बीच लगातार संवाद व संपर्क रहेगा। संपूर्ण मेला अवधि के दौरान 10 प्रकार के सुरक्षा आपरेशन भी चलाए जाएंगे। इंटेलिजेंस आधारित एकीकृत नियंत्रण व कमान केंद्र (आइसीसीसी) के माध्यम से एआई युक्त सीसीटीवी कैमरों द्वारा फोटो, पहचान के चिह्न व टीएसपी (तकनीकी सेवा प्रदाता) के जरिए निगरानी की जाएगी।

#### किस शाखा से कितने पुलिसकर्मी

| | |
|---|---|
| नागरिक पुलिस | 18479 |
| महिला पुलिस | 1378 |
| यातायात पुलिस | 1405 |
| सशस्त्र पुलिस | 1158 |
| घुड़सवार पुलिस | 146 |
| परिवहन शाखा | 230 |
| एलआइयू | 510 |
| जल पुलिस | 340 |
| होमगार्ड जवान | 13,965 |

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई ठगी में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को गिरफ्तार कर लिया। गोपाल जोशी और विजयलक्ष्मी जोशी नामक महिला के खिलाफ बसवेश्वरनगर पुलिस ने गुरुवार रात मामला दर्ज किया था। गोपाल के बेटे अजय जोशी को भी प्राथमिकी में नामजद किया गया है। यह शिकायत नागथान के पूर्व विधायक डी. फूल सिंह चव्हाण की पत्नी सुनीता चव्हाण ने दायर की थी। फूल सिंह चव्हाण, 2023 में विधानसभा चुनाव हार गए थे। सुनीता ने आरोप लगाया है कि गोपाल जोशी ने मई में हुए लोकसभा चुनाव में उनके परिवार के सदस्य को भाजपा का टिकट दिलाने के बहाने उनसे दो करोड़ रुपये की ठगी की।

### प्रश्न पत्र लीक होने का खुलासा, 28 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसओजी) ने राजस्व एवं अधिशासी अधिकारी (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में प्रश्न पत्र लीक का खुलासा करते हुए पांच महिलाओं सहित 28 लोगों को गिरफ्तार किया। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वीके. सिंह ने शनिवार को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 14 मई 2023 को राजस्व अधिकारी (ग्रेड- द्वितीय) और अधिशाषी अधिकारी चतुर्थ श्रेणी (स्वायत्त शासन विभाग)-2022 की परीक्षा दो चरणों में करवाई थी। लिखित परीक्षा के आधार पर विचारित सूची जारी की गई हालांकि आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता जांच के दौरान कुछ गड़बडियां सामने आई, जिस पर संदिग्ध अभ्यर्थियों को पुनः सत्यापन के लिए बुलाया गया।

### कपड़े सुखाने के दौरान करंट से दंपती की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कपड़े सुखाने के दौरान करंट लगने से पति-पत्नी की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनगांव रोड़ आदर्श नगर में हुई। मृतक की पहचान दुर्योधन महंता और उनकी पत्नी भारती महंता के रूप में हुई। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे भारती महंता घर में लगाए गए तार पर कपड़े सुखा रही थीं कि तभी उन्हें करंट लग गया। पत्नी को बचाने दुर्योधन वहां पहुंचे तो करंट की चपेट में आ गए।

# 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी से दहशत

## कई फ्लाइट्स की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग, जांच में कुछ नहीं मिला

- इस हफ्ते भारतीय कंपनियों की 70 उड़ानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी



देश की विभिन्न विमानन कंपनियों की 30 से अधिक उड़ानों में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेशी उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है।

उन्होंने बताया कि एक उड़ान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी हुई थी। इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं। विस्तारा ने शनिवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर संचालित उसकी पांच उड़ानों में सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिनमें यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) और यूके131 (मुंबई से कोलंबो) शामिल हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि सभी प्राधिकारियों को तुरंत सतर्क किया गया। सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

उदयपुर से मुंबई जाने वाली विस्तारा की उड़ान यूके 624 को सुरक्षित रूप से उतरने के बाद उसे अनिवार्य जांच के लिए आइसोलेशन बे में ले जाया गया। एक सूत्र ने बताया कि विमान के शौचालय में एक नोट मिला था, जिसमें लिखा था कि उसमें बम है। वहीं, इंडिगो ने बताया कि उसकी चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए, जिनमें 6ई17 (मुंबई से इस्तांबुल), 6ई11 (दिल्ली से इस्तांबुल), 6ई184 (जोधपुर से दिल्ली) और 6ई108 (हैदराबाद से चंडीगढ़) शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि वह मुंबई और दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली उड़ानों से जुड़े घटनाक्रम से वाकिफ है। दिल्ली-जोधपुर उड़ान के संबंध में कहा कि विमान को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। हैदराबाद-चंडीगढ़ उड़ान के बारे में इंडिगो ने कहा कि विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया।

### लखनऊ से अजमेर जा रही उड़ान से उतारे गए यात्री

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को विमान में बम होने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। स्टार एयरलाइंस का विमान किशनगढ़ (अजमेर) के लिए उड़ान भरने जा रहा था। एटीसी ने विमान को उड़ान भरने से रोक दिया और यात्रियों को उतार कर रन-वे से अलग किया गया। आइसोलेशन-बे में लाए गए विमान से यात्रियों का लगेज बाहर निकाला गया और जांच की गई। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों और बम निरोधक दस्ते की सवा दो घंटे तक चली जांच के दौरान विमान में बम होने की बात अफवाह निकली तब विमान ने किशनगढ़ (अजमेर) के लिए उड़ान भरी।

### धमकियों का सिलसिला रोके सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विमानों को बम से उड़ाने की आए दिन मिल रही धमकियों पर हैरानी जताते हुए कहा है कि जब लोग त्यौहार पर अपने घर जाने की तैयारी कर रहे हैं तो इस तरह की धमकियां मिल रही हैं जिसको लेकर सरकार को सख्ती से काम करना चाहिए। कांग्रेस ने एक्स पर अपने आधिकारिक पेज पर कहा कि आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है जिससे यात्रियों में भय का माहौल है। सरकार को इस दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

## प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी में करेंगे कई प्रोजेक्ट का लोकार्पण



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वाराणसी पहुंचेंगे। वे 6,611.18 करोड़ की वाराणसी समेत देश के कई प्रदेशों में भी 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उधर, अपने सांसद का भव्य स्वागत करने के लिए काशी भी तैयार है। प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी।

कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत कई केंद्रीय और राज्य के कैबिनेट मंत्रियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। सिविल एविएशन, ओलिंपिक संघ आदि के पदाधिकारी भी मौजूद रह सकते हैं । मोदी का ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से स्वागत की तैयारी पूरी हो गई है। मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के बाद एक बड़ी जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। वे यहीं से रीवा, अंबिकापुर, सरसावा, बागडोगरा, दरभंगा, आगरा एयरपोर्ट से जुड़े कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

## पांच वर्षीया बच्ची से तीन नाबालिगों ने किया गैंगरेप

बलिया, एजेंसी

- बलिया की घटना, आरोपियों में छह साल का बच्चा भी शामिल
- पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर तीनों को हिरासत में लिया

बलिया जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में छह साल के एक बच्चे समेत तीन नाबालिग लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शिकायतकर्ता के मकान में रह रहे दो किराएदारों के तीन लड़कों ने बुधवार की शाम बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) किया।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि तीनों आरोपियों की उम्र छह वर्ष, 13 वर्ष और 16 वर्ष है । कोतवाली प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को बताया कि बच्ची की मां की तहरीर पर शुक्रवार रात तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और इनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 5 साल की बच्ची से छेड़छाड़ पर युवक गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में पांच साल की एक बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गुरुवार की दोपहर बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी यह घटना घटी। मोहम्मद आरजू बद्रीआलम शाह नामक 22 वर्षीय आरोपी ने बच्ची के पास जाकर उसे मिठाई दी। इसके बाद उसने बच्ची को गलत तरीके से छुआ। डरकर बच्ची अपनी मां के पास गई और घटना के बारे में बताया। जल्द ही लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-74 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य दर्जा देने के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

श्रीनगर, एजेंसी

- मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है।

शनिवार को एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि गुरुवार को अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि उपराज्यपाल ने मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के समक्ष मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है। प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार है। मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने के लिए नई दिल्ली जाएंगे। मंत्रिमंडल ने चार नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय भी लिया है।

## विजया किशोर रहाटकर होंगी एनसीडब्ल्यू की नई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्र ने विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष रूप में नामित किया है। शनिवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई यह नियुक्ति तीन साल की अवधि या रहाटकर के 65 वर्ष के होने (दोनों में जो भी पहले हो) तक के लिए होगी। रहाटकर का कार्यकाल तत्काल शुरू होगा। यह घोषणा भारत के गजट में प्रकाशित की जाएगी। रहाटकर की नियुक्ति के अलावा सरकार ने एनसीडब्ल्यू के नए सदस्य भी नामित किए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, डॉ. अर्चना मजूमदार को आधिकारिक तौर पर तीन साल के कार्यकाल के लिए एनसीडब्ल्यू का सदस्य नियुक्त किया गया है।



- अर्चना मजूमदार की सदस्य के रूप में नियुक्ति

## तत्कालीन शिवली कोतवाल, मैथा चौकी इंचार्ज हत्या के दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**बलवंत हत्याकांड**

- सजा के बिंदु पर अदालत 24 अक्टूबर को करेगी सुनवाई
- तत्कालीन एसओजी प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मी दोषमुक्त

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में अदालत ने शनिवार को आरोपी तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी प्रभारी ज्ञानप्रकाश पांडेय को गैर इरादतन हत्या में दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 24 अक्टूबर को सुनवाई होगी। तत्कालीन एसओजी प्रभारी समेत छह पुलिस कर्मियों को न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनिया थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में पिटाई कर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय समेत 8 पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसआईटी की विवेचना में हत्या की धारा हटाकर गैर इरादतन हत्या के आरोप में न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। वादी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को अदालत ने तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश सिंह व तत्कालीन मैथा चौकी इंचार्ज को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर अदालत 24 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। दोष सिद्ध होने के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## पूर्व सांसद और अन्य के परिसरों पर ईडी का छापा

हैदराबाद, एजेंसी

- धनशोधन के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हथियाने के एक मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एमवीवी सत्यनारायण तथा कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर शनिवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारी विशाखापत्तनम समेत पांच स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं। इनमें पूर्व सांसद और एक ऑडिटर के परिसर शामिल हैं। सत्यनारायण ने वाईएसआरसीपी के टिकट पर विशाखापत्तनम सीट से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों का निर्माण किया है।

### एमयूडीए कार्यालय में दूसरे दिन भी छानबीन

**मैसूरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम. पार्वती को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) कार्यालय में छापेमारी जारी रखी।

## संघ की राष्ट्रीय बैठक में शामिल होंगे भागवत

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मण्डल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक मथुरा में रविवार से शुरू होगी। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने शनिवार को बताया कि सर संघचालक डाक्टर मोहन भागवत की अध्यक्षता में यहां परखम गांव में प्रस्तावित राष्ट्रीय बैठक रविवार को करीब साढ़े तीन हजार स्वयंसेवकों के साथ योगाभ्यास से शुरू होगी। सर संघचालक शनिवार शाम को यहां पहुंच गए। वे यहां पर 10 दिन तक प्रवास करेंगे। भागवत क्षेत्र व प्रांतवार अलग-अलग समूहों के साथ अनेक बैठकों में शामिल होंगे।

## एक रंग की पोशाक पहने 1100 अर्चक करेंगे महाआरती

**दीपोत्सव** मुख्यमंत्री होंगे साक्षी, कीर्तिमान गढ़ने के लिए दो दिन चलेगा रिहर्सल, बन रही संतों व वरिष्ठों की सूची

- नया घाट से लक्ष्मण घाट के बीच एक साथ महाआरती का होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार :** अयोध्या में इस वर्ष दीपोत्सव बेहद खास होने वाला है। एक नया कीर्तिमान गढ़ने की तैयारी है, जिसमें एक ही रंग की पोशाक में 1100 अर्चक 1250 मीटर क्षेत्र में सरयू नदी तट पर खड़े होकर महाआरती करेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग अयोध्या के प्रमुख संत-महंत और अन्य वरिष्ठ जनों की सूची तैयार कर रहा है। दो दिन रिहर्सल के बाद 30 अक्टूबर को मुख्य आयोजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। साढ़े छह बजे महाआरती के बाद ही दीपोत्सव आरंभ होगा। पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने शनिवार को बताया कि मुख्य आरती स्थल नया घाट से लक्ष्मण घाट की तरफ 10 से 11 स्टेप बनाए जाएंगे, जिसमें 1100 संत-महात्मा और प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा आरती कराई जाएगी, जिसका एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि सूची को जिला प्रशासन के द्वारा यहां के प्रमुख संत महंतों के सहयोग से तैयार किया जा रहा है।

### कर्तव्य पथ के तर्ज पर निकलेगी दीपोत्सव की झांकी

दीपोत्सव के दिन रामपथ पर रामायण के प्रसंग पर निकलने वाली झांकियों में अवध के संस्कृति की झलक दिखाई देगी। सूचना विभाग की झांकियों में दिल्ली के कर्तव्य पथ की झलक दिखेगी। साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं। जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात पर्यटन विभाग की ओर से तैयार कराई जा रही है। पर्यटन विभाग के द्वारा राम चरित मानस के सात कांडों पर आधारित झांकियों से अवध की संस्कृति से लोगों को रू-ब-रू कराया जाएगा। इसके लिए इन झांकियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर तैयार किया जा रहा है।

### श्रीराम से जुड़े इन प्रसंगों पर आधारित होंगी झांकियां

श्रीराम की शिक्षा, सीता-राम विवाह , राम-वन गमन, भरत मिलाप, शबरी प्रसंग , अशोक वाटिका, हनुमान का लंका गमन, शक्तिबाण लगने से लक्ष्मण का मूर्छित होना, रावण वध, राम का पुनः अयोध्या आगमन और दीपोत्सव पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। ट्रकों पर यह झांकियां सजाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# आज होगा चांद का दीदार, सुहागिनें तैयार

## त्योहार से एक दिन पहले शहर के बाजार रहे गुलजार, पूजन सामग्री खरीदने के लिए पहुंचीं महिलाएं




कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं के साल में कई व्रत और पूजा के विधान हैं। इनमें से ही एक है करवा चौथ का व्रत, जिसमें महिलाएं निर्जला व्रत रहकर पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। यह त्योहार आज यानी 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। त्योहार से एक दिन पहले देर रात तक बाजार गुलजार रहे। सुहागिन महिलाओं ने हमसफर की सलामती के लिए चांद के दीदार की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

करवा चौथ के त्योहार को लेकर पिछले तीन-चार दिन से बाजार सजे हैं। शनिवार को पूजन सामग्री की दुकानों पर खासी भीड़ नजर आई। बड़े-छोटे रंग-बिरंगे करवा खूब बिके। तमाम महिलाओं ने चलनी की भी खरीदारी की। वहीं पुरुषों में भी अपनी जीवन संगिनी को त्योहार पर उपहार देने का उत्साह दिखाई दिया। इससे सोने-चांदी की दुकानों के अलावा कपड़ा बाजार में भी रौनक दिखाई दी।

सुहागिनों के प्रिय पर्व को लेकर सरायमीरा, मकरंदनगर के अलावा कन्नौज के मुख्य बाजार में खासी भीड़ रही। मार्ग संकरा होने से कई बार जाम की भी नौबत दिखाई दी। पूजन के लिए महिलाओं ने करवा, पूजन थाल, चिवड़ा, लइया, गट्टा, चलनी के अलावा तमाम सामग्री की खरीदारी की। इसके साथ ही अपने हाथों में मेहंदी भी लगवाई। सरायमीरा में सजी दुकान पर दुकानदार ने बताया कि उनके यहां करवा 40 से लेकर 70 रुपये तक की कीमत में उपलब्ध हैं तो वहीं चलनी की कीमत 70 रुपये है। इसी तरह से कैलेंडर की बिक्री तो हर बार होती है जो 10 से 20 रुपये तक की कीमत में उपलब्ध है। उम्मीद जताई कि त्योहार के दिन रविवार को ग्राहकों की संश्या में बढ़ोत्तरी होगी। पूजन से पहले तक बिक्री होगी।


सरायमीरा में करवा चौथ के लिए सामग्री खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार


दुकान में कैलेंडर देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

### रात 7:54 बजे निकलेगा चांद, अर्घ्य देकर तोड़ा जाएगा व्रत

विद्वानों की मानें तो इस बार करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 05:46 से 07:02 बजे तक रहेगा। व्रत का समय 06:25 बजे सुबह से शाम 07:54 बजे तक है। चांद निकलने का समय शाम 7 बजकर 54 मिनट का है। इसके साथ ही कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि रविवार 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 46 मिनट पर शुरू होगी और 21 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि से पर्व मनाने की मान्यता के चलते त्योहार रविवार को मनाया जाएगा। इसके साथ ही संकष्टी चतुर्थी का भी व्रत रखा जाएगा।

### 21 मिनट तक रहेगी भद्रा

करवा चौथ के दिन प्रात: 6 बजकर 25 मिनट से 6 बजकर 46 मिनट तक भद्रा का संयोग है। 21 मिनट तक भद्रा योग है। पंडितों का कहना है कि इस समय में व्रत से संबंधित कोई कार्य न करें। इसके साथ ही सरगी सूर्योदय से पूर्व कर लें।

### प्रेम का प्रतीक है करवा चौथ का त्योहार: प्रिया

**छिबरामऊ।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य का कहना है कि भारतीय समाज में विवाह सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है। भारत में शादी सिर्फ दो इंसानों के बीच का संबंध नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। भारतीय समाज में यह सबसे बड़ा उत्सव है। जिस शादी से दो परिवारों की डोर बंधी हो उसे निभाने के लिए कई तरह की रीति-रिवाज होते ही हैं और करवाचौथ इन्हीं रिवाजों में से एक है। पति की लंबी आयु के लिए पत्नी द्वारा व्रत रखे जाने के इस त्योहार को ना सिर्फ पुरानी पीढ़ी बल्कि नई पीढ़ी भी बड़े शौक से मनाती है। इस पर्व पर महिलाएं दिन भर निर्जल उपवास रखती हैं और चंद्रोदय में गणेश जी की पूजा-अर्चना के बाद अर्घ्य देकर व्रत तोड़ती हैं। पुरानी विरासत को निभाने का यह पर्व है।




करवा चौथ के एक दिन पहले पार्लर में संवरतीं महिलाएं। अमृत विचार

### ब्यूटी पार्लर में भीड़, हाथों में रचाई मेहंदी

**छिबरामऊ।** रविवार को आ गया वह पर्व जिसका महिलाओं को पूरे वर्ष इंतजार रहता है। सजना है मुझे सजना... के लिए तो फिर क्यों ना गुलजार हों ब्यूटी पार्लर और कॉस्मेटिक की दुकानें। इन जगहों पर देर रात तक भीड़ के साथ चहल-पहल रही। नगर में करवा चौथ के पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखा। शहर में कॉस्मेटिक और चूड़ियों की दुकानों पर पूरे दिन महिलाओं की भीड़ लगी रही। मिट्टी का बना करवा 10 से 40 रुपये तक में बिका। सादा के साथ ही रंगीन करवा की भी भरमार रही। रंग बिरंगे पीतल के करवों ने ध्यान तो खींचा लेकिन महंगा होने के कारण बिक्री कम रही। भीड़ के चलते बाजार में पल-पल पर जाम लगा उधर, ब्यूटी पार्लरों में भी काफी भीड़ रही। कॉस्मेटिक की दुकानों पर मेहंदी कोन सहित गोरा करने की क्रीमों की खरीदारी हुई। नगर पालिका रोड स्थित लकी ब्यूटी पार्लर की संचालिका एवं समाजसेवी संस्था कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी ने बताया इस बार के त्योहारी सीजन में कुछ उम्मीद जगी है।


हाथों में मेहंदी लगवातीं महिलाएं। अमृत विचार

# रावण वध होते ही गूंजे जयकारे

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार।** श्री रामलीला महोत्सव समिति जलालाबाद के तत्वाधान में शुक्रवार की देर रात रावण वध लीला का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर राम रावण का युद्ध देखा। रावण का पुतला दहन होते ही श्री राम के जयकारे रामलीला मैदान पर गूंजने लगे।

राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। इससे पहले उद्योगपति कन्हैया दीक्षित ने हवन पूजन कर मेला का शुभारंभ किया। इसके बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रावण वध को लेकर खासी भीड़ रही। इस दौरान अध्यक्ष रामू पाठक, ब्रहमशंकर पाठक, सचिन पाठक, श्याम किशोर पाठक, अवनीश पाठक, रिंकू पाठक, अनुज शर्मा, ऋषभ पाठक, मिनी पाठक, विनोद वर्मा, सोनू पाठक सहित स्थानीय लोग व सुरक्षा व्यवस्था के मददेनजर कोतवाल आलोक कुमार दुबे, जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार, अनौगी चौकी प्रभारी मोहन लाल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


उद्योगपति कन्हैया दीक्षित को चित्र भेंट करते अध्यक्ष रामू पाठक। अमृत विचार

● जलालाबाद में रावण वध की लीला को देखने के लिए उमड़ी खासी भीड़

# प्रधानों की समस्याएं नहीं हो रहीं हल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व सीडीओ रामकृपाल चौधरी की मौजूदगी में सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 161 शिकायतें आईं जिसमें नौ का निस्तारण हुआ। प्रधानों की भी दिक्कतें हल नहीं हो रहीं हैं। उन्होंने मंत्री व अफसरों से गुहार लगाई है।

सलेमपुर ताराबांगर के प्रधान शिवराज ने बताया कि ग्राम पंचायत की गौशाला में 70 गोवंश हैं। उनके लिए चारागाह जरूरी है। 200-250 बीघा भूमि है जिसे चारागाह के लिए आरक्षित किया जाए। प्रधान ने बताया कि दो बीघा निजी जमीन पर वह बरसीम बोए हैं, जो गोवंशों को खिलाते हैं। मानीमऊ की प्रधान सुशीला ने बताया कि सफाईकर्मी सुरेश कुमार 11 महीने से नहीं आ रहा । चार मजरे लगते हैं। गंदगी की वजह से जहरीले कीड़े हो गए हैं। महमूदपुर पैठ की प्रधान शीलू सिंह ने बताया कि करीब एक साल पहले पेयजल टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था जो अधूरा है। साथ ही गलियों में पाइप लाइन डाली गई है जिससे रोड क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्राम पंचायत के लोग काफी परेशान हैं।

### छिबरामऊ तहसील में 17 मामले निपटे

**छिबरामऊ।** संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम आशीष सिंह व एएसपी अजय कुमार के पास 140 शिकायतें आईं जिसमें 17 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कई मामलों के निस्तारण को पुलिस के साथ लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। राजस्व की सबसे अधिक 90, पुलिस की 24 शिकायतें आईं। विकास विभाग के 14 मामले दर्ज हुए। जिसमें राजस्व की 11, पुलिस की चार, विकास की दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसडीएम उमाकांत तिवारी मौजूद रहे।

### तिर्वा तहसील में 114 शिकायतों में सात निस्तारित

**तिर्वा।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने की। कुल 114 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण करा दिया। डीएम ने कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक दशा में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। इस मौके पर एसपी अमित आनंद, एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दादा-दादी दिवस पर बच्चों के साथ झूमे बुजुर्ग...

**कन्नौज।** शहर के पुलिस लाइन मार्ग किनारे स्थित कानपुर पब्लिक स्कूल में दादा-दादी दिवस मनाया गया। इसमें बुजुर्गों के बीच कई प्रतियोगिताएं भी हुईं। कुर्सी दौड़ में पुरुष वर्ग में शरीफ अहमद व महिला वर्ग में विमला दुबे विजयी रहीं। इसी तरह क्विज में आरसी द्विवेदी व कफील खान जीते। शनिवार को प्री-प्राइमरी और प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने दादा-दादी के साथ इस दिन को मनाया। दादा-दादी के लिए विभिन्न खेल और गतिविधियां जैसे अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर, पुरानी फिल्मों पर प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन हुआ। खेलों और गतिविधियों में बुजुर्गों ने उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने सुंदर नृत्य पेश किए। शिक्षकों ने सम्मान में कविताएं पढ़ीं। केपीएस म्यूजिकल बैंड ने संगीतमय प्रस्तुति दी।


विचार रखतीं महिलाएं। अमृत विचार

### मेधावी छात्रा महक माथुर बनी एक दिन की प्रधानाचार्य

**सौरिख।** कस्बा स्थित आशा देवी इंटर कॉलेज में टर्मिनल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शनिवार को कक्षा 12 की इंग्लिश मीडियम की छात्रा महक माथुर को विद्यालय का एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। कॉलेज प्रबंधक दिनेश गुप्ता समेत स्टाफ ने उन्हें सम्मानित किया। एक दिन की प्रधानाचार्य ने विद्यालय की दैनिक गतिविधियों का अनुभव करते हुए अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं की उनकी समस्याओं को सुनकर निदान किया। विद्यालय प्रबंधक समेत प्रधानाचार्य आदित्य चौहान ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### खड़नी में शुरू हुई रामलीला

**सौरिख।** खड़नी कस्बा में रात्रिकालीन रामलीला का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 48 वें वर्ष में खड़नी कस्बा में रामलीला नाटक कमेटी के सौजन्य से शुक्रवार से रात्रि कालीन रामलीला का शुभारंभ हुआ है। इसका शुभारंभ युवा समाज सेवी एवं शिक्षक नेता हिमांशु प्रताप सिंह ने हवन पूजन, आरती, एवं फीता काट कर किया है। कमेटी अध्यक्ष मोहन मिश्रा एवं प्रधान सत्येंद्र कुमार सिंह उर्फ सुधीर पाल ने शिक्षक नेता का फूलमाला एवं पगड़ी बनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आशु गुप्ता, शशि भूषण, सुग्रीव यादव, विनय, कुलदीप, मुकेश, आदि लोग मौजूद रहे।

### टैबलेट पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

**जलालाबाद।** शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत एमए के दो छात्रों को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में फखरुद्दीन अली राजकीय पीजी कॉलेज महमूदाबाद सीतापुर के वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा कि छात्रों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ निश्चय होना बहुत जरूरी है। प्राचार्य सुशील कुमार शाक्य की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज 05 का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्रों में आयुषी कुशवाहा, अर्पिता, काजल, रिंकी शर्मा, सलोनी, प्रिया, रूपा देवी, आयुष कुमार, मनमोहन, बृजेश कुमार आदि ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राचार्य सुशील कुमार शाक्य, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. हरिराम यादव, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. हरिओम वर्मा, डॉ. डिंपल कुशवाहा, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मां-बेटों को पीटकर धमकी

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासी अमित दुबे ने रिपोर्ट में बताया कि 15 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे गांव के ही सौरव, गौरव तिवारी, अनुराग, प्रशांतु दुकान पर आए और गालीगलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बचाने आए भाई व मां से भी मारपीट की।

### दुकान के सामने बांस गाड़ने पर मारपीट

**गुरसहायगंज।** जलालाबाद की अनुराधा ने तहरीर में बताया कि 15 अक्टूबर की शाम गांव के अमित उर्फ कल्लू, जीतू, रिंकू दुबे रिश्तेदार लंबरदार, उसके पुत्र ने दुकान के सामने बांस गाड़ने को लेकर गालीगलौज की। विरोध करने पर पति सौरभ, देवर गौरव, अनुराग, ऋषभ आदि को डंडों से पीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# चेयरमैन प्रतिनिधि सहित 8 पर रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** विजिलेंस टीम ने कस्बा समधन में छापेमार अभियान चलाया। टीम ने आठ स्थानों पर छापेमारी करते हुए विद्युत चोरी पकड़ी। चेयरमैन प्रतिनिधि समेत आठ पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विजिलेंस टीम के निरीक्षक तरुण प्रताप सिंह ने जेई अजय अवस्थी, मो.परवेज बेग, मुख्य आरक्षी अमर सिंह, देवकांत के साथ समधन में छापेमारी की। नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, उनके भाई आकिल हुसैन, शाहनवाज, इरफान, शमा परवीन, अलाउद्दीन, आयशा बेगम व अहमद को बिजली चोरी में पकड़ा और विद्युत थाने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# अविशांक से छीन अनुपम को चार्ज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास भवन से जुड़े कुछ विभागों के चार्ज में आखिरकार फेरबदल हो गया है। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी से जिला कृषि रक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार हटा दिया गया है तो जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को तीसरे विभाग प्रोबेशन की जिम्मेदारी मिल गई है।

डीडी कृषि प्रमोद सिरोही को जिला कृषि रक्षा अधिकारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने जारी किए पत्र में कहा है कि कृषि निदेशक के 18 अक्टूबर वाले पत्र व डीएम के अनुमोदन के बाद जिला कृषि रक्षा अधिकारी के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार उप कृषि निदेशक को अग्रिम आदेशों तक सौंपा जाता है। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अविशांक सिंह चौहान को निर्देश दिया जाता है कि वह जिला कृषि रक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार शनिवार को ही छोड़कर डीडी कृषि को दें। दूसरी ओर जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या चार महीने की चाइल्ड केयर लीव लेकर चली गईं। उनके विभाग का अतिरिक्त प्रभार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय को दिया गया है। हालांकि उनके पास पहले से ही जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार है। प्रोबेशन का चार्ज मिलने के बाद अब तीन विभागों की जिम्मा है।







अमृत विचार में 19 अक्टूबर को प्रकाशित खबरें।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**गुरसहायगंज।** स्कूटी लेकर बाजार खरीददारी करने जा रहे वृद्ध को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई।

शनिवार की शाम करीब 04 बजे नगर के मोहल्ला सुल्तान आलम नगर निवासी जमालुद्दीन उर्फ बाबा निजामी (70) अपने घर से स्कूटी लेकर बाजार जा रहे थे। जीटी रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट सामने से आ रहे बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल ले जाते उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विज्ञान प्रदर्शनी

युवराज, हैपी, परिणिता, सुनैना व शिखा को मिला जिला स्तरीय पुरस्कार, क्विज प्रतियोगिता में रही छिबरामऊ विकास खंड क्षेत्र की टीम विजेता

# नन्हे वैज्ञानिकों ने बनाए बेहतरीन मॉडल, 5 को मिले टैबलेट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के तिर्वा रोड स्थित बेहरिन के एक गेस्ट हाउस में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रत्येक विकास खंड व नगर क्षेत्र से चयनित पांच-पांच छात्र छात्राओं कुल 45 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य पांच विजेताओं को टैबलेट दिए गए। विज्ञान क्विज में छिबरामऊ टीम विजेता घोषित हुई।

शनिवार को निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के विज्ञान मॉडलों का मूल्यांकन किया। यूपीएस हैवतपुर कटरा के बच्चों ने सबसे अलग रसोई वाली वस्तुओं का स्टॉल लगाया।

कन्या यूपीएस सरायमीरा के बच्चों ने वेस्ट मैटेरियल के उपयोग की जानकारी दी। मिसाइल, घर व अन्य मॉडल भी बनाए गए। दूसरी ओर सभागार में क्विज हुई। इसमें पांच-पांच विद्यार्थियों ने सवालों के झटपट जवाब दिए।

विजेताओं को विज्ञान किट, मोमेंटो, प्रमाण पत्र, बैग, स्टेशनरी किट, पुस्तकें दीं। इस मौके पर बीईओ हसेरन संजय कुमार, तालग्राम से रमेश चंद्र चौधरी, उमर्दा के विश्वनाथ पाठक, कन्नौज के विपिन कुमार, छिबरामऊ के आनंद द्विवेदी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण गौरव दीक्षित, एसआरजी अमित मिश्र, संजीव कटियार, विकास कुमारी दीक्षित, जनपद नोडल आशुतोष दुबे, ब्लॉक नोडल शशिकांत शुक्ला, आशीष मिश्र, भोले शंकर चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

**निर्णायक मंडल में ये रहे शामिल:** निर्णायक मंडल में राजेश वर्मा, प्रवक्ता डायट छिबरामऊ, सर्वेश कुमार सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल बैसावारी, अनुज कुमार प्रवक्ता डायट छिबरामऊ, संदीप शर्मा प्रवक्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा शामिल रहे। दूसरी ओर सेल्फी प्वाइंट प्रतियोगिता में वोटिंग के माध्यम से उच्च प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर कटरा ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।


नन्हें वैज्ञानिकों के स्टॉल देखतीं सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी व पूजा सक्सेना।


पुरस्कार पाने के बाद मंच पर खड़े विजेता विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व बीएसए संदीप कुमार। अमृत विचार

### इनको मिले टैबलेट, दो जाएंगे राज्य स्तर पर

विकास खंड उमर्दा के उच्च प्राथमिक स्कूल हरिजनपुर्वा के कक्षा आठ के युवराज को पहला तो दूसरे स्थान पर कंपोजिट विद्यालय सिकंदरपुर ब्लॉक छिबरामऊ के कक्षा आठ के हैपी सिंह रहे। तृतीय स्थान पर उ.प्रा.वि. सराय बारामऊ ब्लॉक गुगरापुर की कक्षा आठ की छात्रा परिणिता, चौथे नंबर पर उच्च प्राथमिक स्कूल भदौसी ब्लॉक उमर्दा की कक्षा सात की सुनैना और पांचवें स्थान पर कंपोजिट विद्यालय कुसुमखोर विकास खंड गुगरापुर से कक्षा आठ की छात्रा शिखा रहीं। पांचों विजेताओं को डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह एवं बीएसए संदीप कुमार ने टैबलेट देकर सम्मानित किया। बताया गया है कि युवराज व हैपी सिंह को राज्य स्तर के लिए चुना गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी एलआईसी पॉलिसी सं0-226808692 में मेरा नाम शिवा अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शिवम कुमार अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवम कुमार पुत्र संजय निवासी- बरौली, खलीलाबाद रायबरेली रोड, बी.आर.ए. यूनिवर्सिटी, लखनऊ।**

**सूचना**
मैं ज़ियाउल मुस्तफ़ा मेरे (हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट) के अंकपत्रों में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश हाफिज शाकिर अली हो गया है जबकि वास्तविक नाम शाकिर अली है। **ज़ियाउल मुस्तफ़ा पुत्र शाकिर अली, मोहल्ला पटेल नगर पूर्वी मकान नं0-1146 गोण्डा।**

**सूचना**
मेरे पुत्र अजीम अहमद व असीर अहमद का चाल चलन सही नहीं है। दोनों लोग मेरे साथ परिवार के सदस्यों को मार पीटकर प्रताड़ित करते है। जिससे तंग आकर मै दोनों पुत्रों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। यह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **सकील अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार ग्राम कर्नलगंज ग्रामीण बाबू पुरवा थाना को. कर्नलगंज गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम देवी से एक पुत्री चारू विश्वकर्मा का जन्म दिनांक 11.09.2010 को घर पर कस्बा बहुआ मो0 गांधी नगर जनपद फतेहपुर में हुआ है। किंतु जानकारी के अभाव में अभी तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है। अत: मेरी पुत्री चारू विश्वकर्मा की वास्तविक जन्मतिथि 11.09.2010 ई0 है जो वास्तव में सही है। **देवेन्द्र कुमार पुत्र बड़ेलाल शर्मा निवासी मो0 गांधीनगर, कस्बा बहुआ, तहसील व जिला फतेहपुर।**

**सूचना**
यह कि मैने 2012 में हाईस्कूल की परीक्षा क्रांतिकारी एस.एस.आई.सी त्रिलोकपुर से उतीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक 1777240 था। इसकी मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है जो मिल नहीं रही। **मो. बबलू पुत्र मो. फरीद निवासी अगौस, थाना इंदरगढ़, कन्नौज**

**आज का मौसम**

रविवार को धूप खिली रहने की संभावना है।

| 33.0° | 22.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 09 | सूर्यास्त 05 : 44 |

## एक नजर

### झोपड़ी में लगी आग सामान जलकर राख

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के खामा गांव निवासी पंकज कुमार ने अपने घर के पास फूस बंगला बना रखा था, जहां पर वह सोता था। उसके कपड़े, बिस्तर व कुर्सियां समेत अन्य सामान रखा था। 18 अक्टूबर की रात वह अपने घर पर लेटा था। उसी दौरान किसी व्यक्ति ने बंगले में आग लगा दी। शोरगुल सुनकर ग्रामीण दौड़े। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक सारा सामान जल गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

### कस्सावान के घरों में पहुंच रहा टंकी का गंदा पानी

**छिबरामऊ।** कस्सावान में टंकी की सप्लाई से गंदा पानी आने से लोगों को जूझना पड़ रहा है। खाने-पीने के लिए काफी दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। नगर के वार्ड नंबर 4 कस्सावान निवासी कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बाहर कुरैशी ने बताया कि शनिवार को टंकी की सप्लाई से मोहल्ले तक पहुंचने वाला पानी गंदा और बदबूदार आने के कारण पानी की एक-एक बूंद के लिए लोग तरस गए। खाने पीने के काफी दूर से लोगों को पानी भरकर लाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि शिकायत करने के लिए नगर पालिका इओ को फोन किया गया। फोन की घंटी बजती रही, लेकिन किसी ने उठाया नहीं। शाम तक गंदे पानी की समस्या का समाधान न होने के कारण लोग काफी परेशान रहे।

### सऊदी अरब के सेमिनार में जाएंगे वेंकटेश शुक्ला

**सौरिख।** लंदन कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन की तरफ से रियाज सऊदी अरब में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में बाजार के रुझान और वैश्विक विकास पर 10 नवंबर को सेमिनार का आयोजन होने जा रहा है। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेंकटेश नारायण शुक्ला को आमंत्रित किया गया है। जानकारी होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, विजय मिश्रा, ऊषा दुबे, सौरभ त्रिपाठी, मधुर कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 66 स्कूलों से हटेगी बिजली लाइन

## शासन से पत्र आने के बाद कवायद शुरू, एक्सईएन ने सूची मिलने के बाद दी मंजूरी

योगेंद्र मिश्रा, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 66 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के ऊपर से निकली बिजली लाइनों को शिफ्ट किया जाएगा। शासन के निर्देश पर बीएसए ने इन विद्यालयों की सूची बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता को भेजी है, जिसे अधिशाषी अभियंता ने स्वीकृति दे दी है।


परिषदीय स्कूल के गेट से निकली बिजली लाइन।

जिले में स्कूलों के ऊपर से निकली बिजली लाइनों से लगातार खतरा बना हुआ था। विभाग की ओर से बीएसए समेत अन्य अधिकारियों को इन बिजली लाइनों को हटवाने के लिये शिकायती पत्र दिये गये थे। इसके बाद भी नतीजा कुछ भी नहीं निकला। अब शासन से पत्र आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग आगे आया है। बीएसए संदीप कुमार ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र और विद्यालयों की सूची भेज कर स्कूलों के ऊपर से निकली बिजली लाइनों को दूसरे स्थानों पर शिफ्ट करने की मांग की है। शुक्रवार को अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने पत्र मिलने के बाद स्वीकृति प्रदान कर दी है। खास बात यह है कि अधिकतर स्कूलों में हाईटेंशन लाइन निकली है। इसमें कहीं पर स्कूल बनने के बाद ठेकेदार ने लाइन का निर्माण कर दिया तो किसी स्कूल में बिजली की लाइन संबंधित भूमि पर पहले से निकली थी। इसके बाद भी स्कूल के भवन का निर्माण करने वाले शिक्षक ठेकेदार ने बिजली लाइन को शिफ्ट कराए बगैर ही लाइन के नीचे स्कूल का निर्माण कर दिया। अब दुर्घटना होने की आशंका हुई तो बेसिक शिक्षा विभाग को इन लाइनों को हटवाने का ख्याल आया है। प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### इन स्कूलों की शिफ्ट होगी लाइन

- उमर्दा ब्लाक में भखरौली, महसौनापुर, कनौली, धरमंगदपुर, अलियापुर, उर्मदा, नौरंगपुर नगरिया, अहेर, पारसपुर, मकरंदापुर, वस्ता, बलनापुर, पतरियनपुर्वा, सुखी, अशोक नगर।
- छिबरामऊ ब्लाक में भोजपुर निगोह, खल्ला रुकमंगदपुर, हरिहरपुर, करमुल्लापुर, सिकंदरपुर, बरुआ सबलपुर, चंदरपुर, जसुआमई, मेंदेपुर, चिलमिलैया, मेरापुर गढिया।
- कन्नौज ब्लाक में गुखरू, अब्दुलपुर सकरी, मलिकापुर, सठियापुर, वाहपुर, जलालपुर सरवन, जलालपुर पनवारा।
- सौरिख ब्लाक में बझेड़ी, देवीपुर, नगरियासुख।
- तालग्राम ब्लाक में नवादा, मझपुर्वा, वसावनपुर्वा, किस्तियापुर, चंदपुरा, कबिरापुर, गंगागंज गुरौली, इस्माइलपुर, रनवॉ, सकरहनी, पुखरायां।
- हसेरन ब्लाक में हमीरपुर, चिकनपुर, रेरी, नगरिया लालशाह, हुसेननगर, मोहद्दीनगर, कॉकरकुई, चौहनापुर, पुर्वादानी, निजामपुर, खेमपुर्वा, नादेमऊ, किशनपुर बसंत प्रथम, जाहिरापुर।
- गुगरापुर ब्लाक में चॉदापुर, गुगुरापुर, कछियापुर व बारामऊ बॉगर में स्कूलों के ऊपर से बिजली की लाइनें हटाई जायेंगी।

## इसी माह अभिलेख का काम पूरा करें

**कन्नौज।** जिलाधिकारी ने जले हुए ग्रामों के भू-अभिलेख बनाने और रिकार्ड आपरेशन ग्राम (सर्वे) के संबंध में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक की। सरदामई के भू-अभिलेख बनाने की प्रक्रिया में और देरी न करने के निर्देश दिए।

हरिवल्लभपुर में सत्यापन कार्य हो चुका है। चक नापने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जाए। ग्राम कटिघरा में आकार पत्र-2क के 717 गाटों के सापेक्ष 540 गाटे लिखे जा चुके है, शेष गाटों का कार्य इसी माह में पूर्ण कर लिया जाए। इसी प्रकार अकबरपुर, बरुआसबलपुर, हाथिन में जो कार्य किए जा रहे हैं तेजी लायी जाए। उन्होंने कहा कि गाटा बनाते समय रास्ता अवश्य निकाला जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि रिकार्ड सर्वे के तहत कटरी अमीनाबाद में प्रपत्र 8 तैयार हो चुका है। 10 की पर्चियां शीघ्र वितरित कर दी जाएं। चौधरिया बांगर में पैमाइश का कार्य शीघ्र पूरा हो और गदनपुर बड्डू में प्रपत्र 8 चार दिवस के अंदर बन जाएं। चांदपुर कछोहा में मिलान जल्द किया जाए।

# शराब तस्करी में दो भाइयों को बिहार पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, सौरिख

- दो महीने पहले एक्सीडेंट होने पर शराब और गाड़ी छोड़कर भागे थे दोनों अभियुक्त
- पुलिस के पकड़ने पर परिजनों ने सौरिख थाने में दी अपहरण करने की सूचना

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सीएसबी रोड पर स्थित ईशन नदी के पास शराब तस्कर को बिहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दबोच लिया और अपने साथ ले गई। परिजनों ने सौरिख पुलिस को फर्जी अपहरण करने की सूचना दे दी।

मैनपुरी जनपद के भोगांव निवासी अरुण कुमार पुत्र गंगा चरन राजपूत साथियों के साथ दो सितंबर को स्कॉर्पियो गाड़ी में अवैध शराब लेकर बिहार तस्करी करने गया था। बिहार के पटना जनपद के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में एक्सीडेंट हो गया। इससे स्कार्पियो सवार सभी लोग गाड़ी और शराब को छोड़कर फरार हो गए थे। सूचना पर उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और शराब व गाड़ी को कब्जे में लिया था। पुलिस ने अज्ञात में शराब तस्करी की रिपोर्ट दर्ज की थी। अभियुक्त लगातार फरार चल रहे थे। बिहार पुलिस ने शुक्रवार को सौरिख थाना क्षेत्र के ईशन नदी के पास अरुण और उसके भाई नितिन को उस समय दबोच लिया, जब दोनों कार से छिबरामऊ क्षेत्र के पालपुर गांव अपनी ननिहाल जा रहे थे। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को दोनों के अपहरण की सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि शराब तस्करी के मामले में दोनों फरार चल रहे थे। बिहार पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। अपहरण की सूचना गलत थी।

# रोडवेज बस स्टैंड में 4 डग्गामार वाहन सीज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यातायात पुलिस ने टीम के साथ रोडवेज बस स्टैंड के निकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बस स्टैंड के निकट यात्री बैठा रहे चार डग्गामार वाहनों को सीज कर दिया।

क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अपनी टीम के साथ शनिवार को सुबह 6 बजे सरायमीरा बस स्टैंड गेट के पास अवैध रूप से ओमनी कैब में सवारियां बैठाते चार डग्गामार वाहन पकड़कर सीज कर दिए। इनको कोतवाली सदर में खड़ा कराया गया है। इसी तरह एक मैजिक का वैध परमिट होने से चालान करके छोड़ दिया गया।

यातायात प्रभारी ने बताया कि काफी दिनों से एआरएम स्वदेश निगम की ओर से बताया जा रहा था


सीज किये गये वाहनों को कोतवाली में खड़ा कराते यातायात प्रभारी।

कि डग्गामार वाहन जिसमें ओमनी कैब आदि शामिल हैं रोडवेज बस स्टैंड के आसपास से अवैध रूप से सवारियां बैठाते हैं। इसी को देखते हुए शनिवार को कार्रवाई की गई है। इसमें चार ओमनी कैब कोतवाली कन्नौज में सीज़ की गई हैं। यहां एसआई रामप्रताप सिंह, नवीन कुमार, प्रमोद कुमार, नवदीप सिंह, मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे।

# हाईवे पर कार की टक्कर से मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मानीमऊ में शुक्रवार की शाम हाईवे पार कर रहे मजदूर को कार ने टक्कर मार दी। पुलिस उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गरीबी के कारण गांव के लोगों ने चंदा कर कफन के पैसे जुटाए।

सदर कोतवाली के गांव मकदूमापुर निवासी मंजीत (35) पुत्र जयपाल मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन करता था। शुक्रवार की सुबह वह मजदूरी करने घर से निकला था। शाम को मजदूरी कर कुछ सामान खरीदने के बाद शाम करीव 8:20 बजे वह उदैतापुर क्रासिंग के सामने हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे की जानकारी पर पहुंची मानीमऊ पुलिस ने उसे जिला


शव के पास रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार


पॉलीथीन डालकर गुजारा करता मजदूर का परिवार। अमृत विचार

- शुक्रवार की शाम मजदूरी कर घर जा रहा था युवक
- मानीमऊ में उदैतापुर क्रासिंग के निकट हुआ हादसा

अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

### गांव वालों ने चंदा कर जुटाए कफन के लिए रुपये

शनिवार को मजदूर के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद जब कफन की जरूरत हुई तो परिजनों के पास रुपये नहीं थे। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद गांव के लोगों ने चंदा करने के बाद कफन मंगाया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहां उनका रो रो कर बुरा हाल रहा।

### पॉलीथिन में गुजारा करता परिवार

कच्चे घर में पालीथिन डाल कर रह रहे मंजीत कुमार को कई बार फरियाद करने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला। मंजीत इतना गरीब था कि वह अपना घर नहीं बना सकता था। उसने मिट्टी की दीवार खड़ी कर ली थी और लकड़ी के सहारे पालीथिन डालकर परिवार के साथ रह रहा था। पिता जयपाल ने बताया कि उसने और पुत्र ने कई बार आवास की मांग की, लेकिन न तो जांच हुई न ही आवास स्वीकृति हुआ। ग्राम प्रधान का कहना है कि नए सर्वे में उसका नाम आवास सूची में शामिल किया जाना था।

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास, अदालत से गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शुक्रवार को अदालत ने दोषी करार दिया था, 70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया
- वर्ष 2019 में मैनपुरी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में हुई थी शादी

**अमृत विचार।** छिबरामऊ थाना क्षेत्र में साल 2019 में दहेज के लिए हुई विवाहिता की गला दबाकर हत्या के मामले में जिला जज ने पति पर दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित किया गया था।

जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने बताया कि 9 जून 2019 को पूजा (20) की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पूजा के पिता रघुवीर निवासी हुसैन जिला मैनपुरी ने 10 जून 2019 को पति अंकित उर्फ मंगली पुत्र नन्हेंलाल, देवर अनमोल उर्फ टर्री, बाबा भानुप्रताप सिंह पुत्र सुखलाल व अज्ञात मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



इसमें कहा गया था कि उसने बेटी की शादी 1 मई 2019 को मैनपुरी के एक गेस्ट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में की थी। शादी के बाद से ही आरोपी दहेज में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे थे। 9 जून को फोन पर सूचना मिली कि पूजा की मौत हो गई है और ससुरालीजन गायब हैं। 10 जून को मामले में दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई।

इसके साथ ही उसके शरीर पर मृत्यु से पहले 8 चोटें पाई गईं थीं, जबकि लीवर और स्प्लीन फटे मिले थे। इस प्रकरण की विवेचना तत्कालीन एसओ शेषमणि उपाध्याय ने की और पति के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

शनिवार को जिला जज चंद्रोदय कुमार ने दोष सिद्ध पति अंकित उर्फ मंगली को आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर दोषी को 10 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।


जेसीबी से तालाब की सफाई शुरू कराई गई। अमृत विचार

# 50 लाख रुपये से हदीरा तालाब की बदलेगी सूरत

संवाददाता, सौरिख

**अमृत विचार।** कस्बा के नेहरू नगर में स्थित हदीरा तालाब का नगर पंचायत द्वारा सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 50 लाख रुपये का बजट पास किया गया है।

कस्बा के लोहिया नगर में स्थित हदीरा तालाब पिछले कई वर्षों से गंदगी से जूझ रहा है। कई वर्षों से ठहरे हुए पानी एवं झाड़ियों में मच्छरों के पैदा होने से भयानक बीमारियां फैल रही थी। साथ ही आने जाने वाले लोगों को बदबू के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने तालाब के सुंदरीकरण के लिए कार्य शुरू कर दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया की 50 लाख रुपयों से तालाब की साफ-सफाई एवं सुंदरीकरण कराया जाएगा। तालाब का सुंदरीकरण होने के बाद लोग यहां सैर-सपाटा भी कर सकेंगे और दो पल बैठकर गुजार सकेंगे।

# संगठन की मजबूती से ही सफलता

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन अवधेश की महापंचायत ग्राम जगतपुर में अखिलेश दुबे जिला उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में हुई। इसमें संगठन के पदाधिकारियों ने कहा, संगठन की मजबूती से हर कार्य में सफलता मिलेगी।

संचालन कर रहे प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया कि संगठन के जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ अरविंद कुमार दुबे के यहां हुई चोरी के मामले में चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई नहीं की गई। इससे वे अब पीड़ित व सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि स्थानीय पुलिस नेकार्रवाई नहीं की गई तो इस संबंध में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शीघ्र ही ज्ञापन देकर समस्या से अवगत करया जाएगा।

आशीष सक्सेना को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, प्रियांशी मिश्रा तहसील


राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी को माला पहनाते संगठन के लोग। अमृत विचार

- भाकियू (अवधेश) की पंचायत नए पदाधिकारियों को जोड़ा

उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, भोगांव से आदित्य कुमार तहसील उपाध्यक्ष व राहुल कुमार तहसील सचिव, छिबरामऊ से अभिषेक दुबे तहसील सचिव, जितेंद्र कुमार तहसील सचिव, डॉक्टर सचिन तहसील सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ, सुमित ठाकुर जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ, अंकित दुबे जिला सचिव सैनिक प्रकोष्ठ तथा संजीव तिवारी उर्फ टिल्लू तिवारी को प्रदेश सहायक सचिव नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत सभीने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा प्रदेश उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह यादव को संगठन में रुचि न रखने से संगठन से निष्कासित किया गया। संगठन में आस्था रखने वाले विश्वनाथ, अतर सिंह, राहुल राठौर, शिवम, जगदीश वर्मा, मानसिंह वर्मा, योगेंद्र सिंह, प्रदीप पाठक, प्रकाश आदि ने भी संगठन की सदस्यता स्वीकार की।


मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

# मोमबत्ती जलाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यालय में मोमबत्ती जलाकर वरिष्ठ नेता अविनाश दुबे, पत्रकार मनोज शुक्ला एवं कार चालक कौशल तिवारी को श्रद्धांजलि दी गई।

बुधवार को प्रयागराज जाते समय फतेहपुर में हादसे का शिकार हुए कन्नौज के गोमती देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी अविनाश दुबे, ग्वाल मैदान निवासी वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार शुक्ला और कार चालक कौशल कुमार तिवारी को श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे ने कहा हादसे में तीनों की मौत से हम सभी स्तब्ध हैं। यहां कांग्रेस सेवा दल के महासचिव देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, रामेंद्र चौहान, राजीव अग्निहोत्री, ज्ञान प्रकाश भारद्वाज, जितेंद्र यादव, अजय दुबे, बालिस्टर सिंह, भैयालाल, राजेश, दिनेश पांडे रहे।

**उठाई आवाज** | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के सचिव के समक्ष इत्र उद्यमियों ने रखीं समस्याएं

# संदल के विकल्प, पैकेजिंग की मांगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो दिवसीय दौरे पर आए सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार एससीएल दास ने इत्र उद्यमियों से मिलकर इत्र उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान उद्यमियों ने संदल का विकल्प खोजे जाने और पैकेजिंग की महत्ता को देखते हुए जिले में इससे संबंधित संस्थान की आवश्यकता पर जोर दिया।

एफएफडीसी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सचिव को कन्नौज के औद्योगिक परिदृश्य की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा बेस आयल के रूप में सन्दल का विकल्प खोजे जाने की बात रखी। साथ ही फूलों एवं



एफएफडीसी सभागार में बैठक लेते सचिव एस.सी.एल.दास। अमृत विचार

विभिन्न प्रकार के मसालों की खेती को स्थानीय स्तर पर ही कराने की बात कही। अतर एसोसियेशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने गंगा के किनारे फूलों की खेती पर बल दिया।

उद्यमी प्रदीप कपूर ने चन्दन के तेल या उससे जुड़े उत्पाद के निर्यात में कस्टम संबंधी समस्याओं की जानकारीदी। मांग की गई कि इत्र एवं परफ्यूम के लिए अलग-अलग मानक निर्धारित किये जाए। औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष आदित्य कुमार मिश्रा ने इत्र उद्योग में रिसर्च एवं डेवलपमेन्ट को बढ़ाने के लिए विशेष पैकेज एवं सूक्ष्म इकाईयों के लिए टेस्टिंग में सब्सिडी की सुविधा का अनुरोध किया। साथ ही जनपद में तकनीकी को अपग्रेड करते हुए अन्य सब्जियों के भंडारण को उन्नत कोल्ड स्टोरेज बनाये जाने की आवश्यकता पर विचार करने की बात रखी गई।

सचिव ने प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ला को निर्देश दिये कि उत्पाद के मानकीकरण पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहा कि ग्लोबल मार्केटिंग इंटेलिजेन्श की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। उद्यमियों को आश्वस्त किया की सभी बिन्दुओं पर वाणिज्य मंत्रालय, जीएसटी काउन्सिल से समन्वय स्थापित किया जायेगा तथा विभाग द्वारा जनपद में एक सामान्य सुविधा केन्द्र के स्थापना के विषय में भी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सुब्रत पाठक, विवेक नारायन मिश्रा, प्रवीन टण्डन, गौतम शुक्ला एवं विपुल कुमार आदि प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे।

# बिजली बिल जमा कराने गए संविदा कर्मी को पीटा

संवाददाता, तिर्वा

- मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार।** बिजली बिल जमा कराने के लिए पहुंचे संविदा कर्मी के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना इंदरगढ़ के लाल शाहपुरवा में बिजली बिल जमा कराने के लिए संविदा कर्मी गांव में बिल जमा करने को लेकर ग्रामीणों से कहने गया था। तभी दबंग से उसने बिल जमा करने को कहा जिस पर वह उग्र हो गया और गालीगलौज करने लगा। इस पर पीड़ित ने गाली देने से मना किया जिससे नाराज होकर मारपीट करने लगा। जमीन पर गिराकर डंडे से पीटना शुरू कर दिया जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।


संविदाकर्मी को पीटते लोग।

## एक नजर

### भैंस चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुण्डपुरा निवासी सोनू उर्फ पत्तल पुत्र मंशाराम व गांधी नगर निवासी सनोज पुत्र अमितराम को पूर्व में दर्ज भैंस चोरी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### महिला ने पीया कीटनाशक हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पपड़ी निवासी नन्ही (20) पत्नी मुकेश ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई आनन फानन में उसे सीएचसी लाये जहां डॉक्टर ने उसका इलाज जारी किया।

### सियार के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल क्षेत्र के गांव शादनगर निवासी ओमप्रकाश अपने खेत पर गए हुए थे तभी सियार ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया उसके चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग उसकी तरफ बचाने के लिए दौड़े और किसी तरह उसे बचाया सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव मुबारिक नगर निवासी मानपाल की साढ़े चार वर्षीय पुत्री अनाइका नगर के मोहल्ला बजरिया वृंदावन निवासी राजेश का 8 वर्षीय पुत्र अक्षत व नगर के मोहल्ला छप्पट्टी निवासी अंचल (18) घायल हो गये घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने तीनों का इलाज जारी है।

### सुबह दौड़ लगाने गया छात्र वापस घर नहीं आया

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी बाबू खां का पुत्र सुबह 4 बजे प्रति दिन दौड़ लगने जाता है। शनिवार सुबह भी प्रति दिन की तरह गया। जब वापस घर नही आया तो परिजनों ने उस की खोजबीन की, लेकिन कहीं पता न चला। इस बाबत बाबू खां ने थाने पर सूचना दी। बताया कि मेरा पुत्र आजम खां हाई स्कूल का छात्र है जो की कस्बा स्थित वीआरएम इंटर कॉलेज में पढ़ रहा है। सुबह से वह लापता है।

# ..तो सफाई कर्मचारी करेंगे हड़ताल

## सभासद ने सफाई कर्मी को पीटा, कार्रवाई ने होने पर कर्मचारियों ने दी चेतावनी

संवाददाता, नवाबगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सफाई करने गए सफाई कर्मचारी को सभासद ने जमकर पीटा। सफाई कर्मचारी को पीटने पर इकटठे होकर सफाई कर्मचारी विरोध जताते हुए रोष प्रकट किया।

नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड संख्या दो द्रौपदी नगर सफाई कर्मचारी ओमजीत व ज्ञान बाबू बार्ड सफाई करने के लिए नियुक्त है। शनिवार सुबह वार्ड की सफाई करने के बाद प्राथमिक विद्यालय के बाहर खड़े हुए थे। तभी सभासद आ गए और कहां यहां क्यों खड़े हो? सफाई कर्मचारी ओमजी ने कहा स्कूल की सफाई करने के लिए खड़े हैं। इतने में सभासद सफाई कर्मचारी को जाति सूचक गालियां देने लगे और कहा कि बार्ड में सफाई नहीं करता इधर.उधर बैठा रहता है। मना करने पर सभासद ने सफाई कर्मचारी को अपने भाई के साथ मिलकर पीटना शुरू कर दिया।


सफाई कर्मचारी पिटाई पर सफाई कर्मचारी ने विरोध जताया। अमृत विचार

मारपीट में सफाई कर्मी ओम जीत का सिर फूट गया सफाई कर्मचारी वहां से भाग आए और नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत के आवास पर पहुंचे पूरे प्रकरण को उन्होंने बताया। चेयरमैन ने सभासद को फोन कर के अपने आवास पर बुलाया। नगर पंचायत के सारे सफाई कर्मचारी इकट्ठा होकर चेयरमैन के आवास के सामने माया मैरिज होम पर खड़े हुए थे। इतने में पहुंचे सभासद अपनी गाड़ी से सफाई कर्मचारियों को देखते ही गालीगलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो चेयरमैन के आवास के बाहर मारपीट की गई। सफाई कर्मी ओमजीत ने सभासद पवन कुमार व उसके भाई के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने सफाई कर्मचारी को मेडिकल के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सफाई कर्मचारी राजाचन्द्र ने कहा कल तक कोई कार्यवाही न हुई तो सारे सफाई कर्मी हड़ताल पर रहेंगे।

## अन्ना गोवंश से टकराई बाइक, युवक की हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** गंगा पार क्षेत्र में अन्ना गोवंशों का आतंक जारी है। कस्बा जा रहे एक बाइक सवार युवक को आवारा गोवंश ने टक्कर मार दी। जिसके चलते गंभीर रूप से घायल हो गया। पिछले दिनों में कई घटनाएं आवारा गोवंश के हमले में लोगों के घायल होने के सामने आई हैं।


अस्पताल में भर्ती घायल सोनू।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा निवासी सोनू अवस्थी बाइक से किसी काम को अमृतपुर कस्बा जा रहा था। गांव के आगे ही बदायूं मार्ग पर उसकी बाइक के सामने आवारा गोवंश आ गया। जिससे बाइक टकराकर अनियंत्रित होकर गिर गई।गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी राजेपुर भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सोनू को जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

## ऑनलाइन भैंस बेचने के नाम पर हजारों की ठगी

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ऑनलाइन भैंस बेचने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी की गई। कोतवाली कायमगंज के ग्राम हजरतपुर पैथान खुर्द निवासी महेशचन्द्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मैंने मोबाइल में फेसबुक पर विज्ञापन के माध्यम से भैंस खरीदने हेतु दिए गए फोन नंबर को मिलाया था। फोन पर सोनू कुमार जाट निवासी पाट्या की ढाणी जयरामपुरा, जयपुर राजस्थान ने बात की। सोनू ने भैंस को ऑनलाइन दिखाया तथा सौदा 48 हजार रूपये में भैंस तय की गई।

सोनू द्वारा कहा गया कि भैंस जब आपके घर पर पहुंच जाये तब ड्राइवर को रूपये दे देना। 13 सितंबर 24 को सोनू का फोन आया कि भैंस को भेज रहे है, ड्राइवर का मोबाइल नम्बर नोट कर लो तथा बात कर लो। इसके पश्चात सोनू व ड्राइवर का फिर से फोन आया कि रास्ते में है परमीशन कार्ड बनवाना है। हमारा ऑनलाइन लेन-देन नहीं हो पा रहा है। तुम 3,999 रुपये इस क्यूआर कोड पर भेज दो। मैंने पैसा ऑनलाइन भेज दिया। सोनू व ड्राइवर का फिर से फोन आया तथा कहा जीपीएस टैक्स भरना है। सोलह हजार रूपये और भेज दो। मैंने 16 हजार रुपये चार बार में भेज दिये। सोनू व ड्राइवर का फिर से फोन आया और कहा कि मेरे लेपटॉप में आपकी इमेज शो नहीं कर रही है भैंस वापस हो जायेगी नही तो 24,600 रुपये भेज दो। मेरे मना करने पर सोनू ने कहा कि जो पैसे हम आप से ले रहे है अभी तुरन्त आपके खाते में वापस कर देगे। इसके पश्चात उपरोक्त सोनू व ड्राइवर ने 17,750, 11,500 व 15,999 रुपये अलग-2 नाम से खाते में डाल दिये। तब मैंने सोनू से कहा तो सोनू गालियां देने लगा तथा जान से मारने की धमकी दी। ऐसे धोखाधड़ी करके सोनू व ड्राइवर ने कुल 89,848 ठग लिये।


निरीक्षण के दौरान रजिस्टर देखते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## शिक्षा का स्तर खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी गुस्साए, दिए निर्देश

**शमशाबाद फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय उलियापुर ब्लॉक शमशाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर अत्यंत ही खराब पाया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई कराने व खिड़कियों पर जाली लगवाने के लिये निर्देशित किया गया। विद्यालय के एक कक्ष में निर्माण सामग्री भरी पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी नाराज हुए व ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। शिक्षा की खराब गुणवत्ता के लिये संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण देने के लिये निर्देशित किया।

## मांजे ने मामा को पीटा, केस दर्ज

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेरा जाकेट निवासी सुरजीत पुत्र छोटेलाल ने आज थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा है कि थाना क्षेत्र के गांव फतेहुल्लापुर में सुबह करीब ग्यारह बजे हम अपनी बहन ममता पत्नी नन्हेलाल के घर आया था। मेरी दूसरी बहन मिथलेश पत्नी आशाराम के साथ ब्याही है।

मैं अपनी बहन ममता के यहां से आकर अहिमा चौराहे पर खड़ा था।तभी मेरे भांजे लल्लू, मनोज, विमल ने देखते ही गाली गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उनके काफी चोट लगी है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल सुरजीत की मेडिकल जांच करा कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रोबोट्रानिक्स कॉम्पटीशन में दिखी प्रतिभा

संवाददाताकायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के सीपी विद्या निकेतन में इंट्रा स्कूल रोबोट्रानिक्स कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 125 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से आई ई रोबो टीम के शिक्षकों द्वारा संपन्न कराया गया। प्रथम चयन में 61 छात्र-छात्रा चयनित हुए जिनका फाइनल परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। इन विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय की निदेशिका डॉ मिथिलेश अग्रवाल, विद्या मंदिर महाविद्यालय के प्रोफेसर कुलदीप आर्य, एवं लाइन विनोद गंगवार ने पुरस्कार वितरित किए।

अपने उद्बोधन में कुलदीप आर्य ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोट्रॉनिक्स की महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि हम अपने विद्यालय में आधुनिकतम शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोट्रानिक्स या स्पेनिश भाषा इन सभी का समावेश करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर के वाजपेई ने अतिथियों का स्वागत किया। उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में मिड लेवल में पियूष कुमार 7बीए दीक्षा यादव 6बीए देव शाक्य ,बी विजेता रहे। फर्स्ट रनअप में अविरल 7 बी, अनाइसा 7ई व हर्ष विजयी रहे। सेकंड रनअप में आदर्श यादव 6सी, आराध्या 7ई, दिव्यांशी 6एफ विजेता रही। जूनियर लेवल में अनस खान कक्षा 5, अंशुल कक्षा 4, विहान यादव कक्षा 4 विजेता रहे। फर्स्ट रनरअप सक्षम 4 डी, संकल्प कक्षा 5, रिद्धिमा कक्षा 5, सेकंड रनरअप में अक्षय यादव कक्षा 4, अंशुमान कक्षा 4, अभ्युदय कक्षा 5 रहे। कार्यक्रम का संचालन इशु शुक्ला ने किया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाए उपस्थित रहे।


सीपी विद्या निकेतन में प्रोफेसर निदेशिका डॉ मिथिलेश अग्रवाल को सम्मानित करते हुए। अमृत विचार

- सीपी विद्या निकेतन में एआई, रोबोट्रॉनिक्स व स्पेनिश भाषा का समावेश करने का प्रयास

# सज-संवर कर महिलाएं आज करेंगी चंद्रमा के दर्शन

**करवा चौथ आज**

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- विशेष ऑफर ने ग्राहकों को लुभाया, कपड़ों और पूजन सामग्री की खरीदारी की गई

**अमृत विचार।** करवाचौथ को लेकर शनिवार को जिले के बाजारों में रौनक रही। हर तरफ महिलाएं खरीदारी करती नजर आईं। साड़ी, सूट, लहंगे, गहने से लेकर सोलह श्रृंगार का सामान, पूजा की थाली, पूजा सामग्री और रंग.बिरंगे करवे की खूब खरीदारी हुई। इस बार ब्यूटी पार्लर में सोलह श्रृंगार के पैकेज में करीब 25 से 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

करवाचौथ पर्व को लेकर नवविवाहित जोड़ों में विशेष उत्साह है। चौक बाजार,घुमना बाजार,सेठ गली, वैशाली समेत जिले के तमाम कायामगंज,फतेगढ में बाजार रोशन रहे। सेठ गली, व ब्यूटी पार्लरों में बुकिंग फुल हो गई है। छोटे से लेकर बड़े पार्लर विशेष ऑफर पैकेज दे रहे हैं। छोटे पार्लरों में 500 से लेकर 3500 रुपये तक के पैकेज हैं। पहले पैकेज की शुरुआत 300 रुपये थी। नामी पार्लरों में 1100 से लेकर 10 हजार तक की पैकेज की एडवांस बुकिंग हुई।


देर रात तक बाजारों में हुई करवा चौथ के सामान की खरीदारी। अमृत विचार

**सर्राफा बाजार में छाई रौनकः** कीमत भले ही बढ़ गई हो, मगर सोना-चांदी के गहने महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। करवाचौथ के चलते सर्राफा बाजार में भी रौनक रही। महिलाएं जहां आर्टिफिशियल ज्वैलरी खरीद रही हैं तो वहीं सोने-चांदी के गहने भी खूब खरीदे गए। सोने-चांदी के मंगलसूत्र, बिछिया, मांग टीका, ईयर रिंग्स, कंगन की विशेष मांग रही। वहीं नवविवाहित युवतियां लहंगे खरीदती दिखीं। कपड़ों के साथ मैचिंग की चूड़ियों के लिए चूड़ी बाजार में लाइन लगी रही।

### देर रात तक लगवाई गई मेहंदी

करवा चौथ बिना मेहदी के पूरा हो ऐसा शायद ही हो। मेहंदी लगवाने वालों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ी। तुराब नगर से लेकर घंटाघर, इंदिरापुरम बाजारों में सड़क किनारे मेहंदी स्टॉल पर देर रात मेहंदी रचाई जा रही थी।

### मिट्टी और पीतल के करवों की खरीदारी

करवा चौथ पर आमतौर पर मिट्टी और पीतल के करवे ही खरीदे जाते हैं। इस बार बाजार में चांदी का करवा भी बिका। जिसकी कीमत 10 से 15 हजार तक रही। इसके अलावा बाजारों में सड़क किनारे रंग-बिरंगे झालरों से सजे करवे खूब बिके। इनकी कीमत 40 से लेकर 100 रूपये तक है। विक्रेता विशाल ने बताया कि बाजार में 200 रुपये से 1300 रुपये तक के पीतल के करवे ज्यादा बिके हैं।

### सिल्क व बनारसी साड़ी पहली पसंद

बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी साड़ी, सूट, सैडिल और चूड़ियों की हो रही है। अधिक उम्र की महिलाओं को जहां सिल्क और बनारसी साड़ियां भा रही हैं तो वहीं युवतियों को शिफॉन तथा बनारसी साड़ियां पसंद आ रही हैं। इनकी कीमत 1000 से शुरू होकर पांच हजार रुपये तक है।


घटना की जानकारी करती पुलिस। अमृत विचार

## मेड़ काटने पर मारपीट फायरिंग, सात घायल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट व फायरिग हो गयी जिसमें सात लोग घायल हो गए। घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य के भिजवाया।

थाना जहानगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत गदनपुर तुर्रा के मजरा मझिगंमा निवासी बांकेलाल अपने भाई सुखराम का विश्राम के साथ खेत पर आलू की गढ़ाई कर रहे थे। इस दौरान पड़ोसी रमेश चंद्र बांकेलाल की मेड काट दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहा सुनी होने लगी। रमेश की पक्ष की ओर से कई राउंड फायरिंग हुई तथा फावड़ा चले। मारपीट की घटना में बांकेलाल उनकी पत्नी उर्मिला देवी सुखराम व विश्राम विपिन ओम जी विक्रम आदि लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से बांकेलाल व उर्मिला के चोटे आई। घटना की जानकारी पर थानाध्यक्ष जितेंद्र पटेल मौके पर पहुंच गए और घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य के भिजवाया।


मारपीट में घायल लोग। अमृत विचार

**सुनी फरियाद** तहसील समाधान दिवस में कुल 183 शिकायतें आईं, 23 का मौके पर निस्तारण किया गया

# जिलाधिकारी ने शिकायतों को समय से निस्तारित करने के दिए आदेश

कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये गए। तहसील दिवस में ही विधायक कायमगंज डॉ सुरभि व जिलाधिकारी द्वारा गंगा नदी में आई बाढ़ में मृत रामभरोसे निवासी धर्मपुर की पत्नी श्रीमती राजकुमारी को दैवीय आपदा के तहत दी जाने बाली अनुग्रह राशि 4 लाख रुपये उनके खाते में हस्तांतरित किये जाने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 183 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमे से राजस्व विभाग की 58, पुलिस की 39, विकास विभाग की 36, विद्युत विभाग की 41 व अन्य विभागों की 9 शिकायतों प्राप्त हुई जिनमे से 23 का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही विधायक कायमगंज डॉ सुरभि व जिलाधिकारी द्वारा 15 कृषकों को सरसो का निशुल्क बीज वितरित किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि समस्त विकास खंडो में बीज भण्डारो पर सरसों की मिनी किट (मात्रा 2 किलो) निःशुल्क वितरित की जा रही है। जो 1 एकड़ या 5 बीघा कृषि भूमि के लिए पर्याप्त है।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदशी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


तहसील दिवस में शिकायतों को सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार


अमृत पुर तहसील समाधान में अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह समस्याएं सुनते। अमृत विचार

### अमृत पुर तहसील समाधान दिवस पर 60 प्रार्थना पत्र पर 2 का निस्तारण

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अमृतपुर तहसील सभागार में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी रविंद्र नाथ राय, एसडीएम अतुल कुमार, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह ने जनता की समस्याएं सुनी। वहीं मौके पर कुल 60 प्रार्थना पत्र आए जिनमें राजस्व विभाग के 22 पुलिस विभाग के 6 विकास विभाग के 9 विद्युत विभाग के 8 पचकबंदी विभाग के 7 तथा अन्य विभाग की 8 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बताया जा रहा है कि करनपुर दत्त निवासी ग्रामीणों ने दलित बस्ती में सड़क बनवाने को लेकर, रामेश्वर निवासी कुबेरपुर ने चक मार्ग खुलवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। कुल 60 शिकायतें आईं। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। राधेश्याम निवासी परतापुर ने घर के पास मे कूड़ादान बनवाने, शोभा निवासी राजेपुर ने दुकान पर अवैध कब्जा करने, रामदेवी निवासी अल्हादपुर भटौली ने अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने आदि प्रार्थना पत्र दिए।

## सार-संक्षेप

### दिमागी बीमार युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**शमशाबाद फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र में आज शनिवार को गांव समीपवर्ती एक पेड़ पर दिमागी बीमार युवक का शव लटका मिला।पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनाबाद का निवासी विपिन उम्र करीब 28 वर्ष जो कुछ दिनों से दिमागी बीमार चल रहा था जो पिछले दो दिनों से घर नहीं आया था।आज सुबह शौच के लिए जब ग्रामीण घटनास्थल से निकले तो गांव समीपवर्ती एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर युवक विपिन को लटका हुआ देखा गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर मृतक के पिता कालीचरण ने पुलिस से पोस्टमार्टम करने का प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अछल्दा।** कस्बा महेवा रोड अछल्दा निवासी शिवपाल शाम करीब 5 बजे अपनी बाइक से किसी काम से दलीपुर गांव जा रहा था। तभी नगरिया बंबे के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी और टक्कर मारकर मौके से भाग गया। सड़क के किनारे पड़ा देख घायल के दोस्त ने एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने आनन फानन मे सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर अमर दीप ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### पिकअप पलटने से दो किसान घायल

**भरथना,इटावा।** ऊसराहार भरथना मार्ग स्थित ग्राम नगला भारा के समीप अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। जिसमें किसान वीरपाल 45 वर्ष और जयचन्द 48 वर्ष निवासी सौरिख जनपद कन्नौज एवं अजय पाल 50 वर्ष चोटिल हो गये। ग्राम नगला भारा उमरसैंडा निवासी युवक देवेंद्र यादव, अनुज यादव, ध्रुव यादव, रोहित यादव, निखिल यादव ने बताया कि पिकअप ऊसराहार की ओर से भरथना कृषि मण्डी उत्पादन समिति में जा रही थी। पिकअप में चालक समेत 4 किसान सवार थे। पिकअप अनियंत्रित रफ्तार से आई और एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में पिकअप पलट गई।

### हाईटेंशन विद्युत तार सिर से टकराया, मजदूर झुलसा

**भरथना,इटावा।** क्षेत्र के ग्राम कुनेठी निवासी ग्राम प्रधान सोनू ने बताया कि गांव में ग्राम निधि से एक गली में इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण चल रहा है। जिसके निर्माण के लिए ठेकेदार की लेबर ग्राम साम्हों से पांच मजदूर ग्राम कुनेठी पहुंच रहे थे। जिसमें मजदूर राजवीर सिंह खेतों के रास्ता से ग्राम कुनेठी जारहा था, ऊपर से गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन से राजवीर का सिर टकरा गया। वह झुलस गया।

# बेसिक शिक्षा विभाग के दो शिक्षक निलंबित

## कार्यालय कार्य में बाधा डालने का मामला, बीडीओ कार्यालय से किया गया संबद्ध

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के अलग-अलग विद्यालयों में कार्यरत दो शिक्षकों को लापरवाही और अभद्रता आदि के मामलों को लेकर निलंबित कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने अभिषेक यादव इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुंदोल विकासखंड चकरनगर को उन पर लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टिया सही पाए जाने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया है। बीडीओ कार्यालय चकरनगर से संबद्ध किया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी महेवा ने पत्र लिखा था कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिषेक यादव ने 23 जुलाई को बीआरसी कार्यालय बकेवर महेवा पर आकर कार्यालय कार्य में बाधा उत्पन्न की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। अभिषेक यादव इंचार्ज प्रधानाध्यापक को सरकारी कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों से अभद्रता करने तथा शिक्षक आचरण नियमावली के उल्लंघन करने का दोषी पाए जाते हुए निलंबित कर दिया गया।

एक अन्य मामले में बेसिक शिक्षा विभाग में कंपोजिट विद्यालय नगला करोड़ी में कार्यरत शिक्षक प्रबल प्रताप सिंह को निलंबित किया गया है। इस संबंध में बताया गया है कि सहायक अध्यापक प्रबल प्रताप सिंह ने दो दिन का चिकित्सा अवकाश लिया था, जब उनका चिकित्सीय अवकाश का आवेदन आया तो उसको खंड शिक्षा अधिकारी ने अस्वीकृत कर दिया क्योंकि उसने किसी डॉक्टर का परामर्श पत्र संलग्न नहीं था। इस पर संबंधित शिक्षक ने विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर लिखा कि 3 दिन का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद कई अन्य पोस्ट भी व्हाट्सएप ग्रुप में डाली गई विभाग ने इसको नियम विरुद्ध तथा शिक्षकों को भड़काने वाली पोस्ट माना और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने जैसा माना।

## शिक्षकों ने की दिवाली से पहले की वेतन की मांग

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ इटावा के शिक्षकों की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों को अवगत कराया कि 22 अक्टूबर को प्रांतीय आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली, चिकित्सीय सुविधा दिलाने, आठवें वेतन आयोग के गठन किए जाने, तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण, वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाए जाने, महंगाई भत्ता की बढ़ोतरी एवं बोनस की घोषणा किए जाने सहित अन्य विभिन्न मांगों को लेकर एक विशाल चेतावनी धरना माध्यमिक शिक्षा निदेशक कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति श्रीनारायण द्विवेदी एवं प्रांतीय मंत्री अरुण कुमार दुबे ने सभी शिक्षकों से भाग लेने की अपील की।

- 22 अक्टूबर को निदेशक कार्यालय पर माशिसं देगा धरना

ऑनलाइन बैठक में हुए निर्णय के आधार पर जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी एवं अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान ने जिला प्रशासन से दीपावली के पर्व को देखते हुए यह मांग की कि इस माह के अंत में दीपावली का पर्व पड़ रहा है। अतः कम से कम पांच दिन पूर्व जनपद के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को वेतन दिलाने आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करे।

इस बैठक में अवधेश मिश्रा, राजेश सिंह, सुधीर दुबे, आशुतोष तिवारी, शैलेन्द्र कुमार, दयानिधि चौबे, हरेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, विनय पटेल, अजय कुमार, इरशाद अहमद, राम नरेश सिंह आदि रहे।

### डॉ. कैलाश राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन में पहुंचे चेन्नई

**इटावा।** प्रख्यात शिक्षाविद और विद्वान डॉ. कैलाश चंद यादव ने मदुरै में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन कला संगम में भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय विभिन्न विषयों के साथ कला के समन्वय पर केंद्रित करना रहा। जिसमें देशभर से विषय विशेषज्ञ, शिक्षक और शोधकर्ता एक साथ आए। यह कार्यक्रम छात्रों के शैक्षिक अनुभवों को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से नवीन शिक्षण विधियों और शैक्षिक प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच था। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद यादव ने कहा कि मूल विषयों के साथ कला का समन्वय न केवल सीखने के अनुभव को समृद्ध बनाता है बल्कि छात्रों में रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को भी पोषित करता है।



## रुद्र प्रताप ने नेशनल ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

कार्यालय संवाददाता, इटावा



रुद्र प्रताप को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थियोसोफिकल इंटर कालेज के कक्षा 9 के छात्र रुद्र प्रताप ने सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप एवं सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया।

चैम्पियनशिप का आयोजन 9 से 13 अक्टूबर तक मदर इंडिया पब्लिक स्कूल ऊधम सिंह नगर जिला बाजपुर उत्तराखंड में किया गया। जिसमें अंडर 14 वजन 29 किग्रा में विद्यालय के छात्र रुद्र प्रताप ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इटावा ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला सचिव एवं कोच हिमांशु यादव एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक शशांक पाठक ने बताया कि छात्र रुद्र प्रताप एसजीएफआई नेशनल चैम्पियनशिप के लिए विदिशा मध्य प्रदेश में 8 से 12 नवंबर तक होने वाली चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने छात्र रुद्र प्रताप को पुरस्कृत करते हुए कहा कि आज वर्तमान युग में छात्रों को अपने मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिये।

छात्र के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के अध्यक्ष चन्द्रमोहन चौधरी, प्रबंधक अवधेश नारायण तिवारी, सचिव अशोक कुमार चतुर्वेदी ने भी छात्र को बधाई दी। साथ छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मतदाता सूचियों का करें परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा



बैठक में भाग लेते सांसद जितेंद्र दोहरे व आदित्य गोविंद यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग डाक बंगला में सपा युवजन सभा जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि सांसद जितेंद्र दोहरे नें कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

बैठक में प्रभारी के रूप में पधारे मंजीत यादव ने कहा कि इटावा में युवजन सभा बहुत मजबूत है। इटावा से अन्य जनपद के लोगों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहां क़ि प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में करहल विधानसभा में युवजन सभा के पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। जिला अध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में पूरी मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं। मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने का अभियान शुरू होने वाला है। युवजन सभा के पदाधिकारी पूरी निष्ठा के साथ मतदाता सूचियां का परीक्षण कर रहे हैं, और अभी से बूथ स्तर पर जाकर जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनके फार्म 6 भरकर अपने पास रख रहे हैं। जैसे ही निर्वाचन आयोग का मतदाता सूचियां में नाम जोड़ने का अभियान प्रारंभ होगा, तो हमारे पदाधिकारी फार्मो को बी एल ओ के पास जमा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का कार्य करेंगे

- सपा युवजन सभा की जिला कार्य समिति की मासिक बैठक संपंन

बैठक में योगेश यादव, अंशुल यादव, मयंक भदोरिया, अरविंद, अनिल यादव कुनैया, गोविंद यादव बसरेहर, लोकेंद्र सिंह, असिन फौजी, सिंटू, प्रफुल्ल कठेरिया, जोएव अंसारी, संदीप सिंह, रौवी यादव, अंशुल दोहोरे, वसीम खान, अमित मिश्रा, राघवेंद्र यादव, गुलशन, सचिन राजपूत पुष्पेंद्र गोयल, पवन सविता, राहुल यादव, ऋषभ यादव, विवेक आदि रहे।

## सर्जन डॉ. आदित्य यादव को दी बधाई

**इटावा।** कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन परिवार के सदस्य वरिष्ठ हृदय रोग विशेष रवींद्र सिंह यादव के सुपुत्र रेजिडेंट आदित्य ने सैफई रिम्स में दुर्लभ ऑपरेशन टीम में शामिल होकर बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने एक 26 वर्षीय महिला एमआरकेएस सिंड्रोम से पीड़ित थी, उसका सफलता पूर्वक ऑपरेशन करने में सफलता हासिल की। आदित्य यादव की इस सफलता पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव यादव, महामंत्री अरविंद धनगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, रोहित यादव, प्रमोद राजपूत, डा धर्मेंद्र यादव, संजीव यादव, मनोज यादव, राकेश बाबू, अरूण कुमार, राम कुमार शाक्य, मनोज कुमार, डा विशाल स्नातक, आराधना तिवारी, दीक्षा यादव, एकता यादव, उपासना, अर्चना, जिला अध्यक्ष राजीव वाल्मीकि, अवधेश यादव, शिवरतन आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सभी शिकायतों को समय से करें निस्तारित

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार कमिश्नर अमित कुमार ने तहसील का औचक निरीक्षण कर फरियादियों की समस्याओं को सुना व सम्बंधित अफसरों को निस्तारण के आदेश दिये।

**17 शिकायतों में से 4 का हुआ निस्तारणः जसवंतनगर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों से कहा।

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे कमिश्नर, सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**39 शिकायतों में 5 का निस्तारण चकरनगरः** एडीएम अभिनव रंजन की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के दौरान 39 शिकायतकर्ताओं ने अपनी अपनी शिकायतों को रखा। जिसमें मात्र पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका।

**एसडीएम ने सुनी समस्याएंः भरथनाः** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी भरथना सुशान्त श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपंन हुआ। इस दौरान तहसीलदार राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार मनीष द्विवेदी, एसडीओ लव वर्मा उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



शपथ ग्रहण के दौरान वकीलों को सम्बोधित करते जिला जज। अमृत विचार

### सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

**इटावा।** सिविल बार एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपंन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला जज चवन प्रकाश ने अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी व महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुष्मा गुप्ता, मध्यम उपाध्यक्ष पुनीत शुक्ला व मध्यम उपाध्यक्ष गिरिधर गोपाल को अपर जिला जज प्रथम एहसान अली ने शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष ममता शाक्य को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अजय कृष्ण ने शपथ दिलाई। इसके अलावा संयुक्त मंत्री/मीडिया प्रभारी वीरू कठेरिया, संयुक्त मंत्री/पुस्तकालय विनीत मिश्रा, संयुक्त मंत्री नीरज यादव को एडीजे प्रथम ने शपथ दिलाई। वहीं सदस्यों कमलेश शाक्य, दीपक, राजदीप भोले, ध्रुव नरायन अवस्थी, सन्दीप कुमार, गौरव दीक्षित व गौरव कश्यप को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित पूर्व अध्यक्ष डीबीए चन्द्रशेखर गौर, पूर्व अध्यक्ष सीवीए देवेन्द्र गुप्ता, एल्डर्स कमेटी चेयरमैन सन्तोष चौहान का स्वागत नव नियुक्त अध्यक्ष एवं महामंत्री ने किया। समारोह को वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र चौबे, राज कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर गौर व अपर जिला जज प्रथम तथा जनपद न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं के सहयोग की बात कही। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने सिविल बार के अधिवक्ताओं की सेवा में हमेशा तत्पर रहने की बात कही। संचालन महामंत्री अरुण गुप्ता ने की। इस मौके पर पूर्व महामंत्री राजेश राजपूत भोले दयानन्द वाजपेयी, अनिल कुमार चौधरी, रिषि वाजपेयी, संजीव तिवारी, अजय श्रीवास्तव, राजीव कुमार गुप्ता, अभय अवस्थी के अलावा तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 111 कनेक्शन काटे, 5 जगह पकड़ी बिजली की चोरी

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से लाइन लॉस कम करने तथा चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को लाइन पार क्षेत्र में उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। कम खपत वाले उपभोक्ताओं की चेकिंग की तो पांच उपभोक्ता बिजली की चोरी करते हुए मिले। यह केवल बाईपास करके या अन्य किसी तरीके से चोरी कर रहे थे। इनकी एफआई आर दर्ज कराई गई है। इस दौरान तीन टीमों ने बताया कि बिल वसूल करने के लिए अभियान चलाया और बिल न देने पर शहर के अलग-अलग स्थान पर तीन टीमों ने 111 कनेक्शन काट दिए। इसके साथ ही कुछ उपभोक्ताओं ने बिल भी जमा किए और कुल मिलाकर 7 लाख 41हजार के बकाया बिल जमा कराए गए।

### परिवहन विभाग ने की वाहनों की धरपकड़

**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर में परिवाहन विभाग की टीमों ने अभियान चालकर अवैध तरीके से चल रहे करीब एक दर्जन थ्रीव्हीलर वाहनों को पकड़कर कार्रवाई की। इस अभियान को लेकर थ्रीव्हीलर वाहन चालकों में हड़कप मच गया। परिवहन विभाग की अलग अलग टीमों ने अभियान चलाकर बिना परमिट व बिना कागजात के सड़कों पर दौड़ रहे थ्रीव्हीलर वाहनों की धरपकड़ शुरू की। जनपद में करीब 800 के लगभग बिना परमिट व बिना कागजात के ऐसे वाहन दौड़ रहे है। थ्रीव्हीलर वाहनों को पकड़कर थाने में खड़ा करवाया।

### एक दिन की एसडीएम बनीं छात्रा ने सुनीं समस्याएं



एक दिन की एसडीएम श्रद्धा।

**ताखा, इटावा।** संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को एक दिन के लिए एसडीएम बनीं श्रद्धा दीक्षित व तहसीलदार बनीं यसिका वर्मा ने पीडितों की शिकायतों को सुना। एक दिन की एसडीएम ने खराब पडे सरकारी नलकूप को एक सप्ताह के अंदर सही कराने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति को बढावा देने के लिए आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मे उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता वर्मा ने बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा श्रद्धा दीक्षित को उपजिलाधिकारी बनाया और गुलदस्ता भेट कर उन्हें उपजिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठाया। तहसीलदार मोहम्मद असलम ने ऊसराहार के संत विवेकानंद मिशन पब्लिक इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह मे पढ़ने वाली छात्रा यशिका वर्मा को तहसीलदार बनाया। उन्हें भी तहसीलदार की कुर्सी पर बैठाया। ताखा क्षेत्र के भरतपुर खुर्द निवासी भोजराम प्रजापति ने शिकायत करते हुए बताया उनके गांव में किसानो के खेतों में सिचाई के लिए लगा सरकारी नलकूप पिछले कई महीनों से खराब है। पुरैला गांव से आए सतीश दुबे के साथ आधा दर्जन ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया उनके गांव को जाने वाले प्रमुख मार्ग पर पानी की टंकी के समीप जाने वाला मार्ग तालाब बन गया है। सभी शिकायतों को दोनों अधिकारियों ने गंभीरता से सुना।

### समस्याओं को लेकर किसानों सभा ने भरी हुंकार

**इटावा।** जिले भर से आए किसानों ने शनिवार को किसान सभा के नेतृत्व में कचहरी पहुंचकर प्रदर्शन किया। आंदोलन के माध्यम से इटावा बाईपास के लिए रेलवे द्वारा बिना उचित प्रतिकर के जबरिया कब्जा रोकने, डीएपी खाद की आपूर्ति कर वितरण में धांधली, कालाबाजारी नकली खाद की बिक्री रोकने और धान की फसल में वर्षा से हुये नुकसान का आंकलन कराकर प्रभावित किसानो को उचित राहत दिये जाने की प्रमुख मांगे उठायी गयी। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव और प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि रेलवे द्वारा इटावा बाईपास हेतु भू-अर्जन में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 और रेलवे संशोधन कानून 2008 का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। बाईपास के क्षेत्र में लोहन्ना, कांधनी, आलमपुरहौज, सराय एसर, विचारपुरा, हरसौली, डूंगरी, सहदपुर आदि विकसित क्षेत्र पडता है, जहां सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान, होटल, मैरिज होम, अस्पताल, कार, पी ए सी मुख्यालय, आवासीय कॉलोनी, कार शोरूम, पेट्रोल पंप, शीतग्रह आदि संचालित है, एनएच 19 भी है। वेशकीमती भूमि को आमतौर पर सामान्य कृषि के 2017 के परता रेट पर प्रतिकर तय किया गया है, मुददत से बने मकानो की आबादी के बजाए कृषि दरें दी जा रही हैं। इटावा बाईपास में गई भूमि के किसानों को हम न्याय दिलायेंगे। आंदोलन को पूरे जिले में फैलाया जायेगा। सीटू नेता अमर सिंह शाक्य, किसान सभा के पूर्व अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, उपाध्यक्ष वैध विश्राम सिंह, नीरज राजपूत, रवी कुशवाह, मनसुख लाल, सुरेश चंद्र यादव आदि रहे।

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी



पूर्व जिलाअध्यक्ष बीएसपी बलवीर सिंह।

**इटावा।** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह जाटव को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि उनके ही गांव की महिला मुन्नी देवी और उन्होंने पूर्व थाना प्रभारी चौबिया मंसूर अहमद के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। वर्तमान में ऊसराहार थाना प्रभारी मंसूर अहमद के नजदीकी और इन्हीं के शह पर ग्राम छतरपुरा के दबंग एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोग लगातार उनके एवं मुन्नी देवी के ऊपर मंसूर अहमद से राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। राजीनामा न करने पर फोन पर जान से मारने की धमकी देते हैं। जाति सूचक गालियां देते हैं। दहशत फैलाने के उद्देश्य से ही 21 मई 2024 को इन लोगों ने उनके घर पर फायर भी किए थे।

उन्होंने बताया कि उनके साथ तथा मुन्नी देवी के परिजनों के साथ कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है जिसकी जिम्मेदारी मंसूर अहमद और दबंगों की होगी।

## 3 किशोर छात्र लापता होने से मची खलबली

**इटावा।** शहर में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में शिवपुरी शाला रहने वाले धर्मेंद्र का 16 साल का बेटा नितिन जो इस्लामिया इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र है, इसी शाला के रघुवीर सिंह का 12 साल का बेटा शिवम जो कक्षा पांच का प्रेमवती स्कूल का छात्र है तथा इसी शाला के दिनेश कुमार का 14 साल का बेटा अमित कुमार जो प्रेमवती स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। यह तीनों शाम चार बजे अपने अपने घरों से कोचिंग जाने की कहकर निकले लेकिन कोचिंग न जाकर कहीं और चले गए। देर शाम तक घर वापस न आने पर तीनों के परिजनों ने काफी देर तक खोजबीन की पता नहीं चलने पर थाना में सूचना दी।

# जनवरी माह तक पूरा हो दूसरा प्रवेश द्वार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते महाप्रबंधक रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी शनिवार को इटावा जंक्शन पर निरीक्षण को पहुंचे। उन्होंने यहां जंक्शन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों को देखा। कहा कि जनवरी माह तक दूसरे प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए, जिससे फरवरी माह में लाइनपार क्षेत्र से यात्रियों को स्टेशन पहुंचने की सुविधा दी जा सके।

महाप्रबंधक रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी शनिवार को दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर जीएम स्पेशल ट्रेन से टूण्डला से विन्डो निरीक्षण करते हुए इटावा स्टेशन पहुंचे।कहा कि सेंकेंड एंट्री क्षेत्र को बाउंड्री बनाकर पूरी तरह से सुरक्षित किया जाए। यहां की सड़कों को अच्छी क्वालिटी की इंटरलॉकिंग से चमाचम किया जाए। इमारत के तैयार होने के साथ ही यहां पर टिकट काउंटर, पार्किंग, वेटिंग एरिया तैयार करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। दूसरे प्रवेश द्वारा में लोग फ्रेण्डस कालोनी की ओर से प्रवेश कर सकेंगे और यहां से एफओबी से होते हुए प्लेटफार्म तक पहुंचेंगे। इसके लिए पहले फेज के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्किंग शिफ्ट करने में अगर जरूरत पड़े तो पुराने ठेके को निरस्त कर नया ठेका उठाया जाए। वह दोपहर एक बजे प्रयागराज के लिए रवाना हुए।

**अभियान** नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से चलेगा जागरूकता अभियान

# 8000 स्वयंसेवक माई भारत एप से जुड़े

कार्यालय संवाददाता, इटावा



पत्रकारों से वार्ता करतीं युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र का उद्देश्य युवाओं का बहुआयामी व्यक्तित्व विकास करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़कर स्वालंबी बनाना है। इस मकसद को पूरा करने के लिए युवा मंडलों को सक्रिय कर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ते हुए सरकारी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराया जाएगा।

जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं में सामाजिक जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं को अब माई भारत एप पर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया स्वयं सेवक खुद कर सकते हैं अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हमारे कार्यालय में सपंर्क कर सकते हैं। पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अभी तक 8000 स्वयं सेवकों को माई भारत एप से लिंक किया गया है। ये स्वयं सेवक अब नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह करेंगे।

सोनिका चंद्रा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता जागरूकता समेत सेवा से सीखें कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सेवा से सीखें कार्यक्रम में 10 स्वंयसेवक जिला महिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नगर पंचायत इकदिल और नगर पालिका इटावा में 10-10 स्वयं सेवक एक महीने तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए दोनों स्थानों के चेयरमैन और ईओ से सहमति ली जा चुकी है। हमारा प्रयास है कि सैफई मेडीकल कालेज के अधिकारियों से बात करके वहां भी स्वंयसेवक भेजे। सैफई में सेवा कार्यों की बहुत अधिक आवश्यकता है। इन सभी स्वय सेवकों को माई भारत एप से निर्गत प्रमाण पत्रभी दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ब्लाक स्तर पर खेलकूद कार्यक्रम होंगे। जिला स्तर पर भी इस बार युवा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। युवा महोत्सव में खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में विजेताओं को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले से हिमांचल प्रदेश के कुल्लू में इसी पद पर चार साल तक सेवारत रहीं। इस मौके पर लेखाकार सर्वेश कुमार बाथम भी मौजूद रहे।

# बालक के अपहरण व हत्या के मामले में उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** स्पेशल जज एससीएसटी एक्ट रामचंद्र यादव प्रथम के न्यायालय से सात वर्षीय बालक का अपहरण करके उसकी हत्या कर देने के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही 18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमाकांत चतुर्वेदी ने जानकारी दी है कि 18 सितंबर 2018 को वादी लक्ष्मी देवी पत्नी संतोष शंखवार मुहल्ला फक्कड़पुरा थाना जसवंतनगर ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके सात वर्षीय पुत्र आदित्य का विमलेश कुमार पुत्र रामनाथ नाई फक्कड़पुरा थाना जसवंतनगर द्वारा शाम करीब छह बजे अपहरण कर उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया है। जिस समय अपहरण किया गया उस समय उसका पुत्र घर के बाहर खेल रहा था। विमलेश द्वारा उसके पति संतोष शंखवार से 10 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना अधिकारी सीओ जसवंतनगर द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर विमलेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। प्रभावी पैरवी करते हुए पुलिस ने अभियोजन के सभी गवाहों को उपस्थित किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद विमलेश कुमार को अपहरण व हत्या का दोषी पाया और मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

- न्यायालय ने दोषी पर 18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

# फर्जी निस्तारण पर होगी कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी के सामने आई 140 शिकायतों में 17 हुईं निस्तारित

**समाधान दिवस**

संवाददाता बिधूना, औरैया



समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी एवं एसपी अभिजीत आर शंकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्यायों को सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए ।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्यायों को सुनकर पीड़ितों को न्याय दिलाने को कहा। उच्च अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग व समयबद्ध तरीके से समस्यायों का निराकरण कराए जाने को कहा। उन्होंने कहा शासन से टीम आकर शिकायत की गुणवत्ता की जांच कर सकती है।

वहीं जिलाधिकारी ने का कि फर्जी निस्तारण पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने संपूर्ण थाना समाधान थाना दिवसों में आए प्रार्थना पत्रों को भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण कराने के कड़े निर्देश दिए।

इस अवसर पर सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण, विकास, विद्युत विभाग से संबंधित आईं। कुल आई 140 शिकायतों में 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित किए जाने को कहा गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी निखिल राजपूत, तहसीलदार अविनाश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पृथुयशशव पुनीत मिश्रा सीएमओ सुनील कुमार वर्मा खंड विकास अधिकारी राजनरायन पांडे आदि अधिकारी मौजूद थे।

## अजीतमल में 9 का हुआ निस्तारण

संवाददाता अजीतमल,औरैया



समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं एसडीएम गरिमा सोनकिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील अजीतमल के सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां उपस्थिति मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम ने उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया एवं तहसीलदार जीतेश वर्मा के साथ आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा तत्काल निस्तारण के लिये सम्बन्धित विभागों के सुपुर्द किया।

उन्होंने उपस्थिति अधिकारियों को समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर व गुणवत्तापूर्ण तरीके से मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

● मुख्य विकास अधिकारी ने भी सुनीं फरियादियों की समस्याएं

समाधान दिवस में पहुंचे मुख्य सड़क के किनारे निवास करने वाले एक दर्जन लोगों ने करीब 30 लोगों के। हस्ताक्षर युक्त प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि उनके मोहल्ले में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। वहीं नगर पंचायत अजीतमल व ग्राम पंचायत कस्बा बाबरपुर दोनों अपनी अपनी सीमा के बाहर बता रहे हैं, जिसके चलते उन लोगों के मोहल्ले में कोई विकास नहीं हो पा रहा है। इस तरह से आई कुल 78 शिकायतों में से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ अतुल यादव, एसडीओ विड्यूत राहुल कुमार, नगर पंचायत अजीतमल से नरेन्द्र बाबू, सीडीपीओ इंचार्ज छाया, सप्लाई इंस्पेक्टर सहित समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्ममचारी मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार स्कूटी, 1 की मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● 3 दोस्त 1 स्कूटी से वृंदावन से दर्शन करके लौट रहे थे

**अमृत विचार।** नियमों की अनदेखी से सड़क हादसे में 1 युवक की जान चली गई, जबकि 2 घायल हो गये । कानपुर देहात के 3 साथी स्कूटी से वृंदावन गए थे। जहां से लौटते समय औरैया के नेशनल हाईवे फतेहपुर-करमपुर के बीच स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस के जरिए उन्हें शहर के 50 शैय्या जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया।

कानपुर देहात जनपद के भोगनीपुर निवासी 22 वर्षीय सत्यम सचान पुत्र नीरज सचान अपने साथी गोलू पुत्र सुशील कुमार और उपेंद्र पुत्र राजकुमार के साथ स्कूटी से वृंदावन गए हुए थे। वह लोग शुक्रवार देर रात स्कूटी से अपने घर जाने के लिए वहां से निकले। जैसे ही शनिवार सुबह क्षेत्र के फतेहपुर-करमपुर के समीप पहुंचे कि तभी अचानक से स्कूटी अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों को औरैया के 50 शैय्या जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने सत्यम पुत्र नीरज सचान को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, गोलू एवं उपेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते कानपुर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र राठी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को रेफर किया गया है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

## दिव्य यज्ञशाला पर हुई ध्वज स्थापना

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को परम संत श्री राम दास जी महाराज के पावन सानिध्य में तीन नवंबर से श्री बनखंडेशवर मंदिर पर आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के निमित्त नव निर्मित भव्य एवं दिव्य यज्ञशाला पर ध्वज स्थापना हुई।

इस अवसर पर भारी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रतिदिन नगर में हो रही धार्मिक गतिविधियों के चलते नगर का नजारा किसी धार्मिक नगरी जैसा प्रतीत हो रहा है। उधर नगर के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला महोत्सव में भी नगर एवं क्षेत्र से भारी संख्या में महिलाओं पुरुषों की भीड़ जुट रही है। धार्मिक आयोजनों को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह चौकन्ना दिखाई दे रहा है।

## बंजारा समाज ने प्रदर्शन कर मांगे आवास

संवाददाता ककोर, औरैया



एसडीएम हरिश्चंद्र को ज्ञापन सौंपते बंजारा समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में बंजारा समाज के पुरुषों एवं महिलाओं ने पहुंचकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बंजारा समाज के नायक मंगल सिंह और प्रधान संत कुमार ने कहा कि शासन के द्वारा हमें 1100 आवास मिलने की जानकारी दी गई थी। इसकी जानकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राप्त हुई थी। इसके बाद जब आवास के लिए सर्वे हुआ। तो बंजारा समाज की कॉलोनी काट दी गई और लोगों को अपात्र दिखाया गया । जिसमें सबसे ज्यादा आवास ब्लाक भाग्य नगर में 694 की घोषणा की गई थी। लेकिन सर्वे में भाग्यनगर में केवल एक सैकड़ा ही कॉलोनी की फीडिंग नहीं की गई है। इसकी घोषणा प्रतापपुर गांव के सम्मेलन में मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने भी की थी। जबकि गरीब बेघर बंजारा समाज के लिए मुख्यमंत्री आवास की सूची शासन द्वारा मांगी गई थी । जिसमें ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने जांच करवा कर पात्र लोगों की फीडिंग भी नहीं कराई । आज बंजारा समाज अपने आपको ठगा कमजोर असहाय महसूस कर रहा है। शनिवार को बंजारा समाज के लोगों ने अपना ज्ञापन एसडीएम हरिश्चंद्र को सौंपा और कहा शासन की मंशा के अनुरूप बंजारा समाज को आवास मुहैया कराया जाए। इस पर यदि अमल नहीं हुआ तो 23 अक्टूबर को बंजारा समाज के हजारों लोग मुख्यालय में पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर मंगल नायक, संत कुमार, वेद प्रकाश, राम अवतार,प्रदीप कुमार ,नायक सिंह,जहान सिंह, रामू नायक, अंगद नायक,सिया दुलारी, राम जानकी,केला देवी, विमल, सरला आदि सैकड़ों बंजारा समाज के लोग मौजूद रहे।

● आवास योजना का लाभ न मिलने से आक्रोश

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मांगी पक्की सड़क

**कंचौसी, औरैया।** आजादी के दशकों बीतने के बाद भी सहार ब्लॉक के ढिकियापुर ग्राम पंचायत के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। सरकार गांव में पक्की सड़क निर्माण कर लिंक रोड से जोड़ने की बात करती है लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ नहीं है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए लिखित शिकायती पत्र में बताया है कि मुख्य सड़क तक जाने वाली कच्ची सड़क अब गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय में सड़क पर जलजमाव की वजह से आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने कच्चे मार्ग पर खड़े होकर विरोध जताया। विरोध जता रहे लोगों ने कहा कि कई बार ग्राम प्रधान दिनेश राठौर और ब्लॉक के अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग कर चुके है, लेकिन आज तक इस सड़क का निर्माण नहीं हो सका।

## सार-संक्षेप



करवा व चलनी की खरीदारी करती महिलाएं। अमृत विचार

### करवा चौथ आज, बाजार रहा गुलजार

**बिधूना औरैया।** सुहागिनों ने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना को लेकर रविवार को करवाचौथ त्योहार को लेकर बाजार बंदी के बावजूद भी शनिवार को कस्बे के सभी बाजार गुलजार नजर आए। इस अवसर पर सुहागिनों ने जमकर खरीदारी की। करवाचौथ के त्योहार को लेकर महिलाओं में खासी उत्सुकता दिखाई दी। बाजारों में अधिकांश दुकानों पर महिलाएं सुहाग से संबंधित सामग्री आदि की खरीदारी करती हुई नजर आईं। इस अवसर पर अधिकांश महिलाएं करवा, चलनी तथा कपड़ों की दुकानों पर साड़ियों की खरीदारी करती हुई दिखाई दी। करवाचौथ के त्योहार को लेकर महिलाओं द्वारा की गई खरीदारी से दुकानदारों के चेहरे भी चमकते दिखाई दिए।



राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते आयोजक।

### अब ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी बन सकेंगे वैज्ञानिक : प्रतिभा

**फफूंद, औरैया।** ग्राम पंचायत कोठीपुर विकासखंड भाग्यनगर में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पंडित अटल बिहारी वाजपेई अंतरिक्ष एवं विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा निश्चित तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में जो प्रतिभाएं छुपी हैं उनको इस तरह की प्रयोगशाला से लाभ मिलेगा। अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी वैज्ञानिक बन सकेंगे। उन्होंने कहा की शासन से जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निश्चित रूप से मिलना चाहिए उन्होंने उपस्थित सभी जिला के प्रमुख अधिकारियों को यह स्पष्ट रूप से आदेशित किया कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना में छूटना नहीं चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ नरेंद्र त्रिपाठी,प्रेम कुमार गुप्ता, कमलेश अवस्थी,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,अमरचंद राठौर औरैया, मंडल के अध्यक्ष रामजी बाजपेई, फफूंद मंडल के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, योगेश त्रिपाठी,अंकित रंजन त्रिपाठी, अमित पाठक, ब्लॉक प्रमुख अजीतमल रजनीश पांडे, ब्लॉक प्रमुख अछल्दा शरद राणा, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, रामजी द्विवेदी बिठूर सहित जिला के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तीसरे दिन भी रेलवे ट्रैक पर चला काम, बंद रहा फाटक

**अछल्दा, औरैया।** रेलवे स्टेशन की पूर्वी क्रासिंग 13– बी पर तीसरे शनिवार को भी दिन में मरम्मत कार्य के चलते क्रासिंग का बूम बंद रहने पर लोगों का आना जाना बंद रहा। मशीन से रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य चलने के दौरान क्रॉसिंग से साइकिल सवार और पैदल राहगीर तक नहीं निकल सके, जिस कारण राहगीर परेशान रहे और फाटक के आगे साइड से रेलवे ट्रैक से जान जोखिम में डाल कर साइकिल सवार और पैदल राहगीर निकलते रहे। वाहन चालक दो किलोमीटर से अधिक का चक्कर काटकर स्टेशन की पश्चिमी क्रासिंग 14 सी से निकले।रात में भी फाटक बंद रहने से कस्बावासी समेत राहगीर परेशान रहे लगातार 48 घन्टे से बन्द है। रेलवे की पूर्व निर्धारित सूचना पर रेलवे क्रासिंग 13 बी अप ट्रैक की तरफ मरम्मत कार्य चल रहा है। कॉशन के चलते ट्रेने धीमी गति से गुजरीं। रेलवे स्टेशन के पूर्वी सिरे पर 3 दिनों से लगातार रेलवे लाइन की मरम्मत का कार्य चलने से आम राहगीर परेशान रहे तीनो दिन व्यापार भी चौपट रहा साथ ही आने जाने वाले लोगों को भी समस्याएं हुईं। सड़क यातायात परिवर्तित होने पर वाहन चालक कई किलोमीटर का चक्कर काटते हुए नजदीकी रेलवे फाटक संख्या–14– सी से आते जाते रहे। रेलवे ट्रैक पर काम के चलते रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय व थाना पुलिस भी मौजूद रही।

### किशोरी को भगा ले जाने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव भुलईपुर निवासी गणेश सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 15 अक्टूबर की रात्रि 2 .30 बजे किशोरी को गांव का नितिन बाबू जाटव बहला–फुसला कर भगा ले गया। पुत्री घर से सारा जेवर व जरुरी कागजात व अलमारी में रखे तीन लाख रूपये साथ ले गई है, जब सुबह पता चला तो नितिन के परिजन सभी लोग घर मे ताला डालकर भाग गए है। थानाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ चलाया सदस्यता अभियान

**अजीतमल, औरैया।** सदर विधानसभा अंतर्गत जगदीशपुर ग्राम पंचायत के रतनीपुर में भाजपा सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क कर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। वहीं विधायक ने रतनीपुर में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया तथा उनकी स्थानीय समस्याओं को सुना। विधायक गुड़िया कठेरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। जिसका सदस्य बनना राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना है। विधायक ने कहा कि भाजपा की सदस्यता का शुरुआत होते ही कई करोड़ नागरिकों ने देश में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। विधायक ने सदस्यता अभियान के उपरांत एक बैठक कर जन समस्याओं को भी सुना और प्रदेश सरकार की लाभपरक योजनाओं से मौजूद लोगों और महिलाओं को अवगत कराया। अंत में महिलाओं ने गांव की बिजली, पानी, नाली खड़ंजे, साफ सफाई से संबंधित एक मांग पत्र भी सौंपा। सदस्यता अभियान में धीरू मिश्र, लल्ले दुबे, चरण सिंह गुर्जर, राजू दुबे, रूपराम, राजू, आदि शामिल रहे।

## किशोरी से छेड़खानी के दोषी को 3 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र में एक किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट करने के दोषी आशू दीक्षित की तीन वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। उस पर 15 हजार रूपये अर्थदंड भी लगा।

उपरोक्त मामले की पैरवी कर रहे डी.जी.सी.अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने बताया कि वादी ने थाना अजीतमल में रिपोर्ट लिखवाई कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री व उसका भाई कोचिंग समाप्त होने के बाद सायं पांच बजे वापस घर बाइक से आ रहे थे तभी सुनसान जगह पर गांव के ही आशू दीक्षित ने बाइक रोक ली व जाति सूचक गालियां देते हुए पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने लगे। भाई ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया तो आशू ने जान से मारने की धकमी दी। यह रिपोर्ट थाने में दर्ज हुई तथा पुलिस ने विवेचना कर आशू के विरुद्ध छेड़खानी मारपीट एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो में चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह की कोर्ट में चला तथा शनिवार को इसका निर्णय सुनाया गया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त आशू दीक्षित निवासी ऐमा सेंगनपुर थाना अयाना को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया तथा उस पर 12 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।

### पुलिस ने 24 घंटे में दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिधूना, औरैया।** अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सहार थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त शिशुपाल सिंह के विरुद्ध बीते दिवस पीड़िता द्वारा संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पीड़िता द्वारा थाना सहार पर लिखित दी गई तहरीर में कहा गया था कि शुक्रवार को दोपहर में वह अपने राई के खेत देखने गई थी, जहां शिशुपाल सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी को एसपी द्वारा टीमों का गठन किया गया। जिसके बाद थाना सहार पुलिस द्वारा अभियुक्त शिशुपाल सिंह को थाना सहार क्षेत्रांतर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी अभिजित आर शंकर ने 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार किए जाने पर थानाध्यक्ष सहार अजय कुमार व उनकी टीम को बधाई दी है।



मेहंदी दिखाती छात्राएं एवं साथ में खड़ीं प्रधानाचार्य आराधना यादव। अमृत विचार

## मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**अछल्दा,औरैया।** महेवा रोड स्थित श्री गुलजारी लाल सुखदेवी इंटर कालेज में शनिवार को मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने शिक्षिकाओं की हथेलियों पर मेहंदी के एक से बढ़कर एक डिजाइन बनाकर मन मोह लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य आराधना के हाथों पर बच्चों के बनाए गए मेहंदी के डिजाइनों की प्रशंसा हुई। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों में छिपी रचनात्मक क्षमता को निखारने में प्रतियोगिताएं लाभकारी होती हैं।

**खेल के मैदान से** संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाये जौहर, बच्चों ने खेलकूद में बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

## फर्राटा दौड़ में श्रेष्ठा और विशाल ने मारी बाजी

संवाददाता अजीतमल, औरैया



खेलकूद स्पर्धा में प्रतिभाग करते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार के निर्देशन में संकुल बडैरा के प्राथमिक विद्यालय जगनपुर में शनिवार को संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के बच्चों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन नोडल शिक्षक संकुल अनिल कुमार शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ेरा संकुल के 8 प्राथमिक विद्यालय और 4 उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में कबड्डी, लंबी कूद, दौड़ जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल रही। कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर स्तर बालिका वर्ग में गडियां सिमार और बालक वर्ग में जगनपुर की टीमों ने अपने अपने फाइनल मैच में जीत हासिल की। 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर अर्जुन कंपोजिट विद्यालय फूलपुर ने पहला स्थान, नितिन जगनपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में दिव्या ने पहला स्थान प्रा. वि.शाला सिमार ,प्राची बडौरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर बालिका वर्ग में श्रेष्ठा और लक्ष्मी भूरेपुर कला ने क्रमश :पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया।100 बालक वर्ग में विशाल जगनपुर पहला स्थान और गाडियां शिमार मंजीत ने दूसरे स्थान पर रहे।वही लंबी कूद बालक वर्ग जूनियर स्तर में विशाल जगनपुर पहला स्थान,मंजीत गडियां सिमार दूसरे स्थान एवं बालिका वर्ग में शिल्पी और अनीता गजनपुर ने क्रमशा पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं इस अवसर पर नोडल शिक्षक अनिल शर्मा ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों ने पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस मौके पर दीपक कुमार,शिवा चौहान,राहुल कुमार, उमेश कुमार अमित कुमार पंकज चतुर्वेदी आदि रहे।



संस्था के अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह सेंगर के साथ मेडल पहने अभिषेक। अमृत विचार

## अभिषेक ने चैंपियन बनकर दिखाया दम

**बिधूना औरैया।** श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज बिधूना के छात्र अभिषेक सेंगर ने डीएन इंटर कालेज तिर्वा कन्नौज में आयोजित मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 800, 1500, 3000 व 6000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप जीतकर विद्यालय व अपने घर परिवार समेत जनपद का नाम रोशन किया है।


अभिषेक सेंगर श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज बिधूना में कक्षा 12 का छात्र है। उसकी इस सफलता पर संस्था के अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह सेंगर, प्रधानाचार्य डीपी सिंह यादव, व्यायाम शिक्षक उदय प्रताप सिंह जादौन, विनोद सिंह कुशवाह, राजेन्द्र सिंह गौर, गौरव गुप्ता, चुनमुन राठौर, राहुल तिवारी आदि ने सराहना की है। विद्यालय के अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र को अति शीघ्र सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बच्चा स्टेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाराणसी जाएगा।

## ट्रक के हेल्पर ने फांसी लगाकर दी जान

**औरैया।** गांव बरमूपुर में एक युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। दवा लेकर घर पहुंची मां की बेटे का शव लटकता देखा तो उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे गए। 4 माह पहले युवक पिता ने भी जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव बरमूपुर निवासी सर्वेश पाल ने करीब 4 माह पहले किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी थी। बीती रात उनका 20 वर्षीय बेटा हिमांशु जो की ट्रक का हेल्पर था। पिता की मौत के बाद वह मां बेबी पाल के साथ घर में रहता था। मां अपने लिए दवा लेने शहर आई थी। इसी दौरान हिमांशू ने फंदे से लटक कर जान दे दी। शाम करीब 7 बजे मां घर पहुंची तो बेटा का शव फंदे से लटका मिला। शव देखकर उसकी चीख निकल गई। जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद मां व मौजूद गांव के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की।

# दार्शनिक क्षेत्र में विश्वप्रतिष्ठ है भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है।

हम असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे संबंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में हैं। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अनुभूति भारतीय चिंतन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमंडल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्मण्ड का हिस्सा हूं।

संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है, लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता हैं और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोकव्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी हैं। हम विराट प्रकृति का अंग हैं। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है, लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लंबे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ.आंबेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में "जातियों की उत्पत्ति और संरचना" पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था "प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. आंबेडकर ने कहा कि, "किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।" वे कहते हैं "जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन सा था, जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूं। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?" प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है।

ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. आंबेडकर ने इसी शोध में कहा था, "जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गलतियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।" सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी, लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किए। गांधी, डॉ. आंबेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जातिभेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में "नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता" पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था, लेकिन डॉ. आंबेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था "जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।" सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जनअभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं। दलित या अन्य पिछड़ा वर्ग होने के बावजूद कोई प्रतिष्ठा का आकाश छू रहा है तो उसी वर्ग के सामान्यजन भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते?

जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेदविहीन समाज बनाना होगा। "सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय" भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनैतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गों के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है। दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं, लेकिन जन जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है। इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ विज्ञान और जाति मुक्त चिन्ता के साथ जाति समूहों का व्यथा चिन्तन भी होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरूओं को भी करना चाहिए।

# क्या प्रतीक बदले तो न्याय सुधरेगा



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अचरज होता है कि भारत के न्यायतंत्र के आधुनिकीकरण पर! वरना जब अमेरिका जन्मा नहीं था, ब्रिटिश जनता वल्कल वस्त्र पहनती थी, मिस्र, यूनान और चीन अभी पिछड़े ही थे तब भारत में मनु, याज्ञवल्क्य, कात्यायन, बृहस्पति आदि प्रचुरता में न्यायिक ग्रंथ लिख गए थे। मगर अब अमृतकाल में प्रधान न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ को इल्हाम हुआ कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रतीकों का आधुनिकीकरण होना चाहिए।

न्यायशास्त्र का अध्ययन करते समय मुझे भी अचरज ही होता था कि पुरातन अध्ययन के आधुनिकीकरण का मुहूर्त कब आएगा? कानून के सामने सभी समान हैं, यह तो ध्रुव सत्य है। इसीलिए हैरानी होती है कि समतामूलक भारत को इसे लागू करने में इतना अरसा क्यों हुआ? ब्रिटिश साम्राज्यवादी धुरंधर विधिवेत्ता भी रहे। वे भी जागने में काफी पिछड़ गए। मसलन एक सर्वमान्य नियम है कि कानून कभी विषमता नहीं करता। फिर भी गोस्वामी तुलसीदास सदियों पूर्व लिख गए कि "समरथ को नहीं दोष गोसाई।" क्लेशदायी बात यह भी रही कि भारतीय महाद्वीप में भी ऐसी ही नाइंसाफी पनपती रही। लोग डॉ. भीमराव आंबेडकर की बड़ी श्लाघा करते हैं? तो क्या इस दलित पुरोधा ने संविधान में सवर्णों के साथ धोखा नहीं किया? विभाजित भारतीय उपमहाद्वीप के राजनेता और स्वाधीनता सेनानी लोग अधिकांश विधिवेत्ता ही रहे। राजेंद्र प्रसाद, नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना आदि मगर इन सभी ने बिखरे समाज को ही पनपाया। नेहरू तो अत्यधिक पक्षपाती रहे मुसलमानों के। मुसलमानों की अनगिनत स्त्री-सुख निर्बाध मिले। हिंदू के साथ तो अर्धांगिनी एकल ही। अंततः नरेंद्र मोदी ने एक नर का नारी वाला युगल कराया। विधिवादी दार्शनिक गुआन झोंग (720-645 ईसा पूर्व) ने घोषणा की कि "राजा और उसकी प्रजा चाहे कितनी भी बड़ी या छोटी क्यों न हो, कानून का पालन करना महान व्यवस्था होगी"। बाइबल कहती है कि "तुम और परदेशी प्रभु के सामने एक समान होंगेः तुम पर और तुम्हारे बीच रहने वाले परदेशी पर एक ही नियम लागू होंगे।" अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने 1867 में "कानून के समक्ष समानता" के आदर्श वाक्य को अपनाया। यह राज्य के झंडे और राज्य की मुहर दोनों पर दिखाई देता है।

इस आदर्श वाक्य को नेब्रास्का में अश्वेत लोगों और महिलाओं के लिए राजनीतिक और नागरिक अधिकारों का प्रतीक बनाने के लिए चुना गया था, विशेष रूप से नेब्रास्का की गुलामी की अस्वीकृति। दक्षिण अफ्रीकी स्वतंत्रता चार्टर 1955 में अपनाए गए की पांचवीं मांग रही, "कानून के समक्ष सभी समान होंगे!" याद रहे मिस्र ने विश्व न्यायतंत्र को तराजू दिया। यह न्याय की प्रतीक है। संतुलन का भी। यूनानी सभ्यता से न्याय की देवी यूरोप और अमेरिका पहुंची। इसे भारत ब्रिटेन के एक अफसर लेकर आए थे, 17 वीं सदी में ब्रिटिश काल में 18 वीं शताब्दी के दौरान न्याय की देवी की मूर्ति का सार्वजनिक इस्तेमाल किया जाने लगा। भारत की आजादी के बाद न्याय की देवी को उसके प्रतीकों के साथ भारतीय लोकतंत्र में स्वीकार किया गया। अलग-अलग देशों में न्याय की देवी कुछ अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती हैं। लेडी जस्टिस की मूर्ति आमतौर पर एक खड़ी या बैठी हुई महिला के रूप में होती है। वह आम तौर पर नंगे पैर होती है और उसके बाल या तो उसके कंधों तक लटकते हुए होते हैं या फिर बंधे होते हैं। कहीं-कहीं उसके बाल सिर के चारों ओर फैले हुए होते हैं। वह एक हाथ में तराजू और दूसरे में तलवार रखती है। आमतौर पर तराजू बाएं हाथ में और तलवार दाएं हाथ में होती है। करीब सभी जगह उसकी आंखों पर पट्टी बंधी होती है। फिलहाल हर परिवर्तन केवल प्रतीकात्मक होता है। जब तक मानव न्यायप्रिय नहीं बनता समाज अत्याचारी रहेगा, क्योंकि समाज का आधार ही शक्तिपूजा और निरंकुशता रहेगी।

# देशज पसमांदा और सामाजिक न्याय की अभिकल्पना



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

भारत के मुस्लिम अशराफ शासन काल में भी नस्लीय और जातीय भेदभाव आम था। अकबर ने तो यह शासनादेश जारी किया था कि नीची जाति के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने से रोक दिया जाए, क्योंकि इन जातियों से फसाद बरपा होता है।

हरियाणा चुनाव के ठीक बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समाज की जातियों का उल्लेख कर पसमांदा और अशराफ के विभेद को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। अब यहां एक प्रश्न उठता है कि क्या मुस्लिम समाज एक समरूप इकाई है जैसा कि अशराफ वर्ग, सेकुलर और लिबरल बुद्धिजीवियों के नॉरेटिव में गढ़ा गया है। सत्य इसके ठीक विपरीत है। मुस्लिम समाज स्पष्ट रूप से विदेशी अशराफ (शासक वर्गीय उच्च वर्ग) और देशज पसमांदा (मुस्लिम धर्मावलम्बी आदिवासी, दलित और पिछड़े) समाज में न सिर्फ बंटा हुआ है, बल्कि ऊंच-नीच, भेदभाव नस्ली अस्मिता से भरा पड़ा है। न सिर्फ भारत बल्कि अरब देशों में भी मुस्लिम समाज में नस्लवाद और जातिवाद लगभग सभी रूपों में पाया जाता है।

इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की गिरफ्तारी के बाद निकाबत विभाग के प्रमुख द्वारा यह बयान जारी किया गया कि लजनतुल अंसाब (नस्ल जांच समिति) के अनुसार सद्दाम हुसैन के सैयद होने का दावा बिल्कुल गलत है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि सदर सद्दाम हुसैन को अपनी जाति सैयद बनाने की जरूरत पड़ गई। इसको बड़ी आसानी से समझा जा सकता है। जिसे उनके अवसान के बाद निरस्त कर दिया गया। अरब देशों में सर्वोच्च खलीफा का पद उच्च वर्गीय अशराफों के लिए इस्लाम धर्म की उत्पत्ति से ही आरक्षित है। इस्लामिक विद्वानों द्वारा समय-समय पर इस शासन कि मजहबी वैधता पर अक्सर सवाल उठाते देखा सुना जाता रहा है। ईरान राज्य का सर्वोच्च (सरकारी एवं मजहबी) रहनुमा का पद सदैव सैय्यद वंश के लिए आरक्षित रहता है। सिर्फ सैय्यद जाति के लोगों को ही काला इमामा (पगड़ी) पहने का विशेषाधिकार है। भारत के मुस्लिम अशराफ शासन काल में भी नस्लीय और जातीय भेदभाव आम था। अकबर ने तो यह शासनादेश जारी किया था कि नीची जाति के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने से रोक दिया जाए, क्योंकि इन जातियों से फसाद बरपा होता है। पूरे मुस्लिम अशराफ शासन काल में सैय्यद जाति को विशेषाधिकार प्राप्त था और उन्हें मृत्यु दण्ड नही दिया जाता था। ग्यासुद्दीन तुगलक और मुहम्मद बिन तुगलक का शासनकाल इसका अपवाद था। यही कारण था कि उस समय के अशराफ मौलवियों और अमीरों द्वारा उसे समय-समय पर मानसिक रोगी साबित करने की चेष्टा किया करते थे। भारत में आज भी प्रचलित इस्लामी शरिया कानून में शादी-विवाह के कानून में कुफु नामक सिद्धांत के अंतर्गत नस्लीय और जातिगत भेदभाव को वैधता प्राप्त है। अरब ईरान समेत दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में ऐसी सामाजिक न्याय का मिसाल ढूंढे नहीं मिलता। इन सबके बाबजूद मुस्लिम समाज में व्याप्त जातिगत और नस्लीय भेदभाव को अशराफ, सेक्युलर लिबरल बुद्धिजीवियों की तरफ से नकारा ही जाता रहा है। उस पर पर्दा डालने की व्यापक कोशिश की जाती रही है। हद तो तब हो गई जब सच्चर कमेटी की इस बात को कि दलित मुस्लिमों की हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है।

अशराफ, सेक्युलर लिबरल बुद्धिजीवी वर्गों ने भ्रम फैलाते हुए कहना शुरू किया कि सारे मुस्लिमों की स्थिति दलितों से भी बदतर है। जब मुस्लिम समाज समरूप इकाई नहीं है और यहां भी न सिर्फ सामाजिक, बल्कि धार्मिक आधार पर भी मुस्लिम समाज जातियों एवं जनजातियों में बटा हुआ है,जहां बन गुजर, भील, सेपिया, बकरबाल, सिद्धी जैसे आदिवासी, मिरासी, मेहतर, नट, धोबी, जैसी दलित और धूनिया, कुजड़ा, कसाई, डफाली, तेली, कोरी जैसी पिछड़ी जातियां हैं तो फिर कांग्रेस, सेकुलर पार्टियों या सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली, दलित और मूलनिवासी की राजनीति करने वाली, राजनीतिक पार्टियों ने इससे अपने आपको क्यों अलग ही रखा? बाकी पार्टियों ने तो यदा-कदा ही सही इस पर बात की है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने सदैव ही इससे अनभिज्ञता का ही व्यवहार किया है। देशज पसमंदा आंदोलन के साथ-साथ शायद प्रधानमंत्री की भी यही पीड़ा है, जिसे उन्होंने अपने उद्बोधन स्पष्ट रूप से कहा है। पसमांदा उत्थान की बात तो बहुत दूर की है कांग्रेस ने कभी पसमांदा शब्द का प्रयोग करना भी गवारा नहीं किया। कांग्रेस सदैव मुस्लिम अशराफ तुष्टिकरण की नीति पर ही चलती रही है। अशराफ सदैव मुस्लिम एकता का राग अलापता है। वह यह जानता है कि जब भी मुस्लिम एकता बनेगी तो अशराफ ही उसका लीडर बनेगा। यह एकता उन्हें अल्पसंख्यक से बहुसंख्यक बनाती है, जिसकी वजह से अशराफ को इज्जत, शोहरत, पद और संसद विधान सभाओं में सम्मानजनक स्थान मिलता है।

दूसरी ओर ये लोग मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत पसमांदा कार्यकर्ताओं पर कौम के बंटवारे का आरोप लगाकर उन्हें यहूदी, आरएसएस/भाजपा का एजेंट कहकर कलंकित करने का प्रयास कर मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय की स्थापना में बाधा उत्पन्न करते रहें हैं। इसलिए पसमांदा आंदोलन की यह प्रथम मांग रही है कि मुसलमानों द्वारा मुसलमान एवं अल्पसंख्यक नाम पर चलने वाली सभी संस्थाओं में पसमांदा को संविधान प्रदत्त उनका एसी, एसटी और ओबीसी केटेगरी का कोटा निर्धारित कर आरक्षण की व्यवस्था कर सामाजिक न्याय स्थापित किया जाए। भारतीय बुद्धिजीवियों को, मीडिया को, सरकार में बैठे लोगों को, विपक्ष को और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मुस्लिम समाज के नस्लीय और जातिगत स्तरीकरण को ध्यान में रखते हुए सिर्फ मुस्लिम प्रतिनिधित्व की बात नहीं, बल्कि उसके अंदर मौजूद आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के भागेदारी की बात करनी चाहिए और केंद्र व राज्य सरकारों को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए और अल्पसंख्यक व मुस्लिम समाज के लिए बनने वाली नीतियों पर पुनः विचार कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहिए।

# पूजा और परस्त्री गमन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ऋषि को गंगा जी ने षड्यंत्र बता दिया, तो वे उल्टे पांव वापस आ गए और दुष्कृत्य कर्ताओं को मौके पर पा लिया। सबको अलग-अलग शाप दे दिया। चंद्रमा को मुख पर दाग हो जाने और राहु/केतु द्वारा ग्रहण लगने का शाप दिया।

सुहागिनों का व्रत करवाचौथ उपस्थित है। वे दिन भर व्रत रखकर चंद्रोदय पर व्रत खोलती हैं। यह व्रत वे अपने पति की दीर्घायु के उद्देश्य से करती हैं। अपने ग्रंथों में सूर्य और चंद्र देवता मान्य हैं। व्रत उपवास तो दैहिक शुद्धिकारक होते ही हैं, इसमें दो राय नहीं है, किंतु लगता है समाज में नारी अस्मिता से छेड़छाड़ करने पर दोहरे मानदंड अपनाए गए हैं। एक तरफ तो रावण का उदाहरण है, जिसने सीताजी का हरण तो किया था, किंतु उनकी अस्मिता और शालीनता को आंच नहीं आने दी, तथापि उसके कुल का समूल नाश किया गया और तब से अब तक प्रतिवर्ष उसका पुतला फूंका जाता है। दूसरी तरफ चंद्रदेव हैं, जो बाकायदा परस्त्री गमन के दोषी हैं, फिर भी पूज्य हैं और वह भी नारी वर्ग द्वारा ही। पौराणिक कथानुसार देवगुरु वृहस्पति की पत्नी तारा बहुत सुंदर थीं। चंद्रमा उन पर मुग्ध हो गए और हरण कर ले गए। उन्हें अपनी पत्नी के रूप में रखा और एक पुत्र 'बुध' भी उत्पन्न किया। तारा को लेकर देवगुरु और चंद्रमा में युद्ध भी हुआ। दोनों ओर से कुछ समर्थक भी शामिल हुए। अंततः वृहस्पति पक्ष विजयी हुआ और चंद्रमा को तारा वापस करनी पड़ी। हालांकि व्यभिचार तो पूर्णता को प्राप्त हो चुका था। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, "ससि गुरुतियगामी नहुष, चढ़े भूमिसुर जान। लोक वेद ते विमुख मा अधम को वेणु समान"।। एक अन्य कथाक्रम में देवराज इंद्र ने गौतम ऋषि की पत्नी अहल्या से व्यभिचार किया था। ऋषि ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान हेतु बाहर जाते थे। देवराज ने चंद्रमा का सहयोग लेकर आधी रात को ऋषि को भ्रम उत्पन्न करा दिया कि सुबह होने वाली है। ऋषि बाहर चले गए, तो इंद्र अभिसार हेतु अहल्या के पास आ गए और चंद्रमा को कुटिया के द्वार पर पहरे पर बिठा दिया। ऋषि को गंगा जी ने षड्यंत्र बता दिया, तो वे उल्टे पांव वापस आ गए और दुष्कृत्य कर्ताओं को मौके पर पा लिया। सबको अलग-अलग शाप दे दिया। चंद्रमा को मुख पर दाग हो जाने और राहु/केतु द्वारा ग्रहण लगने का शाप दिया। यह सब होते हुए भी चंद्रदेव का पुतला फूंकना तो दूर, उनकी पूजा बाकायदा बरकरार है और वह भी नारियों द्वारा, जिन पर उनका कुदृष्टि डालना सिद्ध है।

# नाटकीय कथानक का जन्म



सुशोभित

लॉ (रेंस) बि(श्नो)ई की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का सुराग सामूहिक-अवचेतन के अनेक रहस्यों में निहित है। शक्ति में अदम्य आकर्षण होता है। ताकत चुंबक की तरह खींचती है। जब उसके समीकरण बहुसंख्यजन को अपने अनुरूप लगते हैं तो वे उससे बेहतर प्रभावित हो जाते हैं। लोग भगवान को पूजते हैं, लेकिन मन ही मन जानते हैं कि दुनिया को शैतान चलाता है। बुराई की ताकतों का बोलबाला है। घी टेढ़ी उंगली से निकलता है। लोहा लोहे को काटता है। बाल-बच्चेदार, सद्-गृहस्थ लोग इस स्याह दुनिया से रोज मुठभेड़ करते हैं, लेकिन अपनी असमर्थता से मन ही मन घुटकर रह जाते हैं। जब वे किसी दिलेर को नियम तोड़ते देखते हैं तो इससे प्रभावित होते हैं। उसमें नायक की छवि की तनिक भी कल्पना से उस पर मुग्ध हो जाते हैं। 'एंग्री यंग मैन' का रूपक ऐसे ही रचा गया था, जिसने सत्तर के दशक में नियति-वंचित, मध्य-वित्त के नौकरीपेशाओं को अपनी दमित भावनाओं के विरेचन का सुख दिया था। लॉ (रेंस) की दबंगई भी जनमानस को निर्भर होने का रोमांच देती है।

लॉ (रेंस) की लोकप्रियता का दूसरा कारण उसकी 'हिन्दू गैंग्स्टर' की छवि का होना है। दाऊद इब्राहीम, छोटा शकील, टाइगर मेमन, अबू सलेम के किस्से सुनकर बड़ी हुई पीढ़ी को उसमें अपनी सामुदायिक पहचान का एक योद्धा दिखता है। नव हिन्दुत्व को इधर निरंतर अपने लिए उग्र प्रतीकों की जरूरत महसूस हुई है। राम और हनुमान की सौम्य छवियां भी इधर अधिक आक्रामक रूप में प्रस्तुत की गई हैं। राजनीति के क्षेत्र में पौरुषपूर्ण चेहरे उभरे हैं। इस नव-हिन्दुत्व को लॉ (रेंस) के रूप में नया नायक मिला है। लॉ (रेंस) भाल पर तिलक लगाता है, उसने अपनी बांह पर जय श्रीराम गुदवा रखा है, वह धार्मिक भावना आहत होने की बिनाह पर सलमान खान को ललकारता है। हत्याकांडों को वह 'प्रभु की लीला' करार देता है। "शत्रु के शरीर से मेरी लड़ाई थी, उनकी आत्मा तो अब परमात्मा में लीन हो चुकी"- ऐसे बयान बिना किसी लाग-लपेट के देता है। आम धारणा में यह पैठा है कि बॉलीवुड का झुकाव इस्लामिक नैरेटिव की तरफ रहता है। हाल के सालों में खान-त्रयी के वर्चस्व को तोड़ने वाले सुपर सितारों के रूप में अक्षय कुमार, अजय देवगन, सनी देओल, संजय दत्त को सेलिब्रेट किया जाता रहा है। दर्शकों ने विवेक ओबेरॉय को सलमान के सामने याचना करते देखा है। सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या देखी है। वे इस बात से खुश होते हैं कि बॉलीवुड को धमकाने वाला एक हिन्दू डॉन उभरकर सामने आया है। इस नए रोमांच ने सोशल मीडिया की उत्तेजित धमनियों में करंट दौड़ा दिया है!

लॉ (रेंस) का नामकरण अंग्रेज अफसर हेनरी लॉरेंस के नाम पर किया गया था, जो ब्रिटिश राज के दौरान पंजाब सूबे में लोकप्रिय थे। जन्म के समय उसका रंग गोरा-चिट्टा था और उसे फिरंगी कहने की गरज से उसका यह नाम रखा गया। लॉ (रेंस) ने कैमरे पर ऑन-रिकॉर्ड और एक से ज्यादा मर्तबा यह कहा है कि उसकी जिंदगी का एक ही मकसद है, सलमान खान को मारना। शर्त उसने यह रखी है कि अगर सलमान मुक्तिधाम, मुकाम में बिश्नोइयों के धर्मस्थल पर जाकर क्षमायाचना कर ले तो उसकी जान बख्स दी जाएगी। उसका यह तेवर लोगों की नसें फड़काता है।

सलमान पर इलजाम है कि उन्होंने साल 1998 में जोधपुर के जंगलों में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान काले हिरणों (कृष्णमृग) का शिकार किया था। इन कृष्णमृग को बिश्नोई समुदाय में पवित्र माना जाता है। जब वह घटना घटी, तब लॉ (रेंस) महज 4 साल का था, लेकिन गुस्से और अपमान को उसने जहर की गांठ की तरह मन में पाला। सलमान बॉलीवुड के भाईजान हैं। दबंग हैं, टाइगर हैं। उनका नाम चलता है। सलमान माफी कैसे मांगें और लॉ (रेंस) पीछे कैसे हटे? इसने एक बॉलीवुडशैली के नाटकीय कथानक को जन्म दिया है, जिसने सनसनी के भूखे लोगों को सुबह-शाम का मसाला दे दिया है।

# वैश्विक शांति एवं खुशहाली के लिए भारतीय जीवन दर्शन अपरिहार्य



प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय ज्ञान परंपरा के मुख्य रूप से तीन आयाम, ज्ञान, विज्ञान और दर्शन हैं। हर युग के भारतीय शास्त्रों में ज्ञान अर्जन पर जोर दिया गया है।

विकास का मुख्य उद्देश्य प्रसन्नचित, शांत एवं समृद्ध समाज का निर्माण करना है, परंतु आज वैश्विक समाज का एक बड़ा भाग और वर्ग अशांति और घोर अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। साथ ही आर्थिक समृद्धि के लिए शुरू हुई अंधी दौड़ की आपाधापी में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक विदोहन हो रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इस प्रकार आर्थिक समृद्धि के लिए अशांत एवं संघर्षरत समाज में प्रसन्नता या खुशहाली का हर एक संवेदनशील व्यक्ति से दूर होना लाजमी है। क्योंकि विकास का यह वैश्विक मॉडल औपनिवेशिक मानसिकता और पूंजीवाद पर आधारित है, जिस कारण गरीब और अमीर के बीच का अंतर बढ़ने के साथ ही अशांति भी बढ़ती जा रही है। इसलिए दीर्घकालीन व चिरकालीन सुख, शांति और संपन्नता के लिए वैश्विक समाज को भारतीय दर्शन को अपनाना होगा, जिसका रास्ता भारतीय ज्ञान स्रोतों से ही निकलेगा।

भारतीय ज्ञान के प्रमुख आधार वेद, पुराण, उपनिषद, महाभारत, रामायण और भगवत गीता इत्यादि विशाल स्रोत हैं। इन ग्रंथों की विशालता को सीखने एवं समझने के लिए स्कूली स्तर से शिक्षण एवं शोध करने की आवश्यकता आज वैश्विक स्तर पर महसूस की जा रही है, क्योंकि ज्ञान के इन स्रोतों और तथ्यों का विस्तार से अध्ययन किया जाना मानव समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए आवश्यक है। परंतु प्रश्न है कि इतनी पुरानी विरासत और समृद्ध ज्ञान को मानव कल्याण हेतु वर्षों तक उपयोग में क्यों नहीं लिया गया? कई वर्षों तक भारतीय ज्ञान के स्रोतों को नकारे जाने के पीछे मुख्य रूप से ब्रिटिश उपनिवेशवाद के द्वारा इस परंपरा को सीरे से नकारा जाना है, क्योंकि 17 वीं शताब्दी में आयरलैंड के आर्क विसप जेम्स उशर ने अपनी गणना के आधार पर पृथ्वी की रचना को ईश्वर द्वारा छह दिन की मेहनत के बाद 23 अक्टूबर 4,004 बीसी की तिथि बताई। इसलिए जब पृथ्वी की उम्र ही कम होगी तो हजारों, लाखों वर्ष पुराने ग्रंथों की प्रामाणिकता पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है, परंतु आधुनिक वैज्ञानिकों की गणना के अनुसार पृथ्वी की उम्र लगभग 4.50 अरब वर्ष और सृष्टि की उम्र लगभग 13.8 अरब वर्ष पुरानी मानी जा रही है। सृष्टि के निर्माण को 'बिग बैंग' से माना जाता है, जिसे बेल्जियम के भौतिक शास्त्री और कैथोलिक संप्रदाय के पादरी जॉर्ज लेमित्र ने 1927 में प्रतिपादित किया। खगोल विज्ञानी एडमिन हब्बल के सिद्धांत के अनुसार सृष्टि का लगातार विस्तार हो रहा है, यह तथ्य उनके द्वारा लगभग एक दशक के शोध व अध्ययन के उपरांत 1929 को दुनिया को समझ आया। इन वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि सृष्टि का आकार अनिश्चित है, जो लगतार फैल रहा है और इसमें कई ग्रह, तारे, आकाशगंगा आदि हो सकती हैं, जिनकी खोज जारी है और ये अरबों वर्ष पुरानी हैं। इससे भारतीय ज्ञान की हजारों, लाखों वर्षों से होने की प्रमाणिकता पुष्ट होती है। क्योंकि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व की सबसे पुरानी परंपराओं में से एक है। ज्ञान के इन तथ्यों को समझने एवं अध्ययन करने के लिए उपनिवेशवाद की मानसिकता से बहार निकलना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा के मुख्य रूप से तीन आयाम, ज्ञान, विज्ञान और दर्शन हैं। हर युग के भारतीय शास्त्रों में ज्ञान अर्जन पर जोर दिया गया है। ज्ञानार्जन की प्रक्रिया परीक्षा केंद्रित न होकर अनुभवों, प्रयोगों तथा अवलोकनों के आधार पर विकसित करने की रही है। वैज्ञानिक समझ विकसित होने से ही ज्ञान के तथ्यों को व्यवहारिक रूप में अमल में लाया जा सकता है। ज्ञान के सिद्धांतों एवं तत्वों को व्यावहारिक उपयोग करने से वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। आज जो देश विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं वे पूंजीवाद आधारित आर्थिक विकास के मॉडल पर चल रहे हैं, जिससे आज विश्व समाज में आर्थिक विषमता और गरीब-अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर पूंजीवादी आर्थिक नीति के कारण प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन तेज गति से हो रहा है, जो पर्यावरण संकट खड़ा कर रहा है और इससे वैश्विक स्तर पर आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संघर्ष भी बढ़ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की अस्थिरता इसी पूंजीवादी आर्थिक मॉडल की परिणीति है। इसलिए विश्व शांति, मानव कल्याण, समग्र व सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय जीवनशैली को विश्व समुदाय को अपनाना होगा।

भारतीय जीवनशैली मुख्य रूप से, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पर आधारित है, जिसके तहत हर व्यक्ति को जीवन पर्यंत सार्वभौमिक सत्य का अनुसरण कर सत्य के पथ पर चलते हुए प्रकृति और आर्थिक गतिविधियों के बीच में संतुलन बनाना होगा। साथ ही आर्थिक रूप से समृद्ध समाज को उस समाज के प्रति भी संवेदनशीलता अपनाने और आत्मीयता के साथ उनके उत्थान के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास करने होंगे, जो आर्थिक रूप से अधिक संपन्न नहीं हैं। इस प्रकार की नीति से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होगी यानी मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा और वैश्विक स्तर पर प्रसन्नचित समरस समाज स्थापित होगा।

## एक नजर

### 1781 हेड कांस्टेबलों को मिली पदोन्नति, बने दरोगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में तैनात 1781 हेड कांस्टेबल को दीपावली से पहले पदोन्नति का तोहफा मिला है। डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में सभी को दरोगा बना दिया गया है। डीआईजी स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया ने शनिवार को इस मामले में आदेश जारी किया है। आदेश की प्रति पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से गठित विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा संस्तुत सूची को डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को मंजूरी दी थी। इन सभी पुलिसकर्मियों को फिलहाल उनकी तैनाती वाले स्थान पर ही पदोन्नत कर दिया गया है।

### बाघ के दांतों की तस्करी में सरगना समेत दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शनिवार को बाघ के दांतों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना समेत दो को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर के मुताबिक निघासन-पलिया मार्ग के बोझवा गांव के पास से गिरफ्तार गिरोह के सरगना लखीमपुर के सिंगाही स्थित भैरमपुर निवासी दीन दयाल और उसके सहयोगी सतीश के पास से पांच दांत, दो पंजे, दो मोबाइल, नकदी, एक बाइक बरामद की गई है। इनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रुपये है। आरोपियों के खिलाफ पलिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### डीजीपी ने ली परेड की फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास की सलामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस स्मृति दिवस 2024 की परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। परेड की सलामी डीजीपी प्रशांत कुमार ने ली। पुलिस लाइन में हुए शनिवार को पूर्वाभ्यास परेड की कमांड पीएसी द्वितीय वाहिनी के सेनानायक संतोष कुमार मीणा और द्वितीय कमांड एडीसीपी अपराध कमिश्नरेट लखनऊ अमित कुमावत ने की। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जीआरपी, अग्निशमन सेवा की कुल 12 टुकड़ियां शामिल थी।

# बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक

## मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के नेताओं को चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


भाजपा की सदस्यता का नवीनीकरण कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर उप चुनाव को लेकर हुई बैठक में मंत्रियों की टीम 30 समेत सभी नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्यप्रताप शाही समेत राज्य के कई वरिष्ठ मंत्री और प्रभारी मंत्री समेत भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### योगी, केशव, ब्रजेश फिर बने सक्रिय सदस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए सक्रिय सदस्य के रूप में फिर से स्वयं को पार्टी के प्रति समर्पित किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के आवास पर जाकर अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण और उत्थान हेतु समर्पित भाजपा उप्र की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण रसीद सौंपी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता व रामप्रताप सिंह चौहान भी साथ रहे। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच के जरिए कहा कि यह अभियान एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में भी सहायक होगा।

### योगी के नेतृत्व में सभी सीटें जीतेंगे : भूपेंद्र

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सभी सीटों के लिए पूरी तैयारी है और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। 9 सीटें जीतने के साथ ही मिल्कीपुर सीट पर भी जैसे ही चुनाव घोषित होगा, वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी।

### हरियाणा के बाद अब उप्र में पलटेगी बाजी : राठौर

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि पूरा पीडीए भाजपा के साथ है उनके साथ कोई नहीं है। ये सिर्फ झूठ के सहारे चुनाव जीते थे। खटाखट, आरक्षण और संविधान का नेरेटिव बनाकर जनता को बरगलाकर और छलावा करके चुनाव जीतने का काम किया है। हरियाणा के बाद अब उप्र चुनाव में भी बाजी पलटने वाली है।

# डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय बने प्रदेश चुनाव अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा में सांगठनिक बदलाव की तैयारी, छह नेताओं को सह चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी


डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय

**अमृत विचार :** सदस्यता अभियान के बाद भाजपा में सांगठनिक बदलाव की तैयारी है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व ने शनिवार को पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाते हुए छह सह प्रदेश चुनाव अधिकारी भी नियुक्त किए गए।

भाजपा सांसद और राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के लक्ष्मण की ओर से जारी पत्र में पूर्व भाजपा सांसद डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाया गया है जबकि हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार और राजेंद्र तिवारी को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने संगठन चुनाव के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया है। इसके पूरा होते ही संगठन में हर स्तर पर बदलाव किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को बदले जाने की संभावना है। इस बार जिलों में भी युवाओं की तरजीह दिए जाने के आसार हैं।

# बिजली कनेक्शन, बिलिंग और शिकायत निस्तारण के लिए होंगे अलग अधिकारी

## व्यवस्था में सुधार की कवायद 15 नवंबर से केस्को कंपनी से होगी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए वितरण निगमों के नई पायलट व्यवस्था के तहत प्रशासनिक संगठन में बदलाव होगा। नई कार्य व्यवस्था के तहत बिजली कनेक्शन, मीटर, बिलिंग व शिकायत निस्तारण के लिए क्षेत्रों में अलग-अलग अधिशासी अभियंता तैनात होंगे। 15 नवंबर से कानपुर स्थित केस्को कंपनी से इसकी शुरुआत होगी। केस्को के निदेशक मंडल के निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नई व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सफलता मिलने पर इसे दूसरे वितरण निगमों में भी लागू किया जाएगा।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार नई व्यवस्था से क्षेत्रीय अधिकारियों पर कार्य का दबाव कम होगा। अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी पर उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से सभी विभागों में आधारभूत संरचना को सरलीकरण करने व आधुनिकीकरण करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इसे प्रदेश की बिजली कंपनियों में लागू किया जा रहा है। इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल व प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से विस्तृत चर्चा की और नई व्यवस्था को लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### उपभोक्ता घर बैठे दर्ज करा सकेंगे शिकायत

नई व्यवस्था में उपभोक्ता घर बैठे बिजली संबंधी कोई की समस्या आनलाइन दर्ज करा सकेंगे। क्षेत्र के अवर अभियंताओं व सहायक अभियंताओं से किसी भी क्षेत्र में कार्य लिया जा सकेगा।

# नामांकन पत्रों की जांच के बाद उपलब्ध कराई जाएगी मतदाता सूची

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद तीन दिन के अंदर राजनीतिक दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी।

मतदाता सूची को लेकर सपा की ओर से शिकायत के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस सिलसिले में निर्देश जारी किया। इस बीच, नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शनिवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। उन्होंने बताया कि छह जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूचियां सभी दलों को अंतिम प्रकाशन के समय दो प्रतियां (हार्ड एवं साफ्टकापी में) में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

# माफिया विजय के रिश्तेदारों की 14 .39 करोड़ की संपत्ति जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ईडी ने शनिवार को प्रयागराज, रीवा और दिल्ली में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की प्रयागराज टीम ने शनिवार को माफिया विजय मिश्रा की पत्नी और करीबी रिश्तेदारों की चार संपत्तियों को जब्त कर लिया है। जब्त संपत्तियों में 12.54 करोड़ की प्रयागराज, रीवा और दिल्ली में है। वहीं, माफिया के करीबी रिश्तेदार वीरेंद्र तिवारी की 1.85 करोड़ की एफडी भी जब्त की गई।

माफिया विजय मिश्रा की पूर्व एमएलसी पत्नी रामलली मिश्रा, भोलानाथ शुक्ला और चंदन तिवारी मेसर्स वीएसपी स्टार रियल्टी प्रा. लि. कंपनी का संचालन करते हैं। ईडी ने विजय मिश्रा, उनकी पत्नी रामलली के खिलाफ विजिलेंस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि विजय और उनकी पत्नी लोक सेवक के रुप में काम करते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। कंपनी बनाकर दिल्ली के जसोला में 11.07 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदी। ईडी ने इसे 28 फरवरी को जब्त कर लिया था। इसके किराये से मिली रुपये से प्रयागराज में एक और संपत्ति खरीदी गई।

इसके अलावा मध्य प्रदेश के रीवा में चंदन तिवारी के नाम से संपत्ति खरीदी गई। इसका भुगतान अपराध से अर्जित आय से विजय के बेटे विष्णु मिश्रा ने किया था। पचा चला है कि विजय के करीबी रिश्तेदार वीरेंद्र राम मूरत तिवारी को ऋष्टा के नाम पर 1.85 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे।

# रालोद नेता ओमपाल सिंह कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगढ़ से राष्ट्रीय लोकदल से खैर विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व महासचिव रहे ओम पाल सिंह शनिवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन नेताओं को सदस्यता दिलाई गई।

ओम पाल के साथ सदस्यता ग्रहण वालों में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान विजय पाल, मास्टर विनय पाल, योगेश शर्मा, मास्टर हरिपाल सिंह आदि शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की मुहिम चलाई गई है। । इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, उप्र महिला कांग्रेस की महासचिव डॉ रिचा शर्मा, मेहताब जायसी आदि मौजूद रहीं।

# अयोध्या में 2 .5 करोड़ से होगा कौशलेश सदन का सौंदर्यीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के समीप स्थित कौशलेश सदन का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 2.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं और इस धनराशि में से 1.5 करोड़ रुपए जारी भी किए जा चुके हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में निरंतर पर्यटक सुविधाएं विकसित की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि लगभग 2.5 करोड़ रुपए से जीर्णोद्धार के साथ-साथ फसाड, स्ट्रीट लाइट, बेंचेज, लैंडस्केपिंग, हार्टिकल्चर, फुटपाथ, पेयजल सुविधा, शौचालय, सीसीटीवी, फुटपाथ आदि का कार्य कराया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में पर्यटकों के लिए धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के अलावा पर्यटन के अन्य आयाम जैसे वाटर स्पोर्ट, रूरल टूरिज्म, एयर टूरिज्म आदि पर काम हो रहा है।

# परीक्षा में गड़बड़ी की रिकार्डिंग मिली

## उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा परीक्षा (प्रवक्ता) 2021 रद्द हुई | उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव ने दो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भदोही ट्रांसफर किया गया केस, जांच सीओ सिटी को, एक की ही हो सकी अब तक पहचान

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा (प्रवक्ता) परीक्षा-2021 रद्द कर दी गई। पांच दिन पहले परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले दो लोगों की बातचीत की रिकार्डिंग मिलने पर आयोग के उपसचिव ने 16 अक्टूबर को प्रयागराज के सिविल लाइन थाने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

आठ विषयों की परीक्षा 20 अक्टूबर को होनी थी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उपसचिव धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ कारपेट टेक्नालॉजी भदोही के निदेशक राजीव वार्ष्णेय ने आयोग को 14 अक्टूबर को एक ई-मेल भेजा था। इसमें परीक्षा में गड़बड़ी करने के संबंध दो लोगों की बातचीत की रिकार्डिंग क्लिप भी दी गई थी। रिकार्डिंग में इंस्टिट्यूट का कर्मचारी राजीव वर्मा किसी से परीक्षा में गड़बड़ी की बात कर रहा था। इंस्पेक्टर सिविल लाइन रामाश्रय यादव के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर भदोही थाने को स्थानांतरित की गई है। एसपी भदोही ने इसकी जांच सीओ प्रभात राय को सौंपी है। भदोही सीओ प्रभात राय ने बताया कि आरोपी राजेश वर्मा सुल्तानपुर जिले का रहने वाला है। हालांकि बातचीत में शामिल दूसरे व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो सकी है। क्लिप की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी राजेश वर्मा से पूछताछ की जाएगी।

## वर्ग पहेली-227

**बाएं से दाएं**

1. (साहित्य) एक शब्दालंकार जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है जो कई भाषाओं में समान अर्थ देते हों।

4. 1. वह राज्य या शासन जिसमें अव्यवस्था और भ्रष्टाचार हो, ऐसा राज्य-प्रबंध जिसमें जनता के कल्याण या सुख-सुविधाओं का कोई प्रावधान या व्यवस्था न हो 2. कुश नामक घास का आसन, कुश की बनी हुई चटाई।

7. 1. भौरों के गुंजार से युक्त 2. किसी प्रकार की गूंज से युक्त 3. (स्थान आदि) जो गूंज से भर गया हो।

8. 1. झाड़ने पर निकलने वाली धूल अथवा रद्दी चीज़ें या उनके टुकड़े, गर्द, कूड़ा, (डस्ट) 2. वह कपड़ा जिससे चीज़ें झाड़ी या साफ़ की जाती हैं, मार्जक, (डस्टर)।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. वसंत ऋतु 2. चैतमास।

3. 1. तौलने की क्रिया या भाव 2. तौलने की मज़दूरी।

5. 1. जिन पर शासन किया गया हो 2. जो शासन के अधीन हो 3. नियंत्रित 4. दंडित।

6. 1. जानने-समझने की क्षमता, समझ, दिमाग 2. बुद्धि, प्रतिभा, कौशल 3. समझने-बूझने की योग्यता, धारणाशक्ति 4. स्मरणशक्ति, याददास्त।




### वर्ग पहेली -226 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लु | 2 टि | या | | 3 मो | था |
| | का | | 4 हँ | | |
| 5 गाँ | व | वा | सी | | 6 टो |
| ड़ | | | खे | | का |
| र | | 7 बे | ल | बू | टा |
| | | डो | | | की |
| | 8 बि | ल | टी | | |

## सुडोकू-140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 2 | 6 | | | 8 | |
| 2 | | | 7 | | | | 6 | |
| | | 6 | | 4 | 1 | | 9 | |
| 7 | | 2 | | | | | 1 | |
| 9 | | 3 | | | | 4 | | 8 |
| | 1 | | | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | 6 | 1 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 7 | | | 1 |
| | 4 | | | 9 | 8 | 5 | | |

### सुडोकू - 139 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 |

# सीतापुर के अभिषेक व मऊ की अंकिता ने जीती रेड रन मैराथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एड्स के प्रति जागरुकता के लिए दौड़े हजारों धावक

**अमृत विचार :** सीतापुर के अभिषेक और मऊ की अंकिता यादव शनिवार को एचआईवी, एड्स संक्रमण और अन्य यौन जनित बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर हुई रेड रन मैराथन के पुरुष और महिला वर्ग में विजयी रहीं। वहीं ट्रांसजेंडर श्रेणी में मेरठ के हुसैन प्रथम रहे।

मैराथन में विभिन्न जिलों से करीब एक हजार धावकों ने 10 किलोमीटर की दौड़ लगाई। विजयी धावकों को परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार व लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक राय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उप्र. राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (यूपीसैक्स) के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि पुरुष वर्ग में विजेता सीतापुर के अभिषेक को मेडल व गिफ्ट हैंपर के साथ ही 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहे मऊ के राहुल को सात हजार और तृतीय स्थान पर रहे मऊ के गुलशन कुमार को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। महिला वर्ग में विजेता मऊ की अंकिता यादव के बाद मुरादाबाद की आशी दूसरे और सीतापुर की खुशनूर तीसरे स्थान पर रहीं। इन्हें भी पुरुष वर्ग की तरह इनामी राशि के साथ मेडल व गिफ्ट हैंपर दिए गए। ट्रांसजेंडर श्रेणी में मेरठ के हुसैन प्रथम, मेरठ के ही शिराज द्वितीय और झांसी की जोया तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान लविवि के एनएसएस समन्वयक डॉ.अमरेन्द्र कुमार, यूपीसैक्स के नरेन्द्र सिंह, पवन चंदेल, अनुज दीक्षित उपस्थित रहे।

### एनएसएस के सूरज और माया भी सम्मानित

रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों में सूरज वर्मा और माया यादव को 10 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार , उप विजेता सुभाश सिंह और नमिता कुमारी को सात हजार रुपये का इनाम और तीसरे स्थान पर रहे सूरज यादव और किरन कुमारी को पांच हजार रुपये का इनाम दिया गया। इसके अलावा अन्य पांच प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

# सामाजिक न्याय से दूर वंचितों को आरक्षण मिलना चाहिए : अरुण


**अमृत विचार, लखनऊ :** हरियाणा सरकार द्वारा एससी-एसटी में उप-वर्गीकरण लागू करने के फैसले पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने कहा कि आरक्षण का लाभ उन वंचितों तक पहुँचना चाहिए जो वर्ग आजादी के 75 साल बाद भी सामाजिक न्याय से दूर है। वंचितों को सामाजिक न्याय देने के लिए ओबीसी व दलित आरक्षण में उप-वर्गीकरण होना बहुत जरूरी है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 06 .46 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अक्टूबर 04 .16 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08 .31 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष**
आज शाम के बाद आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। मांगलिक कार्यों की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपके कार्यों का श्रेय लेने का प्रयास करेंगे। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष**
आज व्यापार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाते रहें। दांपत्य जीवन सौहाद्रपूर्ण रहेगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**मिथुन**
आज अनियमित खानपान के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। अचानक ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं, जिस पर नियंत्रण करना कठिन होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। आपको किसी काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क**
आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी सुप्त प्रतिभा जागृत हो सकती है। व्यापार में आपको नकदी की समस्याओं से राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं पर आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह**
आज कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग लेने में संकोच न करें। व्यवसाय में एडवांस पेमेंट मिलने से काम में तेजी आएगी। आप अपने करियर को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों की दिनचर्या काफी बाधित रहेगी।

**कन्या**
आज दिन की शुरुआत में आप किसी पुरानी बात को लेकर परेशान हो सकते हैं। प्रेमी जन का आत्मिक सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। इससे आपके रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी, किंतु मन के शंकालु विचारों को ज्यादा महत्व न दें।

**तुला**
आज व्यापार में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। छोटी-मोटी समस्याओं को ज्यादा महत्व न दें। वरना अपने काम पर एकाग्र होने में कठिनाई होगी। परिवार में किसी कारणवश अनबन हो सकती है। पेट से जुड़ी हुई बीमारियां परेशान करेंगी।

**वृश्चिक**
आज नया काम शुरू करना चाह रहे हैं तो अनुकूल अवसर प्राप्त हो सकते हैं। यात्रा शुभ फलदायी रहेगी। कृषि से जुड़े कार्यों के लिए दिन काफी अच्छा है। वैवाहिक जीवन में संतोष और मैत्री भाव प्रबल रहेगा। कारोबार में पार्टनरशिप से लाभ होगा।

**धनु**
आज आर्थिक मामलों को लेकर पार्टनर्स के साथ मतभेद उभर सकते हैं। सर्दी-जुकाम की परेशानियों को लेकर सावधान रहें। ऑफिस के काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यावसायिक लेन-देन करते समय सावधानी रखें।

**मकर**
आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। लोग आपको सम्मानित नजरों से देखेंगे। धन के लेन-देन में थोड़ी साधानी रखें। जॉब बदलने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ**
आज नया काम शुरू करना उचित नहीं है। बड़ों की राय की अवहेलना न करें। बड़ी आयु के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। बच्चों को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द की समस्या होगी।

**मीन**
आज सिनेमा और वेबसीरीज का आनंद ले सकते हैं। पर्यटन के लिए कहीं घूमने की योजना बनाएंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आपके मन में काफी सारे विचार आते रहेंगे। मित्रों के साथ मनमुटाव दूर होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नाकाबंदी
सुबह : 10 .38
लकी
रात : 07 .00

&pictures
केदारनाथ
सुबह : 11 .03
हॉलीडे
रात : 08 .00

SONY PIX
रैमपेज
सुबह : 10 .55
ब्लू बीटल
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
हम आपके हैं कौन
दोपहर : 01 .05
चंदु चैंपियन
रात : 08 .00

ZEE ACTION
इंटरनेशनल खिलाड़ी
सुबह : 10 .46
पथु थल
रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां- बेटा इतनी लिपस्टिक लगाकर कहां जा रही है?
बेटी- मां मैं कॉलेज जा रही हूं।
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होकर- हां मां, बहुत पसंद है।
मां- तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

पुलिस- तुम चोरी क्यों करते हो?
चोर- आपके लिए और आपके बच्चों के लिए
पुलिस- क्या मतलब?
चोर- हम चोरी न करें तो जनता को और सरकार को आपकी जरूरत ही क्या है?

# 7 दिनों में करें शिकायतों का निस्तारण :जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील राठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, मातहतों को दिये दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


राठ में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी घनश्याम मीना व एसपी दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के बाद इनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर और उनकी बातों को सुनकर किया जाये। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान स्थलीय निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफ भी लिए जाएं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण तरीके से की जायें। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 7 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**सरीला संवाददाता के** अनुसार सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुए सामाधान दिवस में 46 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिसमें कछवा कला के गोविंद दास ने रास्ता बंद करने की, बडेरा माफ के कृपाल ने प्राथमिक पाठशाला के पीछे से निकली रास्ता में गांव के दबंगों द्वारा दीवार खड़ी करने के संबंध में शिकायत की है। इस मौके पर एसडीएम राजकुमार गुप्ता, तहसीलदार रविंदर सिंह व नायब तहसीलदार राम मोहन आदि रहे।


औंता गांव की गौशाला में गाय को गुड़ खिलाते जिलाधिकारी । अमृत विचार

### जिलाधिकारी व एसपी ने गाय का पूजन कर खिलाया गुड़

राठ (हमीरपुर)। एक महीने तक चलने वाले रामलीला मेले को लेकर डीएम घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक डॉ .दीक्षा शर्मा ने मुआयना किया। इस दौरान डीएम ने मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखा। डीएम ने मेले में साफ सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम व एसपी ने औंता गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि गौशाला में चारा पानी के पर्याप्त प्रबंध किए जाए। भ्रमण के दौरान गौशाला में पशु कम मिलने पर कहा कि इधर उधर घूमने वाले अन्ना जानवरों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं चारा, पानी, भूसा, टीन शेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करे। इस दौरान डीएम एसपी ने गौपूजन कर गाय को गुड़ खिलाया। इस दौरान एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे, सीओ समेत अनेक लोग रहे।

● स्थलीय निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफ भी लिए जायें

### 57 शिकायतों में मात्र 5 का हुआ निस्तारण

मौदहा(हमीरपुर)। तहसील स्तरीय समाधान दिवस में 57 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें पांच के निस्तारण का दावा किया गया है। समाधान दिवस में मुख्य रूप से राजस्व विभाग की भूमि संबंधी मामले अधिक रहे। वहीं सड़क, बिजली, पानी व आवास तथा पुलिस से संबंधित समस्याएं भी सामने आईं। हुसैनगंज मोहल्ला वार्ड कायम कुआं की पीड़िता शारदा बेगम ने बताया कि उसके यहां दस साल से नल ही नहीं है। लेकिन बिल बराबर आ रहा है। इस संबंध में कम से कम छह बार वह तहसील समाधान दिवस व संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर चुकी है। बगीचा निवासी श्याम ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके मकान के पास नाली न होने से जल भराव होता है। समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे के सुरेश कुमार ने की। सीओ विनीता पहल, एसडीएम व अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलतीं सचिव व अन्य। अमृत विचार

# जिला जेल में कौशल प्रशिक्षण चलाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशन मं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग ने जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। जेल में ऐसे बंदी जिनकी जमानत हो चुकी है।

परन्तु प्रतिभू के अभाव में रिहा नही हो पा रहें है के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और उनसे बात की गई। इसके अतिरिक्त महिला बैरक, पुरुष बैरक, पाक शाला व अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कारागार में सफाई व्यवस्था अच्छी पाई गई। जिला कारागार में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल प्रशिक्षण चलाए जाने के लिए निर्देशित किया। सभी बंदियों को बताया गया कि यदि उनके अपने अधिवक्ता न हो तो वह जेल अधीक्षक के माध्यम से पत्र देकर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर केपी चन्दीला, लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद सक्सेना, कार्यालय लिपिक मो.असलम एवं लीगल असिस्टेंट फिरोज आलम उपस्थित रहे।

# बांदा मार्ग में जाम लगने से घंटों परेशान रहे लोग

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

● करवा चौथ के मद्देनजर कस्बे की साप्ताहिक बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़

**अमृत विचार।** करवा चौथ के मद्देनजर कस्बे के साप्ताहिक बाजार में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ के चलते दोपहर में कस्बे के बांदा मार्ग में बस स्टॉप से लेकर पेट्रोल पंप तक भीषण जाम लगने से देवगांव मार्ग, विंध्यवासिनी देवी मार्ग आदि बुरी तरह से बाधित रहे लोगों को घंटो परेशान होना पड़ा। जाम स्कूली वाहनों के साथ परिवहन निगम की बसें तथा एंबुलेंस भी फंसी रही।

शनिवार को कस्बे का साप्ताहिक बाजार था। कस्बे का बांदा मार्ग बस स्टॉप से लेकर पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण का जबरदस्त शिकार है। ग्रामीण इलाकों से आने वाले वाहन सड़क की पटरी में दोनों तरफ खड़े होने से इस मार्ग में हमेशा जाम लगता है। शनिवार को दोपहर में वाहन के आड़ा तिरछा खड़ा होते ही भीषण जाम लग गया। जाम लगने से देवगांव मार्ग एवं विंध्यवासिनी मार्ग से आने वाले वाहन भी फसकर रह गए। जाम में स्कूली बसें, रोडवेज बसों के साथ एंबुलेंस भी फंसी रही। एक घंटे की जद्दोजहद के बाद किसी तरह जाम खुल सका तब कहीं जाकर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। इस जाम के कारण बस स्टॉप से रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान पुलिस नदारद होने से वाहन चालक मनमानी में उतारू रहे।

# निरीक्षण में 1 महिला अनुदेशक मिली

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के बाला मोहाल में संचालित कन्या जूनियर विद्यालय में अचानक दोपहर दो बजे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर के प्रेम नारायण ने औचक निरीक्षण किया। जहां शिक्षकों का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। जिसमें अनुदेशक निधि द्विवेदी को गैर हाजिर पाया। शिक्षक अखिलेश सोनी अवकाश पर थे। प्रधानाध्यापक रामकृपाल मीटिंग में गए थे। एक महिला अनुदेशक के भरोसे पर विद्यालय चलता मिला। 145 पंजीकृत छात्रों में 118 मौजूद मिले। महिला अनुदेशक से अधिकारी ने मिड डे मील की जानकारी ली। कक्षा में जाकर छात्रों से प्रश्न पूछ कर पठन पाठन की जानकारी की। छात्रों के कमजोर होने पर सुधार के आदेश दिए। अधिकारी प्रेम नारायण ने बताया कि बीएसए को जानकारी दी जायेगी।

# जीएसटी टीम ने गुटखा एजेंसी में की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● एंजेसी धारक के गायब होने पर गोदाम का ताला तोड़कर अभिलेखों को खंगाला

**अमृत विचार।** शहर के कालपी चौराहा इलाके में एसएनके गुटखा एजेंसी में शुक्रवार देर शाम से कर चोरी की आशंका पर जीएसटी की 5 सदस्यीय टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की। एजेंसी डीलर के भाग जाने पर गोदाम का ताला तोड़कर कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) की 5 सदस्यीय टीम ने लखनऊ पुलिस बल के साथ मुख्यालय स्थित एसएनके पान मसाला डीलर के यहां छापेमारी की। शुक्रवार को पहुंची टीम ने गोदाम में ताला पड़े होने के कारण टीम को बाहर निगरानी करनी पड़ी। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद शनिवार करीब ढाई बजे गोदाम का ताला काटकर साक्ष्य जुटाए गए। गोदाम में रखे अभिलेखों के निरीक्षण के अलावा माल की गिनती की गई। इससे पूर्व शुक्रवार रात टीम ने बाहर खड़े एसएनके गुटखा लदे लोडर को सीज कर कोतवाली में खड़ा कराया गया है। इस एजेंसी का संचालन एक महिला व्यापारी कर रही है। शुक्रवार को महिला व्यापारी ने खुद के लखनऊ होने की बात कही जिसके चलते गोदाम का ताला नहीं खुल सका। टीम उसके आने की प्रतीक्षा करती रही। कर चोरी को लेकर यहां पहले भी छापेमारी हो चुकी है, जिसमें गड़बड़ियां मिली थीं।

# बाइक व साइकिल की भिड़ंत में 3 घायल

संवाददाता,सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** फैक्टरी एरिया के पास साइकिल व बाइक की टक्कर में 3 लोग घायल हो गए। जिन्हें पीएचसी में भर्ती कराया गया। बाइक चालक की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि कस्बे के ऊंछा थोक निवासी रमेश चंद्र पुत्र जयराम साइकिल से फैक्टरी एरिया में ड्यूटी करने जा रहा था। तभी दरियापुर निवासी महेंद्र पुत्र हरिराम अपने ससुर बलदेव प्रसाद पुत्र बल्ला निवासी सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा के साथ बाइक से इटरा के बजरंगबली मंदिर जा रहे थे। तभी फैक्ट्री एरिया में उनकी टक्कर हो गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से पीएचसी भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद महेंद्र की हालत गंभीर होने सदर अस्पताल रेफर किया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा।

### ई-रिक्शा पलटने व बाइकों की भिड़ंत में 3 लोग हुए जख्मी

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों में सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दो घायलों की हालत में सुधार न होते देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुरारा भौली मार्ग में रघवा गांव के पास बचरौली गांव निवासी छावनी (50) पुत्र हलकू गांव से ई रिक्शा में बैठकर कस्बा आ रहा था। तभी रघवा गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार छावनी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कुरारा बेरी मार्ग में पारा गेट के सामने दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें बेरी गांव निवासी जितेंद्र (24) पुत्र शिवराम व मलहरा गांव निवासी सत्यनारायण (34) पुत्र राम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अनियंत्रित कार पलटने से 8 लोग घायल




राठ (हमीरपुर)। राठ मुस्करा मार्ग पर गुंदेला गांव के पास एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। कार के पलटने से उसमें सवार 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार तुरना गांव निवासी कस्तूरी पत्नी टीकाराम, रामदेवी पत्नी आसाराम, प्रेमा देवी पत्नी लाल सिंह, काशीप्रसाद पुत्र बृजलाल, अशोक रानी पत्नी बृजलाल, प्रांशु पुत्री अरविंद, अनीता पत्नी अरविंद, और संदीप पुत्र खलक सिंह निवासी तुरना शनिवार की सुबह करीब 11 बजे बागेश्वर धाम से दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। राठ मुस्करा मार्ग पर गुंदेला गांव के पास अचानक कार असंतुलित हो गई। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। घटना के बाद कार चालक मौके से भाग खड़ा हुआ।

## सार-संक्षेप


आग से जला घर गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

### कच्चे मकान में लगी आग से गृहस्थी हुई राख

पौथिया(हमीरपुर)। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव में सुबह करीब छह बजे अज्ञात कारण से एक रिहायशी मकान में आग लग गई, जिसमें घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पौथिया गांव निवासी मीना ने बताया कि सुबह तड़के उसके कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान, कपड़े, गेहूं, आवश्यक कागजात आदि जलकर खाक हो गए। घटना में करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पड़ोसियों ने आग पर काबू पाया। बताते चलें कि रमाकांत ने चार महा पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मीना के देवर धर्मेंद्र ने बताया मीना मूंगफली की खुदाई करने मुस्करा क्षेत्र चली गई थी। तभी सुबह अज्ञात कारण से मकान में आग लग गई। सूचना पर पहुंची लेखपाल शगुफ्ता परवीन ने रिपोर्ट बनाकर राजस्व विभाग को सौंपी है।

### चोरों ने घर से पार किये जेवरात व नकदी

राठ (हमीरपुर)। जलालपुर थाने के रहटिया गांव में चोरों ने घर में घुसकर सोने चांदी की जेवरात व दस हजार नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। रहटिया गांव निवासी सुंदरलाल पुत्र सीताराम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अपने मकान के आंगन में सो रहा था। बताया कि रात में चोर उसके मकान में घुस आए और कमरे में रखे बक्सों का ताला तोड़ सोने चांदी के जेवरात व 10 हजार नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब कमरे में बिखरा सामान देखा तो हड़कंप मच गया।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

हमीरपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सरीला के नोडल प्रधानाचार्य रामतीर्थ यादव ने बताया कि जनपद में संचालित समस्त संस्थानों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक हो, वह रिक्त सीटों के सापेक्ष Walk-in सिद्धान्त के आधार पर संस्थान में प्रवेश ले सकते है। प्रवेश के लिए नये आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट www.scvtup.in पर आवेदन कर प्रवेश पा सकते है।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में दी जानकारियां

बिवांर(हमीरपुर)। क्षेत्र के निवादा गांव के कृष्णकांत व्यास इंटर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें डॉ .मुकेश गुप्ता ने मानसिक रोग व कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बचाव के किए जाने की जानकारी दी। सदर अस्पताल की डॉ .क्टर मानसी सिंह ने छात्रों को मानसिक विकारों व रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रश्नोत्तरी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 60 छात्रों ने भाग लिया। स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### करियर मेले में रोजगार से संबंधित दी जानकारियां

सरीला(हमीरपुर)। तहसील क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल बिलगांव नवीन में करियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अन्तर्गत कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैरियर केवल नौकरी को ही न समझे अन्य विकल्पों को भी आप अच्छे करियर के रूप में चुन सकते है। इनमें स्टार्टअप व्यवसाय, खेल, तकनीकी कृषि हो सकते है। विशिष्ट अतिथि राजीव सिंह ने छात्रों से कहा कि करियर चयन का अंकुरण कक्षा 9 से 12 तक में ही उग जाता है।

# दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर की युवती से फेसबुक पर दोस्ती गांठने के बाद शादी का झांसा देकर गांव बुलाकर दुराचार करने व धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाया। इस मामले में आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के मुटनी गांव निवासी मतलूम पुत्र महबूब ने फेसबुक पर अपने को हिंदू बता राजू ठाकुर नाम से आईडी बनाई थी। फेसबुक के जरिए मध्यप्रदेश के छतरपुर निवासी युवती की उससे बातचीत होने लगी। आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर उसे बीते दिनों अपने घर बुला लिया। युवक उसके साथ जबरिया दुराचार किया। इसके बाद धर्म परिवर्तन करने पर शादी का दबाव बनाने लगा। युवती के धर्म परिवर्तन से मनाही किए जाने पर अभद्रता कर जमकर मारपीट की। इस मामले में आरोपी का पिता महबूब व एक अन्य उसका सहयोग कर रहा था। युवती किसी तरह से छूटकर भाग निकली। युवती ने पिता पुत्र व एक अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में क्राइम इंस्पेक्टर रणवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाहर भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहे आरोपी पिता पुत्र को इमिलिया तिराहा के पास से गिरफ्तार किया है।

### शिक्षक पर लगाया पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोप

मौदहा। नगर के एक मोहल्ला की एक छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री एमए की छात्रा है। जिसको पढ़ाने उमेश प्रजापति उसके घर आता था। जो बीती 18 फरवरी 2023 को घर में पुत्री को अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका मोबाइल में वीडियो बना लिया। जिसे वायरल करने की धमकी देते हुए आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह पुत्री से शादी का झांसा देता रहा और जब पुत्री ने उससे शादी का दबाव बनाया तो शादी से इनकार कर दिया। पीड़ित मां ने पुलिस से उक्त मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं उक्त मामले कोतवाल ने मामला प्रेम प्रसंग का बताया है।

# सार्वजनिक स्थानों पर खड़े मनचलों को खदेड़कर दी हिदायत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मिशन शक्ति के तहत ग्राम पंचायत चंदपुरवा बुजुर्ग के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन करके महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया गया। इसी के साथ सार्वजनिक स्थानों पर खड़े मनचलों को खदेड़कर भविष्य में इन स्थानों पर खड़ा न होने की हिदायत दी है। मिशन शक्ति फेज 5 के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित गोष्ठी में मौजूद महिलाओं छात्राओं को संबोधित करते हुए। एस आई प्रियंका ने नए कानून के साथ भारतीय न्याय संहिता एवं नागरिक सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। महिला आरक्षी सौम्या चौहान ने महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

**ताख पर नियम** नगर पंचायत हुई सख्त ,नियमों को फॉलो नहीं करने पर किसी भी वक्त तोड़ दिया जाएगा निर्माण :ईओ

# सुमेरपुर में हाईवे किनारे धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण

संवाददाता सुमेरपुर (हमीरपुर)

● लोग बिना नक्शा पास कराये करा रहे है भवन निर्माण, हो सकती है कार्रवाई

**अमृत विचार।** रोड किनारे बने मकान की न सिर्फ वैल्यू ज्यादा होती है, बल्कि आवाजाही की सुविधा भी बेहतर मिलती है। यही कारण है कि ज्यादातर लोग हाईवे या मुख्य सड़क के पास ही प्रॉपर्टी बनाना पसंद करते हैं। लेकिन ऐसे निर्माण में मानक और नियमों का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। अगर आप इसका पालन नहीं करते हैं तो आपकी प्रॉपर्टी पर प्रशासनिक कार्रवाई हो सकती है।

भरुआ सुमेरपुर में अवैध निर्माण नगर पंचायत की उदासीनता से अभी तक जारी हैं। इधर हाल ही में एक अवैध निर्माण को लेकर नोटिस थमाई गई है। जबकि नगर के अंदर हाईवे मार्ग एनएच- 34 किनारे मानकों की अनदेखी कर व बिना नक्शा पास कराए लोग निर्माण कर रहे हैं। यह सब नगर पंचायत की देखरेख में हो रहा है। नगर पंचायत की ओर से हाल ही में संवेदनशीलता दिखाई गई है, जिसके चलते अवैध निर्माण पर गत दिवस नोटिस थमाया गया है।

इसी तरह से मानकों की अनदेखी कई स्थानों पर देखी जा सकती है, जहां अवैध तरीके से निर्माण कार्य जारी हैं। देखा जाए तो उन लोगों ने हाईवे की साइडों पर कब्जा किया है साथ ही नगर पंचायत से नक्शा भी पास नहीं कराया है। न ही किसी प्रकार की स्वीकृति आवेदन लिया है। इन दिनों अवैध निर्माण कार्य कौशल किशोर सिंह दयाल एजेंसी के बगल में हो रहा है। यह नव निर्माण मध्य हाईवे से 110 के भीतर नहीं किया गया है, लेकिन नगर पंचायत की हीला-हवाली के चलते आदेशों का दरकिनार कर अवैध निर्माण किए जारी हैं। जबकि नेशनल हाईवे एनएच 34 मानक तय हो चुका है।

इस मामले में रोकने का कार्य जल्द ही जारी होगा। सुमेरपुर नगर पंचायत में ज्यादातर मकानों की स्वीकृति है नही दर्ज हैं।

### कितनी होनी चाहिए सड़क से मकान की दूरी

नियमों के मुताबिक हाईवे के मध्य से दोनों ओर 110 मीटर दायरे में कोई निर्माण नहीं होगा। यदि निर्माण बेहद जरूरी है तो एनएचएआई तथा राजमार्ग मंत्रालय से अनुमति लेनी होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण एक्ट की धारा 42 के तहत नई व्यवस्था में स्पष्ट है कि हाईवे के मध्य से 40 मीटर तक निर्माण की इजाजत कतई नहीं मिलेगी। जबकि 40 से 75 मीटर के दायरे में अगर निर्माण बहुत जरूरी है तो भू-स्वामी को एनएचएआई से अनुमति लेनी होगी। एनएचएआई की सिफारिश पर राजमार्ग मंत्रालय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करेगा। राजमार्ग मंत्रालय की एनओसी के पश्चात ही संबंधित विकास प्राधिकरण अथवा नगर पंचायत नक्शा पास करेगा।

### क्या कहते हैं अधिशासी अधिकारी

नगर पंचायत के ईओ दिनेश चंद्र का कहना है कि नक्शा न पास कराना आम बात है। अभी जितने भी अवैध निर्माण मिले हैं उन्हें नोटिस दिया गया है। अगर कोई रह गया है तो उन्हें भी नोटिस देंगे। कहा नगर पंचायत में नक्शा पास कराने संबंधी लोगों में जागरूकता की कमी है। इसमें सुधार लाना चाहते हैं। ताकि लोग नियमानुसार भवन निर्माण करें।

### क्या कहता है नियम

हर राज्य में मकान निर्माण संबंधी दूरी के अलग-अलग नियम हैं। इसकी जानकारी नगर पंचायत में जाकर ले सकते हैं। हर श्रेणी की रोड के लिए राईट ऑफ वे निर्धारित है। उसकी सीमा के बाहर निर्धारित ऑफसेट छोड़कर डायवर्टेड प्लॉट पर संबंधित शासकीय विभागों से एनओसी लेकर रहवास/व्यवसायिक भवन नियमों के अनुसार बनाना चाहिए।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1496/1/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 18.10.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती किरन पत्नी हरिओम | श्री आशीष कुमार अग्रवाल राजेश कुमार अग्रवाल | सिकन्दरपुरा-2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1429/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 10.10.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पानकुंवर पत्नी विश्वनाथ | श्री शैलेन्द्र सिंह पुत्र विश्वनाथ | बुधौलियाना-1 | 16 | 729 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1495/1/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 18.10.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती किरन पत्नी जगदीश | श्री अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र शिवनारायन | सिकन्दरपुरा-3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

# इंडियन आइडल फेम गायकों ने मचाया धमाल

**शरदोत्सव**

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की जयंती पर हुए तीन दिवसीय शरदोत्सव का शुक्रवार रात समापन हो गया। अंतिम दिन मुंबई के इंडियन आइडल फेम गायक पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीलाल की जोड़ी के नाम रहा। इनकी गायिकी के दौरान युवा बेकाबू होते नजर आए और मंच तक पहुंचने की कोशिश की। लोगों ने देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नानाजी के कृतित्व ने प्रभु राम की तपोस्थली एवं वन अंचलों में चैतन्यता जगाने का काम किया है। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि विश्व में समाज सेवा के क्षेत्र में दीनदयाल शोध संस्थान के काम अनुकरणीय मॉडल हैं। संतोषी अखाड़ा के महंत राम जी दास ने नानाजी को सेवा और मानव समाज के लिए समर्पण का भाव का उदाहरण बताया। शरदोत्सव की आखिरी शाम पवनदीप राजन और अरुणिता कांजीलाल के नाम रही।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते पवनदीप और अरुणिता कांजीलाल। अमृत विचार



कलाकारों को सुनने उमड़ा हुजूम। अमृत विचार

- धूमधाम से हुआ 3 दिवसीय महोत्सव का समापन, देररात तक झूमते रहे दर्शक

**आसपास से भी आए लोग**

पवनदीप एवं अरुणिता के गानों को सुनने चित्रकूट के अलावा सतना आदि से भी लोग पहुंचे। लोग पवनदीप के गानों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम की उद्घोषणा अंतर्राष्ट्रीय रामायण मेला में श्रीराम का किरदार निभाने वाले देवर्षि नागर ने की।

अरुणिता ने ठुमक चलत रामचंद्र भजन से शुरुआत की। इसके बाद, पल पल ठहर जाओ', आने वाला कल, तू जो मिल गया, अगर तुम साथ हो, मेरी दुआ सुन ले जरा, आओ पधारो पिया आदि गीतों से समां बांध दिया। दर्शक भी अरुणिता के साथ ताल से ताल मिला कर गाने लगे। इसके बाद स्टेज पर पहुंचे पवनदीप ने जो तुम ना हो गाने से शुरुआत की तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। फिर फिल्म कबीर सिंह का गीत कैसे हुआ गाया तो तालियां और सीटियां बजने लगीं। ले जाएं जाने कहां हवाएं पर दर्शक झूमने लगे। दोनों कलाकारों ने महान पार्श्वगायक किशोर कुमार और स्वरकोकिला लता मंगेशकर के गाए युगल गीतों को गाकर माहौल को खुशनुमा कर दिया। समापन तेरी मिट्टी में मिल जावा गीत की शानदार परफॉरमेंस से किया। कार्यक्रम की शुरुआत नानाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

## मध्य प्रदेश के राज्यपाल ने की प्रदर्शनी की प्रशंसा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आए मप्र के राज्यपाल मंगु भाई पटेल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह पटेल ने ग्राम दर्शन प्रकल्प में प्रदर्शनी, कठपुतली और लोकनृत्य को देखा और प्रशंसा की। इस मौके पर उनके साथ दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन व कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं के कठपुतली प्रदर्शन की सराहना की और आह्वान किया कि इस प्राचीन सांस्कृतिक विधा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शिक्षित किया जाय। डा. नीलमा सिंह परिहार ने कठपुतली निर्माण प्रक्रिया को बताया। राज्यपाल ने नाना जी देशमुख के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डा. अभय कुमार वर्मा द्वारा संयोजित प्रदर्शनी के चित्रों को सराहा। ग्राम दर्शन में ग्राम्य आधारित विभिन्न मूर्ति शिल्प आकर्षण का केंद्र रहा।



पुलिस लाइन के अतिथि गृह का लोकार्पण करते एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर।

## एडीजी ने किया अतिथि गृह का लोकार्पण

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने शनिवार को पुलिस लाइन के राघव अतिथि गृह का लोकार्पण किया। इस मौके पर डीआईजी अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर मौजूद रहीं।

अतिथि गृह राजपत्रित अधिकारियों के लिए बनाया गया है। एडीजी ने गेस्ट हाउस का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बाद में नवनिर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम पूजा साहू, सीओ राजकमल, यामीन अहमद, फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**एक नजर**

### नयागांव में रामलीला आज से

**चित्रकूट।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 20 से 26 अक्टूबर 2024 तक श्रीरामकथा के विविध प्रसंगों की लीला प्रस्तुतियों एकाग्र श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव में नयागांव में लीला मडंल रंगरेज कला संस्थान उज्जैन के कलाकारों द्वारा श्रीरामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। इसके साथ श्रीरामकथा पर आधारित पांच दिवसीय व्याख्यान का आयोजन भी किया जा रहा है।

### शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन

**रामनगर (चित्रकूट)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई ने शनिवार को बीआरसी में शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया। इसमें शिक्षकों ने जो दिक्कतें बताईं, उनका खंड शिक्षाधिकारी से वार्ता कर समाधान कराया गया। इसमें ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी, मंत्री व्यास नारायण त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सतीश सिंह, अनुराग पांडेय आदि मौजूद रहे।

### कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ लेने की अपील

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे राजकीय व पारिवारिक पेंशनर पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त किए जाने के लिए अपना पंजीकरण, योजना के पोर्टल पर किसी भी जन सुविधा केंद्र से करा लें।

# पुलिस की तत्परता से मिला गेहूं लदा ट्रक, 2 गिरफ्तार

## महाराष्ट्र के लिए बुक किया था ट्रक, रास्ते में नीयत बिगड़ी

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गल्ला व्यापारी के खोए ट्रक को राजापुर पुलिस ने बरामद कर लिया। गेहूं लदे ट्रक को लगभग बीस दिन पहले महाराष्ट्र भेजा गया था पर वह वहां नहीं पहुंचा था। परेशान व्यापारी ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ट्रक के मालिक और खलासी को भी धर दबोचा।

जानकारी के मुताबिक, कस्बे के गल्ला व्यापारी उमेश चंद्र साहू ने लगभग बीस दिन पहले गोदाम से 600 बोरी गेहूं अहमदनगर (महाराष्ट्र) ले जाने के लिए प्रतापगढ़ के मोठिन गांव निवासी ट्रक मालिक व चालक कृष्ण कुमार पाल पुत्र बैजनाथ पाल व खलासी करम अली पुत्र मुनन खान निवासी रामापुर को 75 हजार भाड़ा देकर भेजा था। व्यापारी के मुताबिक, चालक व खलासी की नीयत खराब हो गई और ट्रक महाराष्ट्र नहीं पहुंचा। इस संबंध में व्यापारी ने 30 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



बोड़ी पोखरी के पास से बरामद हुआ गेहूं लदा ट्रक। अमृत विचार

**सतना जा रहे थे, धरे गए**

जानकारी में सामने आया कि दोनों ने गेहूं की 254 बोरियां प्रतापगढ़ की बाजार में बेच दीं। जब पूरा माल बाजार में नहीं बिका तो दोनों बाकी बोरियां गेहूं शंकरगढ़ की बाजार ले गए, जहां भी बिक्री नहीं हुई। इस पर शनिवार को दोनों ट्रक लेकर मानिकपुर होकर सतना (मध्य प्रदेश) जा रहे थे। ये लोग रैपुरा थानांतर्गत बोड़ी पोखरी के पास बैठे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह, उप निरीक्षक इमरान खान, उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह, सिपाही प्रकाश मिश्रा, अजय मिश्रा के साथ पहुंचे और ट्रक को घेर लिया था।

**तलाशी में मिली नकदी**

पुलिस के अनुसार, खुद को घिरा देखकर चालक व खलासी ट्रक स्टार्ट करके भागने का प्रयास कर ही रहे थे कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जामातलाशी के दौरान 50,060 रुपये व ट्रक में लदा 346 बोरी गेहूं बरामद किया गया। गल्ला व्यवसायी ने पुलिस की सराहना कर बताया कि पुलिस की कड़ी मेहनत और लगन के कारण ट्रक सहित माल बरामद कर लिया गया है।

## कार्यशाला में मानसिक रोगों की दी जानकारी

**रामनगर (चित्रकूट)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत श्री गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में शनिवार को कार्यशाला हुई। इसें मनोचिकित्सक डा. नरेंद्र देव ने बच्चों को मानसिक रोगों के बारे में जानकारी दी। क्विज के माध्यम से भी उन्हें बीमारी से बचाव के टिप्स दिए। प्रतियोगिता में गरिमा पांडेय, श्रेया दुबे, पूजा देवी, विभा, शालिनी, याचना, रागिनी, विनीता, आयशा, शिवनारायण, अनुराग, रविकरण आदि ने हिस्सा लिया।



**करवा चौथ आज :** चित्रकूट। सुहागिनों का त्योहार करवा चौथ आज है। शनिवार देर रात तक बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ रही। आभूषणों की दुकानों से लेकर जनरल स्टोर की दुकानों में खरीदारी की गई। इसके अलावा करवा और चलनी खरीदने की भी होड़ लगी रही। इस दिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। अमृत विचार

# दीपावली पर रोशन करेंगे आदिवासियों के घर

**चित्रकूट।** सामाजिक संस्था आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय की बैठक में दीपावली में गरीब कोल आदिवासियों के घरों को रोशन करने की रूपरेखा बनी। निदेशक बलबीर सिंह ने बताया कि पाठा के जमुनिहाई गांव में 101 कोल आदिवासियों के घरों में जाकर उनके साथ दीवाली मनाई जाएगी।

दीपावली का उपहार भी दिया जाएगा। किसी देव स्थान में सामूहिक रूप में दीपावली का त्यौहार मनाया जाएगा। आयोजन अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई की अगुवाई में आयोजित होगा। इसका मुख्य संयोजक अतुल प्रताप सिंह को बनाया गया है।

गांववासियों को वितरित की जाने वाली किट के सहयोग के लिए नगर वासियों से अपील की गई है। इस वर्ष परिवार सहित संस्था के पदाधिकारी और शुभचिंतक समारोह में सहभाग करेंगे।

**सार-संक्षेप**



एडीएम राजेश चौरसिया को ज्ञापन देते पत्रकार। अमृत विचार

### पत्रकारों ने एडीएम को दिया क्षेत्र की समस्याओं का ज्ञापन

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** प्रेस क्लब आफ यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत की अगुवाई में पत्रकारों ने शनिवार को क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का 11 सूत्रीय ज्ञापन एडीएम राजेश चौरसिया को सौंपा। अनुज ने बताया कि मानिकपुर क्षेत्र जिले का बेहद पिछड़ा क्षेत्र है। दस्यु उन्मूलन के बाद अब क्षेत्र का चतुर्मुखी विकास होना चाहिए। बताया कि ज्ञापन में एक्सीडेंटल प्वाइंट काली घाटी का चौड़ीकरण कराने और सड़क सुरक्षा संबंधी उपकरण लगाने, झरी फाटक से मानिकपुर बाईपास जल्द से जल्द बनवाने, नगर की जल प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त की जाने, सरैया से बोड़ी पोखरी वाया अगरहुड़ा संपर्क मार्ग बनवाने, मऊ गुरदरी संपर्क मार्ग को स्टेट हाइवे का दर्जा, मार्ग को गड्ढामुक्त कराने, तहसील में सीओ कार्यालय और रजिस्ट्री का काम शुरू किए जाने, क्षेत्र की कुलदेवी मां आनंदी (सरवरिया देवी) मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने और भव्य प्रवेश द्वार बनवाए जाने, थाने से कल्याण केंद्र चौराहे तक नालियों को बनवाने, बरदहा नदी पर चमरौहा पुल और धवाइहा नाले पर पुल, जीजीआईसी का संचालन नई बिल्डिंग में कराने की मांगें है। इस मौके पर ललित पांडेय, राजेश पांडेय, रामनरेश विश्वकर्मा, सतीश द्विवेदी, प्रेमचंद भारती, जितेंद्र मोहन शुक्ल, विकास कुशवाहा, कपिल शुक्ला, रामबाबू, रामकिशोर, अखिलेश्वर सिंह, धनंजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिव विवाह की कथा सुनाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक नवलेश दीक्षित ने आस्थावानों को पांडव चरित्र, शिव विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में स्नान, दान, पूजन, कथा सुनने का विशेष महात्म्य है। इसी माह गोवर्द्धन पूजा, दामोदर लीला, तुलसी विवाह की तिथियां आती हैं। धर्मनगरी के सीतापुर स्थित राष्ट्रीय रामायण मेला प्रेक्षागृह में शनिवार को कथा वक्ता ने बताया कि हिमालय की पुत्री पार्वती से शिव का विवाह हुआ तो सभी देवी देवताओं ने आशीर्वाद प्रदान किया। शिव बारात में भूत, प्रेत, पिशाच को देखकर पार्वती की मां अत्यंत विचलित हो जाती हैं। यह देख भोलनाथ ने मनोहारी रूप धारण किया। शिव के इस रूप को देवताओं ने चंद्रशेखर नाम दिया। फिर धूमधाम से शिव–पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास ने पांडव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चित्रकूट में मंदाकिनी नदी जीवनदायिनी है। इसी तट पर स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है। प्रभु श्रीराम, सीता नित्य यहां निवास करते हैं। इसलिए चित्रकूट में कथा श्रवण करने का अत्यधिक महत्व है। यह क्षेत्र कथा, यज्ञ, साधना के लिए अतिश्रेष्ठ माना जाता है। इस मौके पर कथा परीक्षित विद्या देवी के अलावा बड़ी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कार्यक्रम में छात्राओं के साथ मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं बालिकाएं : रीता सिंह

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** पीपल्स एक्शन फॉर नेशनल इंटीग्रेशन (पानी) संस्था ने मेला मैदान में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बालिकाओं को जागरूक होने और अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाध्यापिका स्व. रघुवर प्रसाद कन्या इंटर कालेज वंदना गुप्ता, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी, ग्राम प्रधान आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के परियोजना समन्वक रोहित राज ने कार्यों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली किशोरियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार अंकिता बालापुर, द्वितीय पुरस्कार खुशी कलवारा खुर्द एवं तृतीय पुरस्कार स्मिता कुचारम को दिया गया।

## पेंशन के लिए जीवित प्रमाणपत्र दें

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पेंशनरों से अपील की है कि वे नियमित रूप से पेंशन भुगतान के लिए जीवित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। यह प्रमाणपत्र वर्ष में एक बार जमा करना होता है। इसे जीवन प्रमाण पोर्टल, डोर स्टेप बैंकिंग, जन सुविधा केंद्रों पर प्रक्रिया से जमा किया जा सकता है। पेंशनर चाहें तो कोषागार / बैंक में उपस्थित होकर अथवा सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर जीवन प्रमाणपत्र कोषागार / बैंक में जमा कर सकते हैं।

**समाधान दिवस** — 80 समस्याएं आईं, मौके पर 4 का किया गया निस्तारण, अधिकारियों, कर्मचारियों को दिए निर्देश

# शिकायत करने वाले को मिलनी चाहिए संतुष्टि : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** डीआईजी अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सभागार में लोगों की दिक्कतें सुनीं। डीआईजी ने अफसरों से कहा कि राजस्व के साथ अन्य विभागों की समस्याओं का समाधान ऐसा करें कि शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिले।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लखनऊ व गोरखपुर में जनसुनवाई करते हैं और जिस जिले से अधिक समस्याग्रस्त व्यक्ति पहुंचते हैं, वहां के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हैं। इसलिए समस्याओं को यहीं पर समय से निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते बाद जिले में दीपावली का त्योहार है, ऐसे में अधिकारी मेला परिक्षेत्र में भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा काम न करें कि जिससे ला इन आर्डर बिगड़े। इस मौके पर 80 समस्याओं में चार का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा के अंदर त्वरित निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पूजा साहू, सीओ राजकमल, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल यादव आदि मौजूद रहे।



समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते डीआईजी अजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी।

# चक रोड पर अवैध कब्जे की शिकायत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में शनिवार को हुए संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी उमेश निगम व उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। 67 में से पांच शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान चक रोड पर दबंगों के कब्जे का मुद्दा छाया रहा।

एडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को हिदायत दी कि बिना भेदभाव समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। हीलाहवाली व लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विस्तारित क्षेत्र आजाद नगर निवासी सीता देवी, गौरा, उषा, केतकी, मंटो देवी, राजरानी, पूजा, अनंत कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद, पप्पू प्रसाद, श्यामलाल, हीरालाल, आदेश, मनोज कुमार, भुल्लू प्रसाद, अमित कुमार आदि ने पत्र देकर बताया कि पूर्व शिक्षिका के साथ कई दबंगों ने चकबंदी द्वारा निर्धारित चक रोड पर अवैध कब्जा कर लिया है। इससे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे, दूसरा कोई रास्ता नहीं है। कई बार शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकारियों ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, पूर्ति निरीक्षक कृपाशंकर द्विवेदी, उप कृषि निदेशक राजकुमार, एडीओ कृषि धीरेंद्र यादव, विजय राघव, राजीव कुमार दुबे, आशुतोष तिवारी ननकऊ गौतम, रामनिवास शुक्ला, प्रदीप तिवारी, कपिलमुनि पांडेय आदि मौजूद रहे।



समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण।

- समाधान दिवस में 67 में 5 शिकायतों का हुआ निपटारा

## दीवार गिरने से हुई युवक की मौत

**रामनगर (चित्रकूट)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत छीबों में दीवार ढहने से उसके नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि गांव निवासी चंद्र भूषण पांडेय उर्फ ओम नमः शिवाय (45) पुत्र राम प्रसाद शनिवार सुबह पशुबाड़े की सफाई कर रहा था कि अचानक आंगन के पास की दीवार ढह गई, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय ने बताया कि पड़ोसियों की मदद से आननफानन में राजापुर अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सरोज देवी, पुत्र शिवा और पुत्री शिवानी मौत से बदहवास हो गईं। युवक दो बीघे जमीन से परिवार का भरणपोषण करता था।

**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**बअदालत श्रीमान जिलाधिकारी महोदय**
**कर्वी रामपुर तह0 मऊ**
38(2)उ.प्र.रा.संहिता
नं0 मुकदमा– 0455/2023
**भईयालाल**
बनाम
**गजराज आदि**

1– फूल सिंह पुत्र मनभावन सिंह निवासी– बराछीत, तह0 मानिकपुर, जनपद– चित्रकूट। 2– मुन्नीलाल सिंह पुत्र मनभावन सिंह निवासी– बराछीत, तह0 मानिकपुर, जनपद– चित्रकूट। दरगाह ने आपके नाम एक नालिस बाबत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 04 माह 11 सन् 2024 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है वास्ते इतमिसाल कतई मुकदमा की तहजीब हुई है। आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपकी इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख सन् 2024 ई0 जारी किया गया।

**आज्ञा से न्यायालय**

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर दी जान

## एक माह पहले मृतक के भाई ने भी फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

कुलपहाड़ महोबा

● एक माह में दो बेटों की मौत से माता-पिता को सदमा लगा

**अमृत विचार।** नगर के सोनी गंज मोहल्ले में एक युवक ने कर्ज से परेशान होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है एक माह के अंदर दो भाइयों की मौत में माता-पिता को गहरा सदमा दिया है पुलिस ने शव का पंचनामा कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नगर के सोनीगंज निवासी जगदीश सोनी का 38 वर्षीय पुत्र नरेंद्र उर्फ चंदू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक माह पूर्व भी मृतक के छोटे भाई पुष्पेंद्र ने भी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। एक माह के अंदर दो पुत्रों की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।

नगर के सोनी मोहल्ले में रहने वाले नरेन्द्र व पुष्पेंद्र शादीशुदा हैं। और दोनों ने एक माह के अंदर आत्महत्या कर ली है। एक के बाद एक जवान बेटों की मौत ने परिजनों को हिला कर रख दिया है। तीसरा पुत्र अरविन्द अविवाहित है। परिजनों ने बताया कि नरेंद्र सोनी ने घर में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उस समय परिवार के लोग सो रहे थे।

मृतक के घर में पत्नी माधुरी एवं दो पुत्र व एक पुत्री का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी को अब बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है। इससे पहले छोटे भाई ने भी आत्महत्या कर ली थी। एक पुत्र के क्रियाकर्म से पिता फारिग ही हुए थे कि दूसरे पुत्र ने फांसी लगाकर उन्हें सदमा दिया है।

पिता जगदीश सोनी ने बताया कि मेरे बड़े पुत्र नरेन्द्र ने पूर्व में अलग अलग 6 महिला समूहों से लाखों रुपए का लोन ले लिया था, जिसे जमा करने के लिए समूहों द्वारा उसके ऊपर दबाव बनाया जा रहा था। जिससे वह परेशान रहता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने बताया कि जांच कर आत्महत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# खमा की जर्जर इमारत में खाद बीज का वितरण

महोबा कार्यालय

● किसानों को साधन सहकारी समिति की जर्जर इमारत के धराशायी होने का डर

**अमृत विचार।** अधिकारियों की अनदेखी के चलते जर्जर इमारत में साधन सहकारी समिति खमा चल रही है, जबकि आजकल समितियां में खाद बीज के लिए किसानों की भारी भीड़ जुट रही है। जर्जर इमारत के धराशाई होने का डर बना रहता है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है बावजूद इसके अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जर्जर बिल्डिग मे चल रही समिति लगभग चालीस वर्ष पुरानी है। बिल्डिग काफी जर्जर हो जाने से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है, लेकिन अधिकारियों की नजर जर्जर इमारत पर नहीं जा रही है। किसान खाद बीज लेने तो आते है लेकिन डर बना रहता है किसानों का कहना है कि मजबूरन उन्हें जर्जर इमारत के नीचे खाद बीज लेने के लिए आना पड़ता है।

**छत में कई जगह दरार पड़ी:** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति (बी पैक्स ) के बरामदे की छत पूरी तरह छति ग्रस्त है साथ मे गोदामो की छत भी चटकी पडी है बरामदे में किसी तरह काम चलाया जा रहा है। करीब एक वर्ष से ऐसी ही पडी है ऐसे मे ही खाद बितरण और गेहूँ खरीद का काम चलता रहा समिति अध्यक्ष धनेश चन्द्र नायक और सचिव राजेश द्विवेदी ने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई के माह मे यह बरामदे की छत गिर गई थी साथ मे गोदामो की छतो मे भी दरार आ गई थी तो नैट डालकर काम चलाया जा रहा अध्यक्ष ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियो को अवगत कराया किन्तु सुधार नही हुआ ।कई बार उच्चाधिकारी निरीक्षण भी कर गये किन्तु मरम्मत नही हुई। इस बाबत एआर कोआपरेटिव बिनय तिवारी से बात हुई तो वह मीटिग मे थे बाद मे बात करने की बात कही।

# समाधान दिवस में आईं 74 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता महोबा


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी । अमृत विचार

● मौके पर जाकर फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करने के दिए गए निर्देश

**अमृत विचार।** तहसील कुलपहाड़ में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर तहसील कुलपहाड़ से कुल 74 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में 76 में से 6 तथा तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 61 में से 8 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।


शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।

शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्यवाही की जायेगी।

# बिना खंभे के लाइन खींच दी, लटकते तार बने खतरा

कार्यालय संवाददाता महोबा

● पशु बाजार के पीछे मार्ग पर 5 फिट की ऊंचाई पर लटक रहे बिजली के तार


सड़क पर लटक रहे बिजली के तार।

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते शहर के मोहल्ला नयापुरा नैकाना पशु बाजार के पीछे मार्ग पर पांच फिट ऊंचाई पर बिजली के तार लटकने से चौबीस घंटे खतरा बना रहता है। काफी नीचे लटक रहे बिजली के तार मौत को दावत दे रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है बावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी चैन की नींद सो रहे हैं।

गौरतलब है कि पशु बाजार के पीछे मार्ग पर बिजली के खम्भे न लगे होने के कारण लोगों ने बिजली कनेक्शन कराकर लकड़ी की बल्लियां में तार बांधकर लाइन घर तक खींच ली, लेकिन धीरे धीरे बल्लियां गायब हो गई, जिससे तार चार से पांच फिट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं। इस मार्ग पर वाहन पर चलना तो दूर पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है। बाइक में बैठने पर भी तार सिर पर टच होते है जिससे बाइक चालक सिर छुकाकर निकलते है। थोड़ी से भूल होने पर कभी भी खतरा हो सकता है।

मोहल्ले के लोग तो धड़ल्ले से अपने घरों में बिजली जला रहे हैं। बिजली के खम्भे से विभाग के कर्मचारियों ने कनेक्शन तो घरों में दे दिए, लेकिन एक भी खंभा बीच में न होने से तार सड़क पर लटक रहे हैं जो घटना को दावत दे रहे हैं।



फोरलेन सड़क निर्माण के लिए की जा रही लेबलिंग, छोटा पुल बनकर हो गया तैयार । अमृत विचार

# 1100 करोड़ से कैमाहा से कबरई तक बन रही फोरलेन

कार्यालय संवाददाता महोबा

● फोरलेन बन जाने से जनपद के लोगों को जाम की समस्या से मिलेगी निजात

**अमृत विचार।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग की फोरलेन का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। कार्यदाई संस्था द्वारा अलग-अलग पार्ट में फोरलेन का कार्य कराया जा रहा है। छतरपुर से कबरई तक कार्य कर रही कार्यदाई संस्था ने हाईवे किनारे लेवलिंग का कार्य शुरू कर दिया है। बड़े भूभाग में मिट्टी डालकर जेसीबी मशीन से समतल किया जा रहा है। जिससे अब हाईवे में फोर लेन के काम के जल्द होने की उम्मीद बढ़ गई है।

एक साल पहले फोरलेन के निर्माण कार्य के टेंडर हो चुके हैं लेकिन अभी तक कार्यदाई संस्थाओं ने फोरलेन का कार्य आरंभ नहीं किया था। जिसके चलते इस मार्ग पर ट्रैफिक अधिक होने के कारण लोगों को आए दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा था। इसकी शिकायतें उच्च अधिकारियों से किए जाने के बाद कार्यदाई संस्था हरकत में आई, और फोरलेन का कार्य शुरू कर दिया है। पहले चरण में सड़क के किनारे मिट्टी लेवलिंग का कार्य किया जा रहा है इसके बाद पुलिया निर्माण का कार्य होगा। पुल और पुलियों के निर्माण के बाद 25-50 गिट्टी डाली जाएगी इसके बाद पौन इंची गिट्टी और एक इंची गिट्टी डालकर सड़क बनाने का कार्य शुरू होगा। अंत में आधा इंची और जीरा गिट्टी के साथ डामर डालकर सड़क को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिससे लोगों को कानपुर और लखनऊ आने जाने में जाम की समस्याओं से निजात मिलेगी।

गौरतलब है कि जनपद की सरहद कैमाहा से कबरई तक करीब 42 किलो मीटर फोर लेन का निर्माण कार्य 1100 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। फोरलेन के निर्माण हो जाने के बाद जिले के लोगों को मोहब्बत से कानपुर लखनऊ आने जाने में ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। फोरलेन के लिए भोपाल की बंसल ग्रुप कंपनी को काम दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### पीएम आवास के नाम पर पैसे मांगने पर प्राथमिकी दर्ज कराए

**हमीरपुर।** उप जिलाधिकारी व परियोजना अधिकारी डूडा खालिद अंजुम ने बताया कि जनपद के स्थानीय निकाय में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत कुछ आरजकतत्वों द्वारा वर्णित योजना में आवास दिलाए जाने के लिए आवेदन भरवाते हुए विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम पर पैसा लिए जाने सम्बंधी सूचना संज्ञान में आई है। उक्त के संबंध में सर्वसाधारण जनमानस को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा संचालित आवास के लिए किसी भी योजना के अन्तर्गत किसी प्रकार का कोई शुल्क शासन द्वारा निर्धारित नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार का कोई धनराशि लिया जाता है। वर्तमान में नये आवासों के लिए कोई भी आवेदन लेने के लिए शासन स्तर से कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। किसी व्यक्ति के बहकावे न आए। किसी प्रकार का कोई शुल्क किसी भी व्यक्ति को न दें।

### रंजिश के चलते मजदूर को पीटा, दी तहरीर

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के अतरार इंद्रपाल पुत्र परदेसी ने थाना ललपुरा में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया मजदूरी करने के लिए छानी गांव से ऑटो पर बैठकर हमीरपुर जा रहा था। तभी पुरानी रंजिश में गांव निवासी बाइक सवार अनिल व दिनेश ने पीछा कर सिकरी गांव के श्रमदान के पास ऑटो के आगे बाइक लगाकर रोक लिया। आरोपियों ने तमंचा की बट से मार-पीट शुरू कर दी। उसके सिर पीठ में गंभीर चोट आ गई हैं। इंद्रपाल ने दोनों युवकों के खिलाफ ललपुरा थाना में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया

**कुरारा( हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जलाला भटपुरा गांव में घर के दरवाजे में खड़े युवक के साथ गांव के दूसरे युवक ने अकारण गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़ित की मां ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। जलाला भटपुरा गांव निवासी सिया पत्नी बर्रा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार को लड़का घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव निवासी बाबुन अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडे से मारपीट करने लगा। जिससे बेटे के गंभीर चोट आई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

# प्रतियोगिताओं में कामयाब होने पर 21 छात्राओं का किया गया सम्मान

महोबा कार्यालय


सम्मान पाने के बाद खड़ी छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्यार्थियो ने नियमित शिक्षा गृहण करने और राष्ट्र व समाज के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता मे विभिन्न छात्राओं ने प्रतिभा किया था। जिसमें 21 छात्राओं के कामयाब होने पर उनका सम्मान किया गया।

अजनर के सुखानन्द हाईस्कूल मे भारतीय संस्कृति-संस्कार, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, यातायात,पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान को लेकर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 21 छात्राओं ने अच्छे अंक पाकर अपनी अलग पहचान बनाई। जिसमे सूकृति नामदेव प्रथम,ज्योति रैक्वार द्वतीय तथा सोहेल खान तीसरे स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि बुन्देल खंड के समाजसेवी राष्ट्रीय शिक्षा रत्न उपाधि प्राप्त संतोष गंगेले कर्मयोगी ने अपने बिचार रखे तथा 21 बालिकाओ का सम्मान किया।

इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष फूल सिह तोमर, प्रधानाचार्य अमर सिह सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे। विद्यालय के अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना महत्वपूर्ण है बल्कि विजय प्राप्त करना नहीं प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिभागियों में उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ नए-नए अनुभव भी मिलते हैं साथ ही आगे बढ़ाने की रुचि पैदा होती है।

# स्वास्थ्य शिविर में 89 बच्चों का किया परीक्षण

**महोबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के तत्वधान में कंपोजिट विद्यालय ननवारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के छात्राओं का पंजीयन करने के बाद बच्चों का चेकअप किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण की दौरान उनसे बीमारी के बाबत भी जानकारी ली गई। बाद में बच्चों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। सीएचसी प्रभारी जैतपुर डा. आशीष तिवारी की रेखरेख मे आरबीएस की टीम बी जैतपुर ने कम्पोजिट विद्यालय नरवारा मे 89 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण भी किया। इसके साथ ही अभिवावकों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी। प्रधानाचार्य सीमा अग्रवाल, स्वास्थ्य टीम डा .पी एन शर्मा,अमित गंगेले, संगीता मौजूद रहीं।



रामलीला का मंचन करते लाकार वा मंथरा का रोल करती एक महिला कलाकार। अमृत विचार

# मैंने गंगा पार कराया आप भव सागर पार करा देना

महोबा कार्यालय

● सीता हरण की लीला में पूरी रात डटे रहे दर्शक, पुष्पक विमान आकर्षण का केंद्र रहा

**अमृत विचार।** गंगा पार करा देने के बाद जब राम अंगूठी देने लगे तो केवट ने कहा प्रभु यह क्या कर रहे हो? मुझे कुछ नहीं चाहिए मैने आपको गंगा पार कराया आप भव सागर पार करा देना।

नवयुवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित षष्ठम दिवस की लीला में शनिवार को सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। इसके पूर्व श्रीराम-केवट संवाद ने सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद अयोध्या में पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने प्राण त्याग दिए। वहीं ननिहाल से भरत, शत्रुघ्न के आने बाद भैया राम को वापस लेने चित्रकूट जाते हैं। भाइयों के इस प्रेम स्नेह और भरत द्वारा राजा न बनने की हठ पर राम ने अपनी खड़ाऊं दे दी जिसे लेकर वह लौट आए।

वहीं श्री राम चित्रकूट से पंचवटी पहुंच गए, जहां रावण की बहिन सूर्पणखा ने दोनों भाइयों से विवाह का प्रस्ताव किया। मना करने पर वह असली रूप में आ गई और सीता की ओर झपटी। तभी लक्ष्मण ने नाक काट दी। तब सूर्पणखा पहले खर दूषण के पास गई जिनका राम ने वध कर दिया। इसके बाद वह रावण के दरबार में पहुंची। तब रावण ने इसका बदला लेने के लिए मामा मारीच से मिलकर सोने के मृग का वेश रखकर छल से सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका ले गया। यह दृश्य बहुत ही सुन्दर ढंग से विद्युत विभाग की टीम ने किले के उपर से चरन दासी मंदिर तक बनाया था। जिस पर पलकिया द्वारा पुष्पक विमान बना था। यह कार्य अशोक सोनी ,मुकेश शुक्ला ,विश्वनाथ अनुरागी , देवेंद्र यादव आदि ने तैयार किया था।

करवा चौथ पर विशेष | पत्नी को विषम परिस्थितियों में पति का नहीं छोड़ना चाहिए साथ

# देवताओं की जीत को देव पत्नियों ने रखा था व्रत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● करवा चौथ अखंड सुहाग को प्रदान करने वाला व्रत



**अमृत विचार।** भारतीय संस्कृति में करवा चौथ व्रत अखंड सुहाग को प्रदान करने वाला है, यह व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को अत्यंत श्रद्धा भाव के साथ महिलाएं अपने पतियों की रक्षा के लिए रखती है। मान्यताओं और पौराणिक संदर्भ के अनुसार देवता लगातार पराजित हो रहे थे, तब ब्रम्हाजी की सलाह पर देव पत्नियों ने अपने पतियों की जीत के लिए कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को उपवास रखकर सच्चे मन से प्रार्थना की थी और तभी से करवा चौथ व्रत का प्रचलन प्रारम्भ हुआ।

भारतीय संस्कृति में पत्नियां अपने पति को परमेश्वर मानती है, जब श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास काल में थे, तब वह अत्रि मुनि के आश्रम गए जहां अत्रि मुनि की पत्नी अनसुइया ने सीता को पति धर्म की शिक्षा देते हुए कहा कि स्त्री को विषम परिस्थिति में भी पति का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि धैर्य, धर्म, मित्र और स्त्री इन चारो की विपरीत के समय ही परीक्षा होती है। पूर्व प्रवक्ता डॉ लालचंद्र अनुरागी ने बताते हैं कि पांडवों के वनवास के समय जब अर्जुन तप करने इंद्रनील पर्वत की ओर चले गए तो बहुत दिनों तक उनके वापस न लौटने पर द्रौपदी को चिंता हुई, तब भगवान कृष्ण ने आकर द्रौपदी की चिंता दूर करते हुए करवा चौथ व्रत रखने को कहा और इस संदर्भ में जो कथा शिवजी ने पार्वती को सुनाई थी वह कथा भी कृष्ण ने द्रौपदी को सुनाई।

डॉ अनुरागी ने बताया कि इंद्रपस्थ नगरी की वीरावती ने अपने पति सुदर्शन की दीर्घायु के लिए भी करवा चौथ व्रत रखा था और उनकी भाभियों ने तो पूर्ण विधि से व्रत किया। लेकिन वीरावती सारा दिन निर्जल रहकर भूख न सहन कर सकी और उदास होकर बैठ गई। इस पर वीरावती की भाभियों ने वीरावती के भाइयों से बताया कि वह चंद्रमा को देखकर ही अर्घ्य देगी तभी व्रत पूरा करेगी। तब वीरावती के भाइयों ने बाहर खेतों में जाकर आग जलाई और ऊपर कपड़ा तानकर चंद्रमा जैसा दृश्य बनाया और बहन वीरावती से बताया कि चंद्रमा निकल आया, तब उसने नकली चांद को असली समझकर अर्घ्य दिया और व्रत पूर्ण कर भोजन किया, जिससे उनका व्रत खंडित हो गया। इसके दुष्परिणाम स्वरूप उसका पति बीमार हो गया, इलाज कराने पर भी ठीक नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि एक बार इंद्र की पत्नी इंद्राणी पृथ्वी पर करवा चौथ व्रत करने आई, वीरावती उनके पास गई और पति के ठीक होने का उपाय पूछा, जिस पर उन्होंने करवा चौथ व्रत रखने के लिए कहा।

# कल से शुरू होगा मारुति महायज्ञ, निकलेगी यात्रा

● कल से कबरई में कलश यात्रा के साथ शुरू होगा मारुति महायज्ञ

**महोबा।** जिले के कबरई कस्बे के रिछइया हनुमान जी मंदिर में सोमवार यानी 21 अक्टूबर से 85वाँ श्रीमारुति महायज्ञ का विशाल आयोजन किया जाएगा। मारुति महायज्ञ की कलश यात्रा सोमवार को रिछइया हनुमान जी परिसर से प्रारंभ होकर कस्बे के सभी प्रमुख स्थानों से होते हुए वापस रिछइया हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। मंगलवार से 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वान, पूजन आरती व हवन प्रारंभ होगा। वहीं 29 अक्टूबर को पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मारुति महायज्ञ में प्रवचनकर्ता सुधीरजी महाराज राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता आजमगढ़, मंच संचालन शंभुदास महाराज आजमगढ़, यज्ञाचार्य युवा वैदिक आचार्य संतोष त्रिपाठी वाराणसी, उपाचार्य आचार्य वैष्णव नवल महाराज कबरई एवं यज्ञाधीश यज्ञकर्ता महंत महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास महाराज शेरपुर कुटी आजमगढ़ उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में आसपास के सभी गावों के लोगों को आने का निमंत्रण भेजा गया है।




# शादी नहीं हुई तो प्रेमी युगल ने चुनी मौत

## एक साथ कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या, कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव का मामला

संवाददाता, कदौरा (उरई)

**अमृत विचर।** कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव में शादी न हो पाने से परेशान प्रेमी युगल ने शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात एक ही कमरे में एक साथ गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेसिंक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।


घटना के बाद मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

पुलिस के अनुसार बड़ागांव निवासी 24 वर्षीय कुंवर लाल पुत्र गोपीलाल का पड़ोस में रहने वाली 18 वर्षीय पूनम पुत्री रामप्रकाश के साथ करीब तीन वर्ष से प्रेम संबंध था। बताया गया है कि दोनों के प्रेम संबंध की जानकारी उनके घरवालों को थी लेकिन पड़ोस का मामला होने के कारण दोनों परिवार बात को दबाए रहे। इसपर प्रेमी युगल छुप-छुपकर मिलते रहे लेकिन शादी न हो पाने के कारण वह परेशान रहते थे। शुक्रवार की रात को कुंवर लाल अपने घर के बाहर वाले कमरे में लेटा था। इसी दौरान रात में उसकी प्रेमिका पूनम भी घरवालों से छुपकर उसके कमरे में आ गई। बताया कि रात में ही दोनों ने रस्सी के फंदे से एक साथ लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पूनम की मां कमला ने घर में जाकर देखा तो उसकी पुत्री नहीं थी। लेकिन उसने आसपास खोजा पर युवक के घर नहीं गई। सुबह जब युवक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसके परिजनों ने खिड़की से देखा तो युवक व युवती दोनों एक ही फंदे पर लटके हुए थे। एक साथ दोनों को फांसी पर लटकता हुआ देखकर घर में चीख पुकार मच गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की खबर मिलते ही सीओ एके सिंह, थानाध्यक्ष प्रभात सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना की हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल कर शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव में झूमे विद्यार्थी, 24 तक होंगे कार्यक्रम

संवाददाता, जालौन (उरई)

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज उरई में शनिवार को वार्षिकोत्सव सृजन 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल के विद्यार्थियों एक से एक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस दौरान रंगील, डांस, गायन, क्रिकेट आदि की प्रतियोगिताएं भी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने की। प्रत्येक वर्ष मेडिकल कॉलेज में छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन शुक्रवार 18 अक्टूबर से शुरू होकर 24 अक्टूबर तक जारी रहेगा। सृजन 2024 में प्रत्येक दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में इन्डोर गेम्स, आउटडोर गेम्स, रंगोली, डांसिग, सिंगिंग, आर्ट इत्यादि केविभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होती है। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाती हैं। शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुतियां हुईं। इस दौरान कार्यक्रम में डा. प्रशांत निरंजन चिकित्सा अधीक्षक, डा. जीतम सिंह राजपूत, डा. चरक सांगवान, डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह, डा. अरूण अहिरवार, डा. रविंद्र राजपूत, डा. सुधांशु, डा. शैलेश वर्मा, डा. सुनित सचान, डा. कुलदीप आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम की शुरुआत करते प्राचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी। अमृत विचार

- **सृजन 2024 : रंगोली डांसिंग, सिंगिंग आदि प्रतियोगिताएं हो रहीं**

# आधी रोटी खाओ, बच्चों को जरूर पढ़ाओ

संवाददाता, कालपी

- **उर्स के कार्यक्रम में उलमाओं ने शिक्षा पर दिया जोर**
- **उस्मानिया मस्जिद में हुआ कार्यक्रम**

**अमृत विचार।** बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए इस्लामिक धर्म गुरुओं के द्वारा जागरूकता पैदा की जा रही है। बीती रात को आयोजित उर्स के कुल की फातिहा कार्यक्रम में उलमाओं ने शिक्षा पर जोर दिया।

बीती रात को उस्मानिया मस्जिद में खानकाह बरकतिया मारहरा शरीफ के अजीम बुजुर्ग हजरत सैय्यद अहसानुल उल्मा हसन मियां की कुल शरीफ की फातिहा ख्वानी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती ने कहा कि खानकाह ए बरकतिया का पैगाम है आधी रोटी खाओ, बच्चों को जरूर पढ़ाओ।


कार्यक्रम को संबोधित करते उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि अपने अपने बच्चों को दीनी तथा बुनियादी तालीम जरुर दिलाएं। मुफ्ती शोएब बरकाती ने हजरत हसन मियां मारहरा शरीफ की जिंदगी के बारे में बताया। सैय्यद इंतजार अली, मौलाना मुस्तकीम बरकाती, हाफिज कादिर, डॉक्टर आफताब बरकाती, हाजी इकबाल बरकाती, जमशेद खान, तोसीब बरकाती, शहजान बरकाती, फैजान बरकाती,राजा बरकाती, अरखम खान,काशिफ़ चिश्ती काफी लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, दो घायल

**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बगरा रोड पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इससे बाइक सवार बाबा व पोती घायल हो गई। जिन्हें ग्रामीणों ने सीएचसी में भर्ती कराया। गंभीर चोट लगने से बाबा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दवकाई निवासी दयाराम राजपूत 54 वर्ष अपनी पोती राशि 13 वर्ष के साथ बाइक से माधौगढ़ बाजार करने आए थे। बताया गया कि वह बाजार करने के बाद दोपहर को घर वापस लौट रहे थे। तभी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर बंगरा नहर में गिर गई और दोनों लोग घायल हो गए। हादसा देखकर ग्रामीणों ने दोनों को वाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। बाबा की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अनियंत्रित होकर बाइक पलटी, वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता, उरई

- **नेशनल हाईवे पर बाइक के सामने मवेशी आने से हुआ हादसा**

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बाइक के सामने मवेशी आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी निवासी किसान शंभू सिंह 65 वर्ष, शैलेन्द्र सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर उरई से अपने घर जा रहा था। देर रात उसकी बाइक हाईवे स्थित गोविंदम के पास पहुंची तभी सामने गोवंश आने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इससे बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने मामले की खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए दोनों लोगों को गंभीर हालत में उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर शंभू सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार देने के बाद झांसी रेफर कर दिया।




जहां पर हालत में सुधार न होने पर उसे झांसी से ग्वालियर भेज दिया गया। जिसने ग्वालियर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दमतोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव मेडिकल कालेज वापस लाए। जहां पर चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान धमीं सांसें

**उरई।** सड़क हादसे में घायल हुए वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर शुक्रवार की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हमीरपुर के राठ थाना क्षेत्र के ग्राम वकरई निवासी कदीर उर्फ मुन्ना 65 गुरुवार को हमीरपुर के धनौरा गांव जा रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। लोगों ने उसकी पहचान करने के बाद सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। जहां पर शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## बाइक से गिरी महिला की चली गई जान

**कदौरा।** रिश्तेदारी में आ रही बाइक सवार महिला की गिरकर मौत हो गई। हमीरपुर जोल्हूपुर हाइवे थाना क्षेत्र सुजानपुर-बवीना के समीप शुक्रवार रात्रि 8 बजे सुरेशचंद्र अपनी पत्नी कांतिदेवी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम नारपुर, तहसील रसूलाबाद जिला कानपुर देहात के साथ बाइक से कदौरा आ रहे थे, बाइक जैसे सुजानपुर बवीना के समीप पहुंची तभी अचानक कांति देवी गश खाकर बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गईं। यह देखकर पति ने आनन फानन में ग्रामीणों और दुकानदारों की मदद से घायल पत्नी को सीएचसी लाए, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते सदस्य। अमृत विचार

# खाटू श्याम महोत्सव 23 से, निकलेगी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** शहर के जीआईसी ग्राउंड पर श्रीश्याम सेवा मंडल की बैठक हुई। इस दौरान वार्ता करते हुए अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी समिति द्वारा दो दिवसीय श्रीखाटू श्याम महोत्सव, संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी रणनीति बना ली गई है। जिसमें पहले दिन 23 अक्टूबर को निशान यात्रा शहर के ठड़ेश्वरी मंदिर से उठाई जाएंगी। जो कोंच बस स्टैण्ड से होती हुई माहिल तालाब पहुंचेगी। इसके बाद शहीद भगत सिंह चौराहा से होती हुई जीआईसी ग्राउंड पर समाप्त होंगी। इसके बाद 24 अक्टूबर को होगी भजन संध्या एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सौरभ पाठक ने बताया कि भजन संध्या कार्यक्रम में गायक अंजली द्विवेदी, निर्मल शर्मा, विशाल शैली व प्रवीण जैन अपने भजनों के माध्यम से खाटू श्याम को रिझाएंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव में पुष्प वर्षा, ज्योति दर्शन, इत्र वर्षा, छप्पन भोग आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# सदन में विधायक उठाएं बुंदेलखंड का मुद्दा

संवाददाता, जालौन

- **कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने श्रीबाराहीं देवी मेला ग्राउंड में की जनसभा**

**अमृत विचर।** बुंदेलखंड के अलग राज्य की मांग सभी विधायकों को सदन में करनी चाहिए। वह भी चाहते हैं कि प्रदेश को चार हिस्सों में बांटा जाए। यह बात सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने नगर के श्रीबाराहीं देवी मेला ग्राउंड में आयोजित शोषित वंचित समाज जोड़ो कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि जिसे आप नेता बनाकर सदन में भेजते हो वह वहां गरीबों की बात नहीं उठाता। लोगों की तरफ पेन दिखाकर कहा कि जिनकी तकदीर लिखते हैं। वहीं नेता बनने के बाद भूल जाते हैं। विधायक को विधायक निधि से निर्धन व गरीबों को इलाज कराने के 25 लाख रुपये मिलते हैं। इसके बाद भी विधायक गरीब को 5 हजार इलाज के लिए नहीं देते हैं। कहा कि वह गरीबों के इलाज के लिए 92 करोड़ रुपये दे चुके हैं। फिर भी किसी को जरुरत है तो वह आय प्रमाण, आधार कार्ड व सरकारी अस्पताल का स्टीमेट दे दे। उसे सहायता उपलब्ध करा दी जायेगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हर गांव में पांच सदस्यीय टीम बनेगी, प्रत्येक गांव में 25 लोगों को चयनित किया जायेगा। चयनित होने के बाद उसे आवास समेत आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यह योजना 6 माह में लागू हो जायेगी। नवजवानों के लिए बगैर ब्याज के 5 लाख का ऋण मिलेगा।



सभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर। अमृत विचार

उन्होंने अपनी उपलब्धियों को गिनाया। मंत्री ने प्रदेश में बुन्देलखण्ड समेत नये प्रदेश बनाने की पैरवी की तथा अपनी लड़ाई स्वयं लड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा उनकी पार्टी में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया जा रहा है। इससे पूर्व पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटा परिवार सुख का आधार है। इस स्लोगन को सरकार चला रही है तो आयुष्मान कार्ड सिर्फ 6 सदस्यों के ही क्यों? बनाए जा रहे हैं।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, सुनील अर्कवंशी राष्ट्रीय प्रवक्ता, सुनील परिहार जिलाध्यक्ष, मम्मू खां महासचिव, वरुण दुबे जिला उपाध्यक्ष, भगवान सिंह यादव, रमन सिंह ठाकुर, रानू महाराज, अरविन्द कुशवाहा, यशवर्धन सिंह परिहार, अब्दुल हमीद समेत बड़ी संख्या में मौजूद उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा के लिए सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी, कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार, शीलवंत सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा।


कुर्सी पर बैठीं एक दिन की प्रधानाचार्य सुरभि सिद्धार्थ।

# छात्रा सुरभि बनीं दिन की प्रधानाचार्य, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महन्त भगवत विशाल इन्टर कॉलेज कदौरा जनपद जालौन में कक्षा 8 की छात्रा सुरभि सिद्धार्थ को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। एक दिन की प्रधानाचार्य सुरभि ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, साफ सफाई एवं मध्यान भोजन की गुणवत्ता एवं विद्यालय के प्रकाश एवं पेयजल की समस्याओं को देखा और जो कमियां पाईं उनको शीघ्र ही दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक अनीस वेग, मुख्य शासन अधिकारी पृथ्वीपाल अहिरवार, बालिका वर्ग की मुख्य अनुशासन अधिकारी अंजुली गुप्ता, रजनी गुप्ता, श्रेष्ठा बाथम, मनोज कुमार वर्मा, गृह परीक्षा प्रभारी राकेश कुमार, नीलेश कुमार, अमित कुमार, बृजेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, राधा कृष्ण, जगदीश, मानिक राम उपस्थित रहे।

**संपूर्ण समाधान दिवस** | कालपी तहसील कार्यालय में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं

# 63 शिकायतें आईं, अधिकारियों ने 14 निस्तारित कीं

संवाददाता, कालपी

- **अधिकारियों के सामने सबसे ज्यादा राजस्व संबंधी मामलों के आए प्रार्थनापत्र**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कालपी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 63 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। मौके पर 14 मामले निपटाए गए।

स्थानीय तहसील के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से शुरू हुए समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व संबंधी मामले प्रस्तुत किए गए। मुन्नी देवी निवासिनी मोहल्ला तरीबुल्दा ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि खरीदे गए प्लांट में पड़ोसी कब्जा कर रहे हैं। हरि ओम पाल निवासी ग्राम मुसमरिया ने प्रार्थना पत्र दिया कि आबादी के मुख्य मार्ग में विपक्षी द्वारा सड़क में अवैध निर्माण कराया जा रहा है। देवी सिंह निवासी ग्राम सरेनी द्वारा चकरोड की पैमाइश कराने की मांग की गयी। मदीना निवासी मोहल्ला रावगंज ने आवासीय कॉलोनी दिलाने की मांग की। दुलीचंद निवासी ग्राम दशहरी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग तालाब की जमीन में अतिक्रमण किए हुए जिसे हटाया जाए। रामकेश निवासी सिकरी ने खतौनी में गलत नाम होने की शिकायत की। अरविंद निवासी मोहल्ला हरीगंज ने मौजा पाल की जमीन में जबरन विपक्षियों के द्वारा जोतने बखरने की शिकायत की है। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराए जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।


शिकायतें सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार।

समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीएन शर्मा, प्रभारी उप वन संरक्षक प्रीति यादव ,जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, उद्योग विभाग के उपायुक्त कुमारेन्द्र ,विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती, उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह,तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला,नीलमणि सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार राजपूत, खंड विकास अधिकारी कदौरा प्रतिभा शल्प, खंड विकास अधिकारी महेवा एसके मिश्रा,विद्युत उपखंड अधिकारी आदर्श राज,मंडी समिति कालपी व कदौरा मंडी समिति के सचिव , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश बरदरिया,कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, आटा के थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह,कदौरा ,चुरखी थानेदार, रेंजर संजय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शराब की दुकानों में छापा मारकर चेकिंग की

**कालपी।** आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कालपी नगर, उसर गांव तथा जोल्हूपुर में देशी, अंग्रेजी बियर तथा मदिरा की दुकानों में छापा मारा गया।

टीम के द्वारा मदिरा की दुकानों की चेकिंग करके लाइसेंस धारकों तथा संचालकों को ओवररेटिंग में मदिरा न बेचने की सख्त हिदायत दी गई। उप जिलाधिकारी के साथ आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह की संयुक्त टीम में शामिल आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरनंनगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी के अलावा जोल्हूपुर मोड़,उसर गांव आदि स्थानों में स्थित देसी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया।

## सार-संक्षेप

### 2 प्रतिष्ठानों से भरे खाद्य पदार्थों के सैंपल

**कालपी।** आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंहैयालाल की टीम ने कालपी नगर बाजार में खाद्य पदार्थ की दुकानों तथा प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों की चेकिंग की। दो अलग-अलग दुकानों में खाद्य पदार्थों के सैंपल भर कर परीक्षण करने के लिए भेज दिया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कालपी तहसील के खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल की टीम ने कालपी के मुख्य बाजार टरनंनगंज में औचक निरीक्षण करके मुहम्मद आरिफ की दुकान से रेवड़ी का सैंपल भरा ।जबकि नीरज की दुकान से किसमिस के सैंपल भरने की कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक टरननगंज बाजार कालपी, आटा तथा बबीना में कई प्रतिष्ठानों में चेकिंग कर दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।


### एसडीएम ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**कालपी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप आयुर्वेदिक चिकित्सा तथा योग की व्यवस्था की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी कालपी के द्वारा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंगरौल का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय हो कि महेवा विकासखंड के मगरौल गांव में शासन के द्वारा राजकीय आयुष हेल्थ एंड वेलनेस आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र के भवन का निर्माण कराया गया है। उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने नवनिर्मित आयुष भवन का निरीक्षण किया। भवन में स्थापित वार्ड रूम,ड्रेसिंग रूम, योग रूम घूम घूम कर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र में तैनात चीफ फार्मासिस्ट दशरथ तथा महेश कुमार अन्य कर्मचारियों से दवाइयां की उपलब्धता के बारे में जानकारियां हासिल की। एसडीएम ने कहा कि आम जनता का रुझान आयुर्वेदिक चिकित्सा की ओर तेजी से बढ़ रहा है। क्योंकि इसके उपचार से कोई भी साइट इफेक्ट नहीं होता है। इसी प्रकार कसरत तथा योगासन के लिए शासन का जोर अधिक है। उपजिलाधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि केंद्र में मरीजों की संख्या के बढ़ने के लिए जनता को जागरूक भी करते रहें।

# भाजपा संविधान पर कर रही हमला : राहुल

## झारखंड विस चुनाव से पहले आयोजित सम्मेलन में कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर लगाया आरोप

रांची, एजेंसी



● गांधी बोले- निर्वाचन आयोग, जांच एजेंसियों को नियंत्रित कर रही है भाजपा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने भाजपा पर निर्वाचन आयोग, नौकरशाही और केंद्रीय एजेंसियों जैसी संस्थाओं को नियंत्रित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोई भी ताकत जाति आधारित गणना और आरक्षण पर 50% की सीमा को हटाने से नहीं रोक सकती।

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले यहां संविधान सम्मान सम्मेलन में गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह समेत सभी ओर से संविधान पर हमला हो रहा है और इसकी रक्षा की जरूरत है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह निर्वाचन आयोग, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग, नौकरशाही और न्यायपालिका को नियंत्रित कर रही है। भाजपा भी निधियों और संस्थानों को नियंत्रित करती है, लेकिन हमारे पास ईमानदारी है। कांग्रेस ने बिना पैसे के लोकसभा चुनाव लड़ा था। गांधी ने कहा कि जाति आधारित गणना सामाजिक एक्स-रे पाने का माध्यम है लेकिन प्रधानमंत्री इसका विरोध कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद गांधी का झारखंड का यह पहला दौरा है।

### कांग्रेस-झामुमो 81 में से 70 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन विधानसभा चुनाव साथ लड़ेगा और कांग्रेस तथा झामुमो 81 में से 70 सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। शेष 11 सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामपंथी दलों लड़ेंगे। झारखंड में चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे।

### झामुमो-कांग्रेस की पेशकश निराशाजनक : राजद

चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के साझेदारों के बीच दरार सामने आ गई है। राजद ने झामुमो-कांग्रेस द्वारा सीटों की घोषणा को लेकर शनिवार को निराशा जताई। राजद ने कहा कि गठबंधन के दोनों घटकों द्वारा सीट समझौते की घोषणा एकतरफा है। पार्टी ने स्पष्ट कि किया कि उसने सभी विकल्प खुले रखे हैं। राजद के प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि हम हमें दी सीटों पर निराशा व्यक्त करते हैं। यह फैसला एकतरफा है। झा ने कहा कि हमसे विचार-विमर्श नहीं हुआ। राजद 15 से 18 सीट पर भाजपा को मात दे सकती है।

### चुनाव से पहले डीजीपी को हटाने का निर्देश

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के खिलाफ पूर्व के चुनावों में शिकायतों के इतिहास के कारण उन्हें तत्काल पद से हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। सूत्रों ने बताया कि पिछले चुनावों में गुप्ता के खिलाफ शिकायतों के इतिहास और आयोग द्वारा की कार्रवाई पर उन्हें हटाने का फैसला हुआ है। पुलिस महानिदेशक का अंतरिम प्रभार अब कैडर में डीजीपी स्तर के सबसे वरिष्ठ अधिकारी को सौंपा जाएगा। राज्य को 21 अक्टूबर तक आईपीएस अधिकारियों के नामों की सूची देने को कहा गया है।

## गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने बाबा की हत्या के लिए मांगे थे 50 लाख

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

**मुंबई।** बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि हाल ही में गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख मांगे थे, लेकिन भुगतान को लेकर असहमति और नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या से मना कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पांचों आरोपियों ने सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों की मदद दी थी। सिद्दीकी की हत्या में शूटरों को हथियार और अन्य मदद कराने के आरोप में शुक्रवार को पांचों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं।

# डॉक्टर आमरण अनशन वापस लें : ममता

**आरजी कर मामला**

कोलकाता,एजेंसी



● मांगों पर चर्चा के लिए सोमवार को डॉक्टरों से मिलेंगी मुख्यमंत्री

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों से आमरण अनशन वापस लेने को कहा। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगी।

बनर्जी शनिवार को फोन पर उस समय चिकित्सकों से बात कर रही थीं जब मुख्य सचिव मनोज पंत धर्मतला स्थित प्रदर्शन स्थल पर गए थे, जहां पर चिकित्सक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने सहित कई मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। बनर्जी ने चिकित्सकों से अपना प्रदर्शन वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपकी अधिकतर मांगों को पूरा कर दिया गया है, शेष मांगों को पूरा करने के लिए मुझे तीन से चार महीने का समय दीजिए। बनर्जी ने चिकित्सकों से कहा कि आपकी मांगों से हम असहमत नहीं हैं, बातचीत के लिए सरकार के साथ बैठने का आपसे अनुरोध है। उन्होंने कहा कि कृपया अपना प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए। कुछ मांगों को पूरा करने के लिए नीतिगत फैसले की जरूरत है। हम यथासंभव सहयोग करेंगे, लेकिन यह स्वीकार्य नहीं है कि आप सरकार को निर्देशित करें कि क्या किया जाना चाहिए। वहीं शनिवार को भी 15वें दिन चिकित्सकों का आमरण अनशन जारी रहा।

### मुख्य और गृह सचिव ने किया प्रदर्शन स्थल का दौरा

कोलकाता। प. बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने शनिवार को प्रदर्शन स्थल का दौरा किया, जहां मांग को लेकर चिकित्सक प्रदर्शन कर रहे हैं। अनशन कर रहे छह चिकित्सकों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आठ चिकित्सक भूख हड़ताल पर हैं और उन्होंने राज्य सरकार से गतिरोध खत्म करने के लिए 21 अक्टूबर तक कदम उठाने की मांग की है। चिकित्सकों ने कहा कि सोमवार तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो उन्हें 22 अक्टूबर को पूरे राज्य में मजबूरन हड़ताल करनी पड़ेगी। चिकित्सक ने कहा कि हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चर्चा के लिए बैठें और हमारी मांगें पूरी करें। थिएटर जगत की कई हस्तियों ने चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने को शनिवार को सांकेतिक भूख हड़ताल की।

## एक नजर

### बिहार के बांका में एसयूवी ने छह को रौंदा, मौत

बांका। बिहार के बांका जिले में तेज रफ्तार एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटीलिटी व्हीकल) ने छह लोगों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना फुल्लीडूमर थाना क्षेत्र में नगरडीह चौराहे के पास शुक्रवार रात हुई। उप-संभागीय पुलिस अधिकारी बिपिन बिहारी ने कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग पैदल पथ पार कर रहे थे। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बिहारी ने कहा कि लोगों के अनुसार एसयूवी चालक तुरंत घटनास्थल से भाग गया। घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में हुई मौतों पर शोक जताया है।

### बिहार में जहरीली शराब से दो और मौत, मृतक हुए 37

पटना। बिहार में जहरीली शराब से दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या 37 हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन दो लोगों की मौत गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर से हुई हैं, जो सिवान और सारण जिलों की सीमा से लगा है। डीआईजी नीलेश कुमार ने बताया कि सीवान और सारण में मरने वालों की संख्या 35 है। इसमें और वृद्धि नहीं हुई है। अब सारण रेंज के तहत तीनों जिलों में मृतकों की कुल संख्या 37 है। सिवान के मगहर व औरिया पंचायतों में 28 जबकि सारण के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में सात लोगों की मौत हुई है।

# नारी शक्ति का आशीर्वाद देश के लिए काम करने को करता है प्रेरित : मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी



● प्रधानमंत्री के प्रति आभार स्वरूप 100 रुपये देने की इच्छा जताने वाली आदिवासी महिला की कहानी भाजपा नेता ने की साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद उन्हें देश के निर्माण के लिए काम करते रहने की प्रेरणा देता है। इससे पहले, भाजपा नेता ने मोदी के प्रति आभार के रूप में 100 रुपये देने की इच्छा जताने वाली आदिवासी महिला की कहानी साझा की।

भाजपा उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा कि ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में सदस्यता अभियान के दौरान आदिवासी महिला से उनकी मुलाकात हुई। महिला ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करने के लिए मुझे 100 रुपये देने की इच्छा व्यक्त की। मेरे यह कहने पर कि यह आवश्यक नहीं है और जब तक मैंने हार नहीं मानी, तब तक वह अड़ी रही। पांडा ने कहा कि यह देश में हो रहे परिवर्तन का प्रतिबिंब है। मोदी ने जवाब दिया कि इस स्नेह से मैं अभिभूत हूं। मुझे हमेशा आशीर्वाद देने के लिए मैं नारी शक्ति को नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद मुझे देश निर्माण के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित करता है।

## हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

**हैदराबाद।** शहर पुलिस ने मंदिर में मूर्ति को कथित तौर पर खंडित करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए शनिवार को लाठीचार्ज किया। महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग स्नातक सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान ने 14 अक्टूबर को सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में प्रवेश कर मुख्य मूर्ति को खंडित किया, जिसके बाद स्थानीय लोगों, हिंदू संगठनों और भाजपा ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# आप और केजरीवाल भविष्य की मेरी राजनीतिक भूमिकाएं तय करेंगे : जैन

नई दिल्ली, एजेंसी

आप नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि उनकी भविष्य की राजनीतिक जिम्मेदारियां पार्टी और संयोजक अरविंद केजरीवाल तय करेंगे। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के मामले में शहर की अदालत द्वारा जमानत देने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार रात को तिहाड़ जेल से रिहा किया गया। जैन ने कहा कि मैं वही करूंगा जो पार्टी और केजरीवाल कहेंगे। राउज एवेन्यू अदालत ने शुक्रवार दोपहर जैन को जमानत दे दी। जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि ब्रिटिश शासन वापस आ गया है। सरकारों को कामों को लेकर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं करती है।

### तिहाड़ जेल में मालिश का झूठा आरोप, करा रहा था फिजियोथेरेपी

नई दिल्ली। आप नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि उन पर तिहाड़ जेल में मालिश करवाने का झूठा आरोप लगाया गया, जबकि वह पैर में दर्द होने से फिजियोथेरेपी करवा रहे थे। नवंबर 2022 में तिहाड़ जेल के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया था, जिसमें जैन कथित तौर मालिश करवा रहे थे।

## कोर्ट के निर्देश पर भाजपा विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**गांधीनगर।** गुजरात हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक के खिलाफ दुष्कर्म एवं धमकी देने का मामला दर्ज किया। आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री गजेंद्र सिंह परमार पर एससी/एसटी (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज हुआ है क्योंकि पीड़िता दलित है। कथित घटना जुलाई 2020 में हुई थी। गांधीनगर में सेक्टर 21 थाने में यह मामला दर्ज हुआ है। कुछ दिन पहले हाईकोर्ट ने पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने पर पुलिस से सवाल-जवाब किया था।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने किया हमला, फिर हिंसा भड़की

इंफाल, एजेंसी

● संघर्ष विराम के लिए मेइती और कुकी के विधायकों में हुई थी बैठक

मणिपुर में उग्रवादियों ने जिरिबाम जिले के गांव में हमला कर दिया जिसके बाद शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने तड़के पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव को निशाना बनाया।

उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने बमबारी की। सीआरपीएफ व पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों भेजा गया है। हिंसा शुरू होने पर सुरक्षा बल बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। जिरिबाम शहर से 30 किमी दूर बोरोबेकरा घने जंगलों से घिरा है और पर्वतीय क्षेत्र है। राज्य में जारी संघर्ष का समाधान निकालने के लिए मेइती और कुकी के विधायकों में दिल्ली में बातचीत के बाद यह हिंसा हुई है।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी में भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

● ओडिया के अभिनेता के खिलाफ भी दर्ज कराई शिकायत

**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जनसभा में अपमानजनक टिप्पणी के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी ने शिकायत की है। वहीं भुवनेश्वर में राहुल गांधी के खिलाफ सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट करने के आरोप में ओडिया अभिनेता बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ भी पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। विधायक के खिलाफ की शिकायत में 15 अक्टूबर को कार्यक्रम में यतनाल ने राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर टिप्पणी की। इस आधार पर गांधी चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# एरीज के मोहित ने हासिल किया सप्तऋषि का कीर्तिमान

संवाददाता, नैनीताल

● कला, विज्ञान, जागरूकता व सामाजिक क्षेत्र में देश के सात विख्यात नाम शामिल

**अमृत विचार :** कला, विज्ञान, जागरूकता व सामाजिक क्षेत्र में देश के सात विख्यात लोगों को भारत सरकार सप्तऋषि पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सीनियर इंजीनियर मोहित जोशी भी इस पुरस्कार को हासिल करने में सफल हुए हैं।

विज्ञान के प्रति जागरूक करने व एरीज की योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान को लेकर मोहित जोशी को यह पुरस्कार दिया गया है। सप्तऋषि पुरस्कार में चयनित मोहित जोशी के अलावा भारत रत्न प्रो. सीएनआर राव, पद्म विभूषण डा जयंत नार्लीकर,



केबीसी में अमिताभ बच्चन के साथ मोहित जोशी।

पद्म भूषण डा एसएल भैरप्पा, मोहित जोशी, पद्मश्री डा एस अरुणन, पद्मश्री डा हिम्मतराव बावस्कर, व सीबी सोमपुरा के नाम हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान देने को लेकर सप्तऋषि पुरस्कार से नवाजा जा रहा है। मोहित टीवी शो केबीसी में लाखों के पुरस्कार के अलावा गवर्नर एक्सीलेंस व ओहो रेडियो से सम्मान पा चुके हैं। मोहित मूलरूप से उमागढ़ मल्ला रामगढ़ के निवासी हैं। स्कूली शिक्षा रामगढ़, अल्मोड़ा व द्वाराहाट से हुई है और 2008 में एरीज से जुड़े। उनके पिता भुवन जोशी शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं, जबकि माता धना जोशी गृहणी हैं। पत्नी सुनीता शिक्षिका हैं। उनका नौ वर्षीय पुत्र प्रथमेश व तीन वर्षीय पुत्री सम्पदा हैं। मोहित युवा हैं और इस उपलब्धि के श्रेय में दादा स्व गोविंद बल्लभ जोशी, दादी स्व पार्वती जोशी व एरीज को शामिल करते हैं। एरीज के वैज्ञानिकों ने उन्हें इस उपलब्धि को लेकर बधाई दी हैं।



## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14600-14700 अरहरस्पेशल 11300-11400 चनादाल 8500-8600 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7375-7425 मसूरदाल 7575-7625 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500-11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14400-14500 अलसी 12700-12800 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1958 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1960-1942 मयूर 1960-1942 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700-3800 मंगलौरलडडू 4500-4600 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4230 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 99900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 79800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59800-60000 |

# जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में मिल सकती है छूट

## मंत्री समूह ने की बैठक, दर पर अंतिम निर्णय लेगा जीएसटी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

सावधि जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। जीवन व स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने को मंत्री समूह की शनिवार को बैठक हुई। वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य लोगों के लिए पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का निर्णय लिया गया। इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद का होगा।

पांच लाख से अधिक के स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगेगा। इस समय सावधि पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के प्रीमियम पर 18% जीएसटी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मंत्रिसमूह लोगों को राहत देना चाहता है। हम परिषद को रिपोर्ट सौंपेंगे। हालांकि वरिष्ठ नागरिकों के बीमा प्रीमियम पर जीएसटी नहीं लग सकता है, भले ही राशि कितनी भी हो। जीएसटी परिषद ने गत बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित किया था। चौधरी इसके संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, प. बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं।

### पानी की बोतल, साइकिल पर जीएसटी घटाने का फैसला

जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने 20 लीटर की पानी की बोतल, साइकिल और नोटबुक पर कर की दर घटाकर 5% करने का फैसला किया। वहीं, जीओएम ने महंगी घड़ियों और जूतों पर कर बढ़ाने का सुझाव दिया। अधिकारी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री चौधरी की अध्यक्षता जीओएम के इस फैसले से 22,000 करोड़ का राजस्व लाभ होगा। जीओएम ने 20 लीटर और उससे अधिक की पानी की बोतलों पर जीएसटी को 18 से घटाकर 5%, अभ्यास नोटबुक पर 12 से घटाकर 5% और 10,000 रुपये से कम कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी 12 से घटाकर 5% करने का सुझाव है। जीओएम ने 15,000 रुपये से अधिक कीमत वाले जूतों और 25,000 रुपये से अधिक कीमत वाली कलाई घड़ियों पर जीएसटी 18 से बढ़ाकर 28% करने का भी सुझाव दिया।

# आरएसआई : निवेश में प्रभावी तकनीकी उपकरण

आरएसआई (रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स) एक प्रभावी तकनीकी विश्लेषण उपकरण है, जो निवेशकों को परिसंपत्तियों की मूल्य गति और ताकत का आकलन करने में मदद करता है। 0 से 100 के बीच के स्कोर के साथ, यह ओवरबॉट (70 से ऊपर) और ओवरसोल्ड (30 से नीचे) स्थितियों को पहचानता है। इसके जरिए निवेशक संभावित खरीद और बिक्री के संकेत प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, आरएसआई का सही उपयोग करने के लिए इसे अन्य संकेतकों और बाजार की मौजूदा परिस्थितियों के साथ मिलाना आवश्यक है। यह निवेशकों को सूचित निर्णय लेने में मदद करता है और जोखिम को कम करता है। आइए इसके बारे में जानकारी करें...




### आरएसआई क्या है?

आरएसआई एक ओस्सीलेटर है जिसे 1978 में जेराल्ड पेरी द्वारा विकसित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह मापना है कि कोई परिसंपत्ति (जैसे स्टॉक, मुद्रा, या वस्तुएं) पिछले कुछ समय में कितनी तेजी से बढ़ी या गिरी है। यह 0 से 100 के बीच मान में होता है।

### आरएसआई के लाभ

- **ओवरबॉट :** जब आरएसआई 70 से ऊपर हो, तो परिसंपत्ति अधिक खरीदी गई है और इसके गिरने की संभावना है।
- **ओवरसोल्ड :** जब 30 से नीचे हो, तो परिसंपत्ति अधिक बेची गई है और इसके बढ़ने की संभावना है।
- **ट्रेंड रिवर्सल का संकेत :** आरएसआई उच्चतम स्तर से गिरता है (डाइवर्जेंस), तो यह ट्रेंड रिवर्सल का संकेत होता है।

### आरएसआई कैसे देखें

- **स्तर पहचानें :** 70 और 30 के स्तर पर ध्यान दें। ये स्तर मार्केट में महत्वपूर्ण संकेत देते हैं।
- **ट्रेंड के साथ मिलाएं :** आरएसआई को अन्य संकेतकों के साथ देखें। सटीक निर्णय लेने में मदद मिलेगी।
- **दीर्घ व तात्कालिक :** दीर्घकालिक निवेश के लिए ट्रेंड, तात्कालिक में तात्काल संकेतों का ध्यान रखें।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **न रहें निर्भर :** आरएसआई संकेतक है, लेकिन निवेश के समय इसे अन्य संकेतकों और मौलिक विश्लेषण के साथ मिलाना चाहिए।
- **स्टॉप लॉस का उपयोग करें :** निवेश को सुरक्षित रखने के लिए स्टॉप लॉस का उपयोग करें।
- **मार्केट पर ध्यान :** समाचार, बाजार की स्थिति और अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें।

## भारत-मैक्सिको में सहयोग व्यापक व बहु-क्षेत्रीय हो सकता है : सीतारमण

मैक्सिको सिटी, एजेंसी



● व्यापार एवं निवेश में सहयोग के सम्मेलन में बोलीं वित्त मंत्री

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत-मैक्सिको में सहयोग व्यापक व बहु-क्षेत्रीय हो सकता है, जिससे दोनों देशों में अधिक गतिशील सहयोग हो जिसमें भारत विशेष रूप से फार्मा विनिर्माण व ऑटोमोटिव क्षेत्रों में विकास व निवेश के लिए अवसर प्रदान कर रहा है।

सीतारमण ने व्यापार एवं निवेश सहयोग को बढ़ावा देने पर आयोजित भारत मैक्सिको व्यापार एवं निवेश शिखर सम्मेलन में यह बात कही। इसमें मैक्सिको सिटी की आर्थिक विकास मंत्री मनोला जाबोल्ज़ा अल्दामा व भारतीय उद्योग परिसंघ के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्रन दिनेश उपस्थित थे। इसका आयोजन भारतीय व्यापार एवं वाणिज्य परिषद, उद्योग परिसंघ द्वारा मैक्सिको में भारतीय दूतावास और आर्थिक मामलों के विभाग के सहयोग से हुआ और इसमें आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य और ऑटोमोटिव आदि क्षेत्रों के 250 निवेशकों ने भाग लिया।

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**

## कंपनियों ने की 1.25 लाख अवसरों की पेशकश

● अब तक 250 शीर्ष कंपनियां इस योजना के तहत हो चुकी हैं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत कंपनियों ने अब तक 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसरों की पेशकश की है। योजना के लिए बनी वेबसाइट पर 12 अक्टूबर को शाम पांच बजे से उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू हो गया है।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अब तक 250 शीर्ष कंपनियां इस योजना के तहत पंजीकृत हो चुकी हैं और कंपनियों ने 1.25 लाख इंटर्नशिप की पेशकश की है। इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी। योजना के तहत 21-24 वर्ष की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। योजना कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट से लागू किया जा रहा है।

## वेस्ट से बनाएं वेल्थ, वैकल्पिक ईंधन कम करेंगे निर्माण लागत : गडकरी

भोपाल, एजेंसी



● सड़क एवं परिवहन मंत्री ने पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को कार्यक्षेत्र की बारीकियों को समझाया

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क एवं पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को उनके कार्यक्षेत्र से जुड़ी बारीकियों पर शनिवार को कहा कि देश में वेस्ट से वेल्थ बनाने और निर्माण सामग्री की लागत कम करने की जरूरत है, जिसके लिए वैकल्पिक ईंधन बेहतर उपाय हो सकते हैं। गडकरी ने सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर केंद्रित दो सेमिनार को संबोधित किया। समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

गडकरी ने कहा कि लागत कम करते हुए गुणवत्ता कैसे सुधारें, ये लक्ष्य है। गडकरी ने सड़क निर्माण के दौरान होने वाली त्रुटियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गूगल से नक्शे बनाते हैं। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में परफेक्शन होना चाहिए। कोई भी अधिकारी डीपीआर बनाते हुए साइट पर जाते हैं क्या। उन्होंने मुख्यमंत्री यादव से अनुरोध किया कि आईआईटी के सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों से डीपीआर चेक करवाएं।

## एनालॉग डिवाइसेज के लिए भारत प्रमुख आरएंडडी केंद्र

**नई दिल्ली।** वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी एनालॉग डिवाइसेज (एडीआई) भारत को प्रमुख शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी के प्रमुख अधिकारी ने कहा कि वह देश को न केवल इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए, बल्कि एक उभरते बाजार के रूप में भी मान्यता देते हैं। एनालॉग डिवाइसेज का बेंगलुरू स्थित आरएंडडी केंद्र वैश्विक रूप से सबसे बड़े केंद्रों में से है। एनालॉग डिवाइसेज इंडिया (एडीआई) के भारत में प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि हम भारत को एनालॉग डिवाइस के लिए प्रमुख रणनीतिक आरएंडडी स्थलों में से एक के रूप में देख रहे हैं, और बेंगलुरु वैश्विक स्तर पर हमारे सबसे बड़े आरएंडडी केंद्रों में से एक है।



# महिला टी-20 विश्व कप: न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल, मिलेगा नया चैंपियन

दुबई, एजेंसी

• न्यूजीलैंड के पास ट्रॉफी हासिल करने अच्छा मौका, आज होगा मैच

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी-20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था। इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। 35 वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। 34 साल की तेज गेंदबाज ताहुहू ने वनडे में 112 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाए हैं।

# फाइनल में अंपायरिंग करेंगी परेरा-पोलोसाक

दुबई। निमाली परेरा और क्लेयर पोलोसाक को रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले की अंपायरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दोनों पहली बार आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगी। एना हैरिस तीसरे अंपायर की भूमिका निभाएंगी जबकि जैकलीन विलियम्स चौथे अंपायर की भूमिका में होंगी। जीएस लक्ष्मी को मैच रैफरी नियुक्त किया गया है। परेरा ने टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल में अंपायरिंग की थी। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सेमीफाइनल में भी वह अंपायर रही थीं। पोलोसाक 64वें महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग करेंगी।

# भारत की जू. पुरुष टीम ने जापान को हराया

जोहोर (मलेशिया), एजेंसी



• सुल्तान जोहोर कप में जापान को 4-2 से दी शिकस्त, आमिर, गुरजोत आनंद और अंकिल ने दागे गोल

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इसके बाद जापान के पास पहली बार मैच में बढ़त हासिल करने का मौका था लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने उसके प्रयास को नाकाम कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई।

गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनल्टी कार्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया।

## खेल डायरी

### महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखिस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को कहा भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली शीर्ष चार टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता आईएचएफ विश्व महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में आठवीं दफा शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

### भारत ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ वापसी करेंगे इशान

नई दिल्ली। इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किये जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय टेस्ट के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो टेस्ट 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैके और फिर सात से 10 नवंबर तक एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) में होंगे। बीसीसीआई ने अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन में से किसी एक को टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद है। अभिमन्यु ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक बनाए हैं। वह सीनियर टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल हो सकते हैं कप्तान रोहित व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में से एक के दौरान ब्रेक लेंगे।

### सबसे अमीर मैराथन की मेजबानी करेगा श्रीनगर

श्रीनगर। श्रीनगर इस रविवार को विदेशी और घरेलू एथलीटों के लिए सबसे समृद्ध मैराथन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दो कैटगेरी में आयोजित होने वाली कश्मीर मैराथन में 59 विदेशियों समेत छह हजार से अधिक धावक आज भाग लेंगे। 42 किमी की पूर्ण मैराथन और 21 किमी की हाफ मैराथन में तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दांव पर होगी। पर्यटन निदेशक राजा याकूब ने कहा कि कार्यक्रम में दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीट भाग लेंगे। उन्होंने कहा हमारे यहां शीर्ष भारतीय धावक, विशिष्ट धावक, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता धावक हैं। उनके साथ, हमारे पास यूरोप के और अफ्रीका के कुछ बेहतरीन धावक हैं। 1992 की एशियाई स्वर्ण पदक विजेता और भारतीयों के लिए विशिष्ट समन्वयक डॉ. सुनीता गोदारा ने कहा कि कश्मीर मैराथन में प्रतिभागियों के लिए सबसे अधिक पुरस्कार राशि है। यह भारत की की सबसे अधिक पुरस्कार राशि है। भारतीयों के लिए पहली बार कश्मीर मैराथन ने श्रीनगर में सबसे अधिक पुरस्कार राशि वाली मैराथन आयोजित की है, इस फुल मैराथन और हाफ मैराथन में देश के 45 दिग्गज एथलीट भाग लेंगे।

### एड्रिस-चेप्टेगी और मैककोलगन-लिमो के बीच मुकाबला

नई दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस- वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आगामी संस्करण में रविवार को दिल्ली में विश्व स्तरीय धावक आपस में भिड़ते दिखेंगे। दोहरे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी का सामना दो बार के 5000 मीटर विश्व चैंपियन इथियोपिया के मुक्तार एड्रिस से होगा। दिलचस्प बात यह है कि एड्रिस ने हाल ही में टिलबर्ग में 10 मील की रेस में चेप्टेगी को हराया था। इसी ने युगांडा के इस खिलाड़ी पर दिल्ली में इथियोपिया के धावक से बदला लेने का दबाव बनाया। युगांडा पुलिस बल में कार्यरत चेप्टेगी ने बताया कि कैसे भारत में उनकी पहली रेस ने उनके करियर के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया। इसने मुझे एक वास्तविक अवसर दिया। और दस साल बाद भी, मेरी मैनेजमेंट टीम ने कहा, यदि आप सड़कों पर अपने करियर के 10 और साल बिताना चाहते हैं, तो आपको भारत वापस जाना होगा। इसलिए मैं लोगों को कुछ वापस देने के लिए भारत वापस आया हूं। ओलंपिक स्टार, विश्व चैंपियन और ट्रैक लीजेंड- चेप्टेगी ने कहा अभी, मैं अभी भी लंबी दूरी की रेस के बारे में सोच रहा हूं।

# बारिश के बाद बरसे न्यूजीलैंड के गेंदबाज

## तेज गेंदबाजों ने कराई न्यूजीलैंड की वापसी, शतक से चूके पंत, सरफराज ने खेली 150 रनों की शानदार पारी



मैट हेनरी

3 विकेट

103 रन

24 ओवर

बेंगलुरु, एजेंसी

सरफराज अहमद (150) और ऋषभ पंत (99) की चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी के दौरान भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को मैच पर शिकंजा कसना शुरू किया था लेकिन तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से 54 रन के अंदर सात विकेट झटककर न्यूजीलैंड की शानदार वापसी कराई। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी जिससे न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य मिला।

सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाये जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। खराब रोशनी के कारण मैच रोकने के अंपायरों के फैसले से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खफा भी दिखे।

बारिश से प्रभावित दिन के खेल के दौरान भारतीय पारी के 80वें ओवर के बाद कप्तान लाथम ने नई गेंद लेने का फैसला किया और उनके तेज गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित किया। अनुभवी टिम साउथी (53 रन पर एक विकेट) ने सरफराज को आउट कर पंत के साथ उनकी शानदार साझेदारी को तोड़ा। गेंदबाज विलियम ओ'राउर्के (तीन विकेट) ने सात गेंद के अंदर पंत और राहुल (12) को आउट कर भारत पर फिर से दबाव बना दिया। टेस्ट में यह सातवीं बार है जब पंत 90 के बाद आउट होकर शतक पूरा करने से चूक गए। ओ'राउर्के ने दिन के आखिरी सत्र में जडेजा (पांच) को चलता किया जबकि मैट हेनरी ने पुछल्ले बल्लेबाजों का शिकार कर भारतीय पारी को खत्म किया।

इससे पहले सरफराज ने दिन की शुरुआत 70 रन की। दिन के पहले घंटे में जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को पिच से मदद मिल रही थी तब उन्होंने लेट कट के शानदार इस्तेमाल से उनकी धार को कुंद किया। बारिश के बाद लाथम ने नयी गेंद लेकर तेज गेंदबाजों को सौंपी जिन्होंने 15.2 ओवर अंदर भारत के आखिरी सात विकेट चटका लिए।



रवींद्र जडेजा का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते ओ'राउर्के। ● एजेंसी

**107** रनों की दरकार है कीवी टीम को जीत के लिए

### मुबंईकर सरफराज क्रिकेट की दुनिया का नया जलजला



बेंगलुरु। सरफराज खान क्रिकेट की दुनिया का वो नाम जिसने लंबे समय तक भारतीय टीम में उपलब्धि के साथ जगह बनाने का इंतजार किया, आज उसका सपना बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पूरा हुआ। जिस समय भारतीय टीम में मुश्किलों के भंवरजाल में फंस चुकी थी, ऐसे दवाब के लम्हों में सरफराज खान ने शतक के लिये नॉन-स्ट्राइकर छोर की ओर कदम बढ़ाए और भारतीय ड्रेसिंग रुम के साथ समूचा देश जश्न के समंदर में गोते लगाने लगा। सरफराज ने अपना बल्ला घुमाया और हेलमेट हटाया, इसके साथ मैदान में उनके पहले टेस्ट शतक के बाद भावनात्मक अनुभूति में खुशी की लहर दौड़ गई। बेंगलुरु के प्रशंसक खड़े हो गए, उनके साथियों ने खुशी मनाई और आसमान उनकी जीत का गवाह बना।

### बारिश बनी खेल में बाधा

बेंगलुरु। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यहां खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को बारिश के कारण लगभग दो घंटे की रुकावट के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। इस रुकावट में 40 मिनट का लंच का विश्राम भी शामिल था। बारिश के कारण दिन के पहले सत्र में जब खेल रोका गया था जब भारत तीन विकेट पर 344 रन बनाकर 12 रन पीछे था।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी: 402**

**भारत दूसरी पारी: 462/10** (99.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6/0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8/1 |
| विराट कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8/1 |
| सरफराज खान का पटेल बो साउथी | 150 | 195 | 18 3 |
| ऋषभ पंत बो ओ'राउर्के | 99 | 105 | 9/5 |
| लोकेश राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउर्के | 12 | 16 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का यंग बो ओ'राउर्के | 5 | 15 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी | 15 | 24 | 1/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 6 | 20 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी | 0 | 4 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज का साउथी बो हेनरी | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त: 4, गेंदबाजी: साउथी 15-2-53-1, हेनरी 24.3-3-102-3, ओ'राउर्के 21-4-92-3, पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी: 00/0** (0.4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम नाबाद | 0 | 4 | 0/0 |
| डेवोन कोनवे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त: 0, गेंदबाजी: बुमराह 0.4-0-0-0

# आज के जिमनास्टों में जुनून कम: दीपा

नई दिल्ली, एजेंसी



• दिग्गज जिमनास्ट बोलीं- तत्काल सफलता की तलाश में आज है की पीढ़ी

भारत की दिग्गज जिमनास्ट दीपा करमाकर ने मौजूदा पीढ़ी के ज्यादातर खिलाड़ियों में जुनून की कमी पर निराशा जातते हुए उनसे वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्साह के साथ जिमनास्टिक को अपनाने की सलाह दी। दीपा ने इस महीने की सात को संन्यास की घोषणा की थी।

रियो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर मामूली अंतर से पदक चूकने वाली दीपा नियमित रूप से अत्यधिक कठिन प्रोडुनोवा वॉल्ट करके लोगों को प्रभावित करती थीं। दीपा ने जब पूछा गया कि भारतीय महिला जिमनास्टों में दीपा और प्रणति नायक के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई और पदक क्यों नहीं जीत पा रहा है तो उन्होंने कहा दीपा में जुनून था, प्रणति के साथ भी ऐसा ही है। उन्होंने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन द्वारा आयोजित बियॉन्ड द फिनिश लाइन नामक कार्यक्रम में शुक्रवार रात एक पैनल चर्चा के दौरान कहा मैं मौजूदा पीढ़ी (जिम्नास्ट) में यह जुनून ज्यादा नहीं देख रही हूं। मुझे लगता है कि वे अल्पकालिक, तत्काल सफलता की तलाश में हैं। दीपा जिम्नास्टिक के इतिहास की केवल पांच महिलाओं में से एक हैं जिन्होंने प्रोडुनोवा को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है जिसमें जमीन पर उतरने से पहले दो बार समरसॉल्ट करना होता है और इसे वॉल्ट ऑफ डेथ भी कहा जाता है क्योंकि इसमें चोट लगने का जोखिम बहुत अधिक होता है। पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय महासंघ की समस्याओं से भी जिम्नास्टिक को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### मैनचेस्टर के प्रशिक्षण सत्र के लिए भारत से पांच खिलाड़ी चयनित

नई दिल्ली। जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल यूनाइटेड वी प्ले के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गये पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका समापन चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज गैरी नेविल की उपस्थिति में एक भव्य समापन समारोह में हुआ। इसके बाद लालचुआनवमा (मिजोरम), किस्कू (भुवनेश्वर), अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया।

# ला लीगा: वालाडोलिड ने अलावेस को 3-2 से हराया

मैड्रिड, एजेंसी

रियल वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल की मदद को ला लीगा फुटबॉल मैच में अलावेस के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग में मौजूदा सत्र में यह टीम की दूसरी जीत है। वालाडोलिड 10 मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में 18वें स्थान पर पहुंच गया।

अलावेस 10 मैचों में 10 अंकों के साथ उससे चार स्थान ऊपर है। टोनी मार्टिनेज ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर अपने घरेलू मैदान पर अलावेस को बढ़त दिला दी। मामादोउ सयेला ने इसके 11 मिनट के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल कर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। सेलिम अमल्लाह ने 72 मिनट में पेनल्टी पर गोल किया जिसके बाद अनुर मोहम्मद तुहामी ने सयेला की मदद से गोल कर टीम का दबदबा बना दिया। किके गार्सा ने आखिरी क्षणों में गोल कर अलावेस की वापसी कराने की कोशिश की।

## बॉलीवुड हलचल



# सनी देओल की फिल्म जाट का पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म जाट से उनका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। सनी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर अस्थाई शीर्षक एसडीजीएम के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सन्नी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज हो गया है। एसडीजीएम नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक जाट है। पोस्टर में सनी हाथ में एक बड़ा सेलिंग फैन लिए दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर एसडीजीएम के निर्माताओं ने सन्नी देओल के लिए जन्मदिन पोस्ट साझा किया। मैत्री मूवी मेकर्स ने सन्नी देओल पोस्टर के साथ कैप्शन मे लिखा मास एक्शन के लिए नेशनल परमिट मैन पेश है, सनी देओल जाट, हैप्पी बर्थडे एक्शन सुपरस्टार, मास फीस्ट लॉडिंग। मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म जाट में सन्नी देओल के अलावा रणदीप हुडा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा की भी अहम भूमिका है।

### अमिताभ के साथ रोमांस करना चाहती है विद्या बालन



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्मों में अमिताभ बच्चन के साथ रोमांस करना चाहती हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में, बॉलीवुड के सुपरस्टार विद्या बालन और कार्तिक आर्यन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के सिलसिले के लिये पहुंचे थे। शो के दौरान विद्या बालन ने होस्ट अमिताभ बच्चन से एक किस्सा शेयर किया। विद्या बालन ने कहा, फिल्म पा शूट करते वक्त एक सीन था, जहां बच्चन सर, मैं और अभिषेक बारिश में मंकी डांस कर रहे होते हैं। उन्होंने अमिताभ से कहा, मैंने सोचा, मैं आपके साथ आज रपट जाएं तो हमें न उठाइयो पर डांस करना चाहती हूं, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही हूं और आपके साथ मंकी डांस कर रही हूं। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। मुझे 60 और 70 की दशक की एक्ट्रेस से प्यार है। उनमें अलग सुंदरता और ग्रेस होता था। उनकी शख्सियत उनके किरदारों में से उभरकर बाहर आती थी। सबसे ज्यादा जरूरी बात ये है कि वो सब आपके साथ काम कर चुकी हैं। विद्या ने बताया कि वह अमिताभ की एक्ट्रेस बनना पसंद करेंगी। शो के दौरान विद्या ने अमिताभ के साथ डांस किया।

### एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित हुई शबाना आजमी



मुंबई। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एक्सीलेंस इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित किया है। मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में शबाना आजमी को एक्सीलेंस इन सिनेमा सम्मानित किया गया, जो इंडस्ट्री में उनके 50 साल पूरे होने पर उन्हें ट्रिब्यूट है। शबाना आजमी को यह पुरस्कार दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान ने दिया। शबाना आजमी की शानदार यात्रा, जो फिल्मकार श्याम बेनेगल की वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म अंकुर से शुरू हुई। शबाना आजमी ने पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों सहित अनगिनत पुरस्कार जीते हैं। फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान को लेकर शबाना आजमी वर्ष 2006 में पद्मश्री और वर्ष 2012 में पद्मभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित की गईं है। शबाना आजमी ने अपने पांच दशक लंबे सिने कैरियर में अब तक करीब 150 फिल्मों में अभिनय किया है। शबाना आजमी ने इंस्टग्राम पर लिखा मुझे सिनेमा में

# हरियाणा के धीरू ने लगाया शतक बेअसर नजर आई यूपी की गेंदबाजी

**रणजी ट्राफी- दूसरा दिन**

• हरियाणा ने पहली पारी में नौ विकेट खोकर बनाये 431 रन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: धीरू सिंह (103) और सुमित कुमार (61) के धमाकेदार बल्लेबाजी की बदौलत मेहमान हरियाणा ने यूपी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी के मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में नौ विकेट पर 431 रन बना लिए हैं। आज का खेल खत्म होने तक हरियाणा के युजवेंद्र चहल 38 रन और अमन कुमार 8 रन बना कर विकेट पर मौजूद हैं। यूपी के गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वे कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाये।

लखनऊ के सेठ आनंदराम जयपुरिया प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में हरियाणा ने कल 6 विकेट पर 242 रन बनाये थे। हरियाणा ने आज इसके आगे खेलते हुए 189 रन जोड़े। धीरू सिंह ने उम्दा बल्लेबाजी करते हुए सुमित कुमार के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने यूपी के गेंदबाजों को करारा जवाब दिया। श्रेय निगम ने सुमित को यश दयाल के हाथों कैच कराकर इस जोड़ी को तोड़ा। सुमित कुमार ने 191 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। दूसरे छोर धीरू सिंह ने मोर्चा संभाले रखा और शानदार शतक जडक़र हरियाणा को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। धीरू सिंह 256 गेंदों 103 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेली। उत्तर प्रदेश की तरफ विराज निगम और शिवम शर्मा ने क्रमशः तीन-तीन विकेट चटकाए, जबकि यश दयाल ने दो विकेट चटकाये। रविवार का दिन दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होने वाला है। हरियाणा का अंतिम विकेट लेक यूपी को बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी।

### दिल्ली के कमजोर, तमिलनाडु का विशाल स्कोर

नई दिल्ली। वाशिंगटन सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को यहां शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### श्रीलंका ने 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। यहां भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। शुक्रवार को यहां भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा 17 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है।

### यूक्रेन की योजना का समर्थन करने का संकल्प लिया

**कीव।** फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने रूस के साथ ढाई साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की यूक्रेन की योजना का समर्थन करने का शनिवार को संकल्प लिया। बैरोट ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह प्रस्ताव के लिए अन्य देशों का समर्थन प्राप्त करने के वास्ते यूक्रेनी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेंगे। जेलेंस्की ने कीव की तथाकथित विजय योजना का खुलासा इस सप्ताह की शुरुआत में किया था, जिसके तहत रूस को यूक्रेन पर अपने आक्रमण को खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से मजबूर किया जाना है। इस प्रस्ताव पर यूक्रेन के पश्चिमी साझेदार विचार कर रहे हैं, जिनका सहयोग कीव द्वारा रूस का विरोध किये जाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### धोखाधड़ी के मामले में नेपाल के पूर्व उपप्रधान मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रबी लामिछाने को सहकारी धोखाधड़ी और एक संगठित अपराध में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल पुलिस के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक टीम लामिछाने को काठमांडू में उनकी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से ले गई। कुछ घंटे पहले कास्की जिला न्यायालय ने सहकारी निधि का गबन करने और एक संगठित अपराध में शामिल होने के आरोप में उनके और 13 अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ब्यूरो के प्रवक्ता होबिन्द्रा बोगती ने मीडिया को बताया हमने लामिछाने को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कास्की ले जाया जाएगा।

### जापान में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके

**बीजिंग।** जापान के नोडा से 48 किलोमीटर ईएनई में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने आज बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार कल शाम करीब 04 :38 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .1 आंकी गयी। भूकंप का केन्द्र 40 .30 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142 .33 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 63 .4 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

# भारत ने श्रीलंका में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दोगुना किया अनुदान

- तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना है मकसद

कोलंबो, एजेंसी

भारत ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिल समुदाय के बागान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के मकसद से अपने अनुदान को दोगुना करके 17 करोड़ 22 लाख 50 रुपये कर दिया है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव जे एम थिलाका जयसुंदरा ने इस अनुदान को औपचारिक रूप देने के लिए राजनयिक पत्रों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया।

झा ने कहा, इस परियोजना के तहत श्रीलंका सरकार द्वारा चिह्नित नौ बागान स्कूल के बुनियादी ढांचे के उन्नयन की परिकल्पना की गई है। इनमें मध्य प्रांत के बागान क्षेत्रों में छह स्कूल और उवा, सबरागामुवा और दक्षिणी प्रांत में एक-एक स्कूल शामिल है।

### श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर दी गई अतिरिक्त धनराशि

यह अतिरिक्त धनराशि श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर दी गई और इसी के साथ इस परियोजना के लिए भारत की कुल प्रतिबद्धता अब 60 करोड़ श्रीलंकाई रुपये (17 करोड़ 22 लाख 50 भारतीय रुपये) हो गई है। यह परियोजना श्रीलंका में भारत की कई पूर्व एवं वर्तमान विकास साझेदारी पहलों का हिस्सा है।

# महिलाओं पर अपमानजनक भाषा का कोर्ट में कोई स्थान नहीं

## उत्तरी गोवा जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन के मौके पर प्रधान न्यायाधीन ने जनसमूह को किया संबोधित

पणजी, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि सभी प्रकार की अपमानजनक भाषा का, विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ, अदालतों में कोई स्थान नहीं है। असंवेदनशील शब्द रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकते हैं और महिलाओं तथा हाशिए पर पड़े समुदायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने प्रशासनिक प्रतिष्ठान के कुछ सदस्यों द्वारा महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल के बारे में महिला न्यायिक अधिकारियों की शिकायतों का उल्लेख किया। पणजी के निकट उत्तरी गोवा जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें न्याय तक वास्तविक लोकतांत्रिक पहुंच बनाने के लिए सभी बाधाओं को दूर करने के वास्ते सक्रिय रूप से काम करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा जैसा कि हम अपने न्यायालयों में समावेशिता के लिए प्रयास करते हैं, हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं, वह हमारे लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए। हमें शब्दों के चयन में सतर्क रहना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारी भाषा न केवल सटीक हो बल्कि सम्मानजनक और समावेशी भी हो।


जिला न्यायालय परिसर के उद्घाटन करते प्रधान न्यायाधीश।

### कानूनी विमर्श को उन्नत बनाने के मूल नियमों को याद रखना चाहिए : चंद्रचूड़

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सदस्यों, विशेषकर जिला स्तर के न्यायिक अधिकारियों को कानूनी विमर्श को उन्नत बनाने के मूल नियमों को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानूनी पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय और आदेश सभी क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हों। प्रधान न्यायाधीश ने कहा मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का कोंकणी भाषा में भी अनुवाद किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। मुझे विश्वास है कि बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश यह सुनिश्चित करेंगे कि बम्बई उच्च न्यायालय के फैसलों का भी ऐसी भाषा में अनुवाद किया जाए जिसे राज्य के लोग समझ सकें।

# डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की तैयारी

## प्रधानमंत्री पुतिन ने अमेरिकी डॉलर के समानांतर स्विफ्ट प्रणाली बनाने पर दिया जोर

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स समूह को पश्चिमी प्रतिबंधों से मुक्त स्विफ्ट जैसी सीमा-पार भुगतान प्रणाली की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। उन्होंने साथ ही अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खत्म करने के लिए निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के इस्तेमाल पर जोर दिया। रूस की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स नेताओं के 16वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन ने यह भी कहा कि एक साझा ब्रिक्स मुद्रा के लिए अभी समय नहीं आया है।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 10 देशों का समूह डिजिटल मुद्रा के उपयोग की संभावना तलाश रहा है जिसके लिए उनका देश भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। फरवरी 2022 में यूक्रेन के साथ शुरू हुए संघर्ष के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस पर व्यापक रूप से प्रतिबंध लगाए हैं। रूस ब्रिक्स केंद्रीय बैंकों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े वाणिज्यिक बैंकों के नेटवर्क पर आधारित एक नई भुगतान प्रणाली बनाकर वैश्विक वित्तीय प्रणाली को दरकिनार करना चाहता है। ब्रिक्स सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं के ताने-बाने और स्वरूप में अंतर के कारण नयी आरक्षित मुद्रा बनाने में सतर्क रुख अपनाने की वकालत करते हुए पुतिन ने कहा कि इन देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग, नए वित्तीय साधनों और स्विफ्ट के अनुरूप एक व्यवस्था के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 से 23 अक्टूबर तक रूस के तातारस्तान के कजान में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शामिल होने के बाद यह समूह का पहला शिखर सम्मेलन होगा। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के मूल सदस्य देश हैं। पुतिन ने मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर नोवो-ओगारियोवो में अपने आधिकारिक आवास पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ संपादकों से कहा इस समय यह (ब्रिक्स मुद्रा) एक दीर्घकालिक संभावना है। इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। ब्रिक्स सतर्क रहेगा और उत्तरोत्तर काम करेगा, आहिस्ता-आहिस्ता आगे बढ़ेगा। अभी समय नहीं आया है। रूस के राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ब्रिक्स के आरक्षित मुद्रा बनाने की योजना के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब की। माना जाता है कि पश्चिम के भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक गठजोड़ के जवाब में ब्रिक्स समूह की परिकल्पना की गई। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स अब राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ाने तथा ऐसे उपकरणों के निर्माण की संभावना का अध्ययन कर रहा है जो इस तरह के काम को सुरक्षित बना सकें।



### पुतिन ने कहा- भारत-चीन से परामर्श कर रहे

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ब्रिक्स देश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की संभावना पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम राष्ट्रीय मुद्राओं और निपटान प्रणालियों के उपयोग का विस्तार करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं, और ऐसे उपकरण तैनात करना चाहते हैं, जो इसे पर्याप्त रूप से सुरक्षित बना सकें। पुतिन ने कहा कि समूह को एक टूलकिट तैयार करनी होगी जोकि संबंधित ब्रिक्स संस्थानों की निगरानी में रहेगी। उन्होंने कहा यह हमारी प्रत्यक्ष सक्रिय भागीदारी के साथ वैश्विक दक्षिण के विकास में एक और बहुत अच्छा कदम हो सकता है। हम (कज़ान) शिखर सम्मेलन के दौरान इस संबंध में बात करेंगे। हम पहले से ही चीनी, भारतीय मित्रों व ब्राजील के लोगों के साथ परामर्श कर रहे हैं। इसके अलावा, हम दक्षिण अफ्रीका के साथ भी एक दौर का विचार-विमर्श कर चुके हैं।

### संभावित मुद्रा के बारे में जल्दबाजी के बजाय धीरे-धीरे काम करने की जरूरत

ब्रिक्स की संभावित मुद्रा के बारे में पुतिन ने कहा कि सदस्य देशों को बिना जल्दबाजी के धीरे-धीरे काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन देशों की आबादी और संरचना को देखते हुए, यह एक दीर्घकालिक संभावना है और अगर इन मसलों पर विचार नहीं किया गया तो यूरोपीय संघ (ईयू) में एक मुद्रा लागू करते समय हुई समस्याओं से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। रूसी राष्ट्रपति ने केंद्रीय बैंकों के बीच संबंध स्थापित करने और वित्तीय सूचनाओं के आदान-प्रदान की जरूरत पर भी जोर दिया।

### ब्रिक्स समूह डिजिटल मुद्राओं के साथ-साथ, ब्रिक्स पे प्लेटफॉर्म शुरू करें

पुतिन ने कहा स्विफ्ट मुख्य संदेश नेटवर्क प्रदान करता है जिसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय भुगतान शुरू किए जाते हैं। रूस अन्य ब्रिक्स सदस्यों के साथ मिलकर पहले से ही स्विफ्ट जैसी वित्तीय संदेश प्रणाली और उच्च विकास वाली निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं के उपयोग पर काम कर रहा है। ब्रिक्स समूह डिजिटल मुद्राओं के साथ-साथ, ब्रिक्स पे प्लेटफॉर्म शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जो एक ब्लॉकचेन-आधारित भुगतान प्रणाली है।

# राष्ट्रपति नेतन्याहू के आवास पर हिजबुल्ला का ड्रोन अटैक

- हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्ला ने तेज किए हमले

तेल अवीव, एजेंसी

हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्ला ने शनिवार सुबह ड्रोन से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हमला किया। हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि यह हमला लेबनान की ओर से मध्य इजराइली शहर कैसरिया में प्रधानमंत्री के निजी आवास को लक्ष्य करके किया गया। ड्रोन हमले के समय नेतन्याहू वहां नहीं थे और इससे कोई हताहत नहीं हुआ है।

इजरायल की मीडिया ने बताया है कि हाइफा के सीजेरिया इलाके में आज सुबह विस्फोट की आवाज सुनी गयी, जहां नेतन्याहू का निजी आवास है। एक इजराइल अधिकारी ने कहा ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री की हत्या करने की कोशिश की। इससे पहले इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा था कि लेबनान से इजराइल क्षेत्र में प्रवेश करने वाले तीन मानव रहित ड्रोनों की पहचान की गयी थी, जिनमें से दो को ध्वस्त कर दिया गया था और एक ड्रोन कैसरिया में एक इमारत से टकराया। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक कैसरिया में ड्रोन हमले के समय ही तेल अवीव में भी सायरन की आवाज सुनायी दी। इजरायल के राष्ट्रीय आपातकालीन पूर्व-अस्पताल चिकित्सा एवं रक्त सेवा संगठन मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के अनुसार हिजबुल्ला की ओर से दागे गया रॉकेट एक व्यक्ति के वाहन पर गिरा, जिससे उसकी मौत हो गयी। हिजबुल्ला की ओर से सुबह से ही रॉकेट दागे जा रहे हैं। आईडीएफ के अनुसार आज अपराह्न ढाई बजे तक लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन द्वारा कम से कम 180 प्रोजेक्टाइल दागे गये थे।



### गाजा पर हवाई हमले में 33 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर शुक्रवार शाम को इजराइली हवाई हमले में कम से कम 33 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने यह जानकारी दी। मृतकों में 21 महिलाएं शामिल हैं और कई पीड़ितों के मलबे और इमारतों के नीचे फंसे होने के कारण कुल मौतों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है। मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बमबारी में 85 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ को गंभीर चोटें आईं। इसमें कहा गया है कि इजराइली सेना ने जबालिया शिविर में कई घरों पर बमबारी की।

# जापान : सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर हमला

- एक संदिग्ध गिरफ्तार, एक के बाद एक विस्फोट हुए

तोक्यो, एजेंसी

जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके और प्रधानमंत्री आवास की दीवार में अपनी कार से टक्कर मार दी। तोक्यो पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

संदिग्ध हमलावर की पहचान 49 वर्षीय अत्सुनोबु उसुदा के रूप में की गई है और उसे सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हालांकि स्पष्ट किया कि बाद में उस पर अतिरिक्त आरोप भी जोड़े जा सकते हैं। हमले का मकसद तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन जापानी मीडिया की खबरों के मुताबिक सोशल मीडिया पर उसुदा की एक कथित पोस्ट है जिसमें वह जापानी कानून के तहत चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक धनराशि के बारे में शिकायत कर रहे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उसुदा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं। मीडिया ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से बताया कि उसुदा ने परमाणु संयंत्रों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था।



### उ. कोरिया ने दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिलने का किया दावा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को दावा किया कि उसे अपनी राजधानी प्योंगयांग में एक तलाश अभियान के दौरान एक दक्षिण कोरियाई ड्रोन के अवशेष मिले हैं जिससे यह साबित होता है कि इस महीने की शुरुआत में शहर के हवाई क्षेत्र में ड्रोन की कथित घुसपैठ के पीछे दक्षिण कोरिया की सेना का हाथ था। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक क्षतिग्रस्त विमान दिख रहा है, जिसके चौड़े, वी-आकार के पंख हैं।

# वीजा मांगों को लेकर भारत के साथ एफटीए को रोकने का किया दावा

- ब्रिटेन की पूर्व व्यापार और वाणिज्य मंत्री ने किया खुलासा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की पूर्व व्यापार और वाणिज्य मंत्री केमी बेडेनोच ने दावा किया है कि उन्होंने अधिक वीजा की मांग के चलते भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अवरुद्ध कर दिया था। बेडेनोच कंजर्वेटिव पार्टी प्रमुख और नेता विपक्ष के रूप में ऋषि सुनक की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

नाइजीरियाई मूल की बेडेनोच ने कहा कि सुनक के नेतृत्व वाली टोरी सरकार द्वारा एफटीए पर हस्ताक्षर न किए जाने का एक कारण यह था कि भारतीय पक्ष प्रवासन के मुद्दे पर अधिक रियायतों की अपेक्षा कर रहा था। अखबार द टेलीग्राफ के अनुसार, बेडेनोच ने कहा व्यापार मंत्री के रूप में, जब मैं प्रवासन को सीमित करने के लिए कुछ करने की कोशिश कर रही थी, तब हमारे पास भारत के साथ एफटीए का मुद्दा था जिसके तहत वे प्रवासन के मामले में अधिक रियायतें मांग रहे थे, लेकिन मैंने मना कर दिया। यह उन कारणों में से एक है जिसके कारण हमने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए। हालांकि, उनके कुछ पूर्व टोरी मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने द टाइम्स में बेडेनोच के दावे के विपरीत कहा कि ऐसा संभव नहीं है क्योंकि वह किसी भी कीमत पर समझौते के लिए जोर दे रही थीं जिससे द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी में प्रति वर्ष 38 अरब जीबीपी की उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद थी। खबर में एक पूर्व कैबिनेट मंत्री के हवाले से कहा गया केमी किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहती थीं और उन्हें नहीं लगता था कि जो आपत्तियाँ सामने रखी जा रही थीं, वे गंभीर थीं।


# पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी विकास पिछले साल ही अपहरण के मामले में गिरफ्तार

- जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने का था आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने में कथित भूमिका के लिए आरोपित विकास यादव को दिल्ली पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में अपहरण और जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारत सरकार के पूर्व अधिकारी यादव (39) को रोहिणी में रहने वाले एक व्यापारी को अगवा करने और जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने के आरोप में 18 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि यादव को इस साल अप्रैल में जमानत पर रिहा किया गया था। विशेष प्रकोष्ठ की ओर से दायर प्राथमिकी के मुताबिक, यादव ने उक्त व्यापारी



से कहा कि वह 11 दिसंबर, 2023 को दक्षिण दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के कार्यालय के पास उससे मिले और धमकी दी कि ऐसा न करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि पीड़ित व्यापारी यादव के कहे अनुसार अपने एक दोस्त के साथ उससे मिलने पहुंचा। इस दौरान, यादव के साथ अब्दुल्ला नाम का एक व्यक्ति मौजूद था।

इसमें आरोप लगाया गया है कि यादव और अब्दुल्ला ने व्यापारी को एक कार के अंदर खींचा तथा लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उससे फिरौती की मांग की। प्राथमिकी के अनुसार, दोनों आरोपियों ने व्यापारी को एक कोरे चेक पर दस्तखत करने के लिए मजबूर किया और फिर उसे उसकी कार के पास छोड़ दिया।

इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने व्यापारी को धमकी दी कि अगर उसने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्राथमिकी के मुताबिक, घर लौटने के बाद पीड़ित को पता चला कि यादव और अब्दुल्ला ने उसके कैफे में रखे 50,000 रुपये भी ले लिए और सभी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग मिटा दी।

**दीक्षांत समारोह**

रक्षामंत्री ने कहा- अधिकारियों को प्रौद्योगिकियों को समझकर उनके इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए

# दुश्मन के तकनीकी उपकरण व प्रौद्योगिकियों का जबाव देने को रहें तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए समीक्षात्मक चिंतन करने का शनिवार को आह्वान किया और कहा कि दुश्मन के तकनीकी उपकरणों तथा प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, ड्रोन और स्वचालित वाहन से लेकर कृत्रिम मेधा (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग तक, आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेज गति से विकसित हो रही हैं। हमारे अधिकारियों को इन प्रौद्योगिकियों को समझना चाहिए और उनका इस्तेमाल करने में सक्षम बनना चाहिए। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों ने रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया, जो भविष्य की लड़ाइयों का पूर्वानुमान लगाने, वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में होने वाले बदलावों को समझने और बुद्धिमत्ता एवं सहानुभूति दोनों के साथ नेतृत्व करने की क्षमता रखते हों। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे भूराजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सुरक्षा गठबंधनों की जटिलताओं जैसे विषयों पर अच्छी पकड़ रखें, क्योंकि उनके द्वारा लिए गए फैसलों के युद्ध के मैदान से इतर कूटनीति, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भी दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राजनाथ ने अधिकारियों से समीक्षात्मक चिंतन करने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और तकनीक क्षेत्र में होने वाले नवीनतम आविष्कारों का लाभ उठाने का आह्वान किया, ताकि वर्तनमान के लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ हासिल किया जा सके। उन्होंने दुश्मन द्वारा उन तकनीकी उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की संभावनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत को रेखांकित किया, जिनका लोग रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करते हैं। राजनाथ ने कहा, यह ख्याल भर कि हमारे विरोधी हमारे उपकरणों का दुरुपयोग कर रहे हैं, हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमें इन खतरों से निपटने के लिए कितनी तत्परता से तैयारी करनी चाहिए।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के 62वें दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान करते हुए।

### रणनीतिक नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाए

राजनाथ ने कहा कि एनडीसी जैसे संस्थानों को अपना पाठ्यक्रम इस तरह से तैयार करना चाहिए कि न केवल उसमें ऐसे अपरंपरागत युद्ध पर 'केस स्टडी' शामिल की जाए, बल्कि रणनीतिक नवाचार को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार बदलती चुनौतियों के बीच पूर्वानुमान लगाने, अनुकूलन करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता उनका सामना करने की हमारी तत्परता को परिभाषित करेगी।